सूर्योदय 5:34 सूर्यास्त 7:03

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 19.5 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,017 |
| निफ्टी | 24,032 |
| सोना 1,47,000 | चांदी 2,39,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 6 मई 2026 | 23 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 127, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली हाईकोर्ट ने सांसद इंजी. राशिद को दी बेल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** आतंकी फंडिंग मामले में आरोपित सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत की शर्तों में संशोधन की मांग को दिल्ली हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने उन्हें पुलिस हिरासत में एम्स, दिल्ली जाने की अनुमति दी है। रशीद ने अर्जी में कहा था कि पहले के आदेश के तहत उन्हें श्रीनगर में रहना था, लेकिन उनके पिता की तबीयत खराब होने पर उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है, इसलिए दिल्ली में रहने की अनुमति दी जाए। (अनंत ज्ञान)

### बांदीपोरा में नशा तस्करों की अवैध संपत्तियों पर चला बुल्डोजर



**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में नशा तस्करों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध संपत्तियों पर बुल्डोजर चलाया। 'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर' अभियान के तहत पुलिस और सिविल प्रशासन ने हाजिन और सुंबल क्षेत्रों में कुख्यात तस्करों की संपत्तियों को ध्वस्त किया। हकबारा में लाल दीन शेख के दो मकान और जमीन पर बने अवैध निर्माण तोड़े गए, जबकि सुंबल में आबिद रशीद रेशी की संपत्तियां भी गिराई गईं। इससे पहले 55 लाख की संपत्ति कुर्क की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### बिहार: सम्राट सरकार का शपथ ग्रहण 7 मई को

**एजेंसी, पटना।** बिहार में 50-50 फॉर्मूले के तहत सत्ता के बंटवारे की तैयारी तेज हो गई है। पटना के गांधी मैदान में 7 मई को मंत्रिमंडल विस्तार के तहत नए मंत्री शपथ लेंगे। एनडीए सरकार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले कैबिनेट का विस्तार तय माना जा रहा है। राज्यपाल सय्यद अता हसनैन नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। हालांकि, संभावित मंत्रियों की सूची को लेकर राजनीतिक हलकों में अटकलों का बाजार गर्म है। (अनंत ज्ञान)

### रूस ने 8-9 मई को सीजफायर किया घोषित

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस ने विट्री डे (विजय दिवस) के अवसर पर 8 और 9 मई के लिए दो दिन का अस्थायी सीजफायर घोषित किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश के तहत यह युद्धविराम लागू होगा और यूक्रेन से इसके पालन की उम्मीद की गई है। साथ ही रूस ने चेतावनी दी है कि उल्लंघन की स्थिति में कीव पर सख्त जवाबी हमले किए जाएंगे। रूस हर साल 8-9 मई को द्वितीय विश्व युद्ध में जीत का विजय दिवस मनाता है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

आईजीएमसी में बनेगा मातृ एवं शिशु अस्पताल -पेज 2
एनजीटी नियमों पर ही लगेंगी दुकानें अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई तय -पेज 7
आईआईटी मंडी में सिखाई जाएगी एआई की बुनियादी समझ -पेज 9

# हिमाचल में ओलावृष्टि का कहर किसानों-बागवानी की उम्मीदें टूटीं

## तापमान में आई भारी गिरावट, ठंड ने फिर पकड़ी रफ्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पहाड़ों की वादियों में मौसम का मिजाज किसी बेकाबू लहर की तरह उफान पर है। आसमान से बरसती ओलों की मार और लगातार हो रही बारिश ने ऐसा कोहराम मचाया है कि किसानों और बागवानों की उम्मीदें बिखरकर जमीन पर गिर गई हैं। जिन पेड़ों पर कुछ दिन पहले तक फलने-फूलने के सपने झूल रहे थे, आज वहीं शाखाएं टूटी पड़ी हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में पिछले चार दिनों से लगातार बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिमला, कुफरी, फागू, महासू पीक, रोहड़ू, किन्नौर और सिरमौर सहित कई क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि ने तबाही मचा दी है। खेतों और बागानों में ओलों की मोटी परत जम गई, जिससे सेब, आलू और सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बागवानों का कहना है कि इस बार की ओलावृष्टि ने उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया है।




शिमला की पहाड़ियों में हुई ओलावृष्टि।

बारिश और ओलावृष्टि के चलते प्रदेश के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। भुंतर का अधिकतम तापमान सामान्य से 9.6 डिग्री नीचे लुढ़क कर 20.3 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि शिमला का तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। नाहन में न्यूनतम तापमान सामान्य से 8.1 डिग्री नीचे गिरकर 14.6 डिग्री तक आ गया है। किन्नौर और लाहौल-स्पीति जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान जमाव बिंदु के आसपास पहुंच गया है, जिससे वहां ठंड का असर और भी तेज हो गया है।

मौसम विभाग के अनुसार 7 से 9 मई तक पश्चिमी विक्षोभ कुछ कमजोर जरूर पड़ेगा, लेकिन बारिश और हल्की ओलावृष्टि की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। 10 और 11 मई को फिर से पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। विभाग ने किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़कर अन्य जिलों में आंधी-तूफान और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है, जबकि चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### तबाही से आर्थिक क्षति

**सबसे** ज्यादा मार बागवानों पर पड़ी है, जिनकी पूरी आजीविका फसलों पर निर्भर है। लगातार ओलावृष्टि ने सेब की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई बागवानों का कहना है कि इस बार की तबाही ने उनकी आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। जिन बागानों में नई उम्मीदें पल रही थीं, वहां अब नुकसान का मंजर पसरा हुआ है। किसानों और बागवानों ने सरकार से राहत और मुआवजे की मांग तेज कर दी है, ताकि इस आपदा से उबरने में उन्हें कुछ सहारा मिल सके।

# प. बंगाल में अमित शाह चुनेंगे सीएम, नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण 9 मई को

## जेपी नड्डा व सीएम नायब सिंह सैनी को असम की जिम्मेदारी

**एजेंसी, कोलकाता**



पश्चिम बंगाल और असम में नई सरकार के गठन के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। गृह मंत्री अमित शाह और ओडिशा के सीएम मोहन चरण मांझी पश्चिम बंगाल के पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। असम के लिए जेपी नड्डा और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी पर्यवेक्षक होंगे। अमित शाह अगले 2-3 तीनों में कोलकाता जाएंगे और विधायकों से बातचीत करेंगे।

पश्चिम बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण 9 मई को होगा। पहले शपथ समारोह रवींद्रनाथ टैगोर के जन्मदिन यानी 7 मई पर होने की चर्चा सामने आई थी।

### कौन कहां का पर्यवेक्षक बना

- **पश्चिम बंगाल:** अमित शाह मोहन मांझी।
- **असम:** जेपी नड्डा, नायब सैनी।
- **पुडुचेरी:** मनसुख मांडविया निर्मल कुमार।

पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की है। पार्टी को 206 सीटें हासिल हुई है, जबकि टीएमसी को 82 सीटें मिली हैं। ओडिशा के सीएम मोहन मांझी और हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका में रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### सुवेंदु सीएम या महिला पर दांव

**बंगाल** में इतिहास में अभी तक कुल आठ मुख्यमंत्री हुए हैं इनमें ममता बनर्जी इकलौती महिला सीएम हैं। ऐसे में चर्चा है कि महिलाओं के मजबूत नेटवर्क और वोटबैंक को देखते हुए क्या बीजेपी महिला को मुख्यमंत्री बनाएगी या फिर सुवेंदु ही सीएम बनेंगे। पिछली बार ममता बनर्जी ने पांच मई को शपथ ली थी। वह कुल 15 साल राज्य की सीएम रहीं। पश्चिम बंगाल के पहले सीएम होने का गौरव बिधान चंद्र राय को है। प्रफुल्ला चंद्र सेन दो बार सीएम बने जब कि अजॉय मुखर्जी तीन बार सीएम की कुर्सी पर बैठे। इसके बाद सिद्धार्थ शंकर रे और फिर ज्योति बसु मुख्यमंत्री बने। ज्योति बसु के बाद बुद्धदेब भट्टाचार्य बंगल के सीएम रहे।

### ममता बोलीं- नहीं दूंगी इस्तीफा



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा कि चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। इधर, कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में एक भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

# मंडी में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** नेरचौक-सुंदरनगर मार्ग पर बल्ह थाना क्षेत्र के डडौर के समीप एक दर्दनाक दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तेज गति से आ रही एक कार सड़क किनारे खड़े भारी वाहन (हाइड्रा) से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एक हिस्से को बुरी तरह नुकसान पहुंचा और उसमें सवार तीन युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान अनिल कुमार (28) निवासी पलाही, रोहित कुमार (26) निवासी अंद्रेटा और सुभाष कुमार (35) निवासी पलाही, उपमंडल बल्ह के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि सभी युवक पेशे से चालक थे और टैक्सी सहित अन्य वाहन चलाते थे। घटना के समय कार में कुल पांच लोग सवार थे। हादसे में चालक और उसके पीछे बैठा एक युवक बच गए, जबकि वाहन के दूसरी ओर बैठे तीनों युवकों की जान चली गई। दुर्घटना की वजह कार का कंडक्टर साइड से हाइड्रा से टकराना बताया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने 'वॉच एंड पेट्रोल' पहल को राज्यभर के पर्यटन स्थलों तक किया विस्तारित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में राज्य में शुरू की गई वॉच एंड पेट्रोल पहल अब शिमला के मॉल रोड से आगे बढ़ते हुए मनाली, सोलन और मैक्लोडगंज जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सफलतापूर्वक विस्तार कर चुकी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हिमाचल को सुरक्षित और पर्यटक-अनुकूल प्रदेश के रूप में स्थापित करना है, और इसी दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से न केवल पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बढ़ी है, बल्कि पर्यटकों को तुरंत सहायता और मार्गदर्शन भी मिल रहा है। सीएम ने कहा कि इस पहल के तहत औपचारिक वर्दी में तैनात पुलिस कर्मी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद रहकर पर्यटकों की मदद, वरिष्ठ नागरिकों को सहयोग और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। उनके विनम्र और अनुशासित व्यवहार से आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की यह नई कार्यशैली सेवा, सुलभता और विश्वास के सिद्धांतों पर आधारित है, जिससे हिमाचल प्रदेश पुलिस की एक सकारात्मक और जन-हितैषी छवि उभरकर सामने आई है।

**पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को मिलेगी नई मजबूती**

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार इस मॉडल को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर निगरानी, प्रशिक्षण और आधुनिक संसाधनों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि वॉच एंड पेट्रोल पहल के विस्तार से प्रदेश में आने वाले प्रत्येक पर्यटक और स्थानीय नागरिक को बेहतर सुरक्षा और सुविधा का अनुभव होगा।

# हरियाणा में जालौन पुलिस की गाड़ी हादसे का शिकार, 4 पुलिसकर्मियों समेत 5 की मौत

**एजेंसी, उरई**



हरियाणा के नूंह में केएमपी एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक भीषण सड़क हादसे में जालौन के 4 पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। ये पुलिसकर्मी अपहरण के एक मामले में वादी के साथ हरियाणा दबिश देने जा रहे थे। हादसे में पंजाब का रहने वाले वादी की भी मौत हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रिनिया में करीब दो साल से रह रहे पंजाब के जनपद संगरूर थाना मूनक गांव बुसेरा निवासी अमरीक सिंह की ओर से अपने साथ रह रहे मौसेरे भाई के अपहरण कर लेने की शिकायत सदर कोतवाली में दी गई। आरोपितों की पकड़ के लिए वादी के बताए नाम पता के आधार पर सोमवार देर रात को उरई सदर कोतवाली की चार सदस्यीय पुलिस टीम हरियाणा के लिए निकली कि मंगलवार सुबह कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर एक वाहन से टकरा जाने से स्कार्पियो सवार चार पुलिस कर्मी व वादी हादसे का शिकार हो गए। जालौन एसपी विनय कुमार ने बताया कि उन्हें हादसे की सूचना फोन से प्राप्त हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रपति से बोले मान-दलबदलू सांसदों की सदस्यता हो रद्द

**राघव चड्ढा भी राष्ट्रपति से मिले, 'आप' पर उत्पीड़न व सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के लगाए आरोप**

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सात सांसदों के आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ भाजपा ज्वॉइन करने के खिलाफ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति से इनकी राज्यसभा सदस्यता रद्द करने की मांग उठाई। इसके बाद सीएम मान ने कहा कि मैंने राष्ट्रपति को बताया कि पूरी पार्टी दो-तिहाई बहुमत से दूसरी पार्टी में मर्ज हो सकती है, सिर्फ एक हाउस के 6-7 लोग ऐसा कहें तो यह मनमानी नहीं चलेगी।

यह लोकतंत्र का मजाक है। मैंने बताया कि पंजाब में भाजपा के एमएलए 2 हैं और राज्यसभा के 6 सांसद हो गए, यह संविधान का मजाक है। मैंने संविधान में संशोधन कर राइट टू रिकॉल की मांग की। मान सुबह ही 90 एमएलए को 3 वॉल्वो बसों में लेकर दिल्ली पहुंचे थे।

मान से पहले 'आप' पार्टी छोड़ने वाले सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक राष्ट्रपति से मिले। उन्होंने पार्टी छोड़ने के बाद पंजाब की सरकारी मशीनरी का मिसयूज कर उन्हें टारगेट करने का आरोप लगाया। चड्ढा ने कहा कि 'आप' बदले की आग में जल रही है। दूसरों पर सुबह से शाम तक बदलाखोरी का आरोप लगाने वाले खुद बदले की राजनीति कर रहे।

चड्ढा ने चेतावनी भी दी कि 'आप' डेंजरस गेम खेल रही, इसका अंत खतरनाक होगा। 'आप' के पास 1 राज्य की पुलिस है, लेकिन हमारे (भाजपा) के पास 21 राज्यों की पुलिस है। चड्ढा ने कहा कि मुझे टारगेट करने की तैयारी है। सांसद संदीप पाठक ने कहा कि वह सिर पर कफन बांधकर निकले हैं, एफआईआर से डरने वाले नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

# जज के फंदे पर लटकते ही घर से भागी पत्नी


**एजेंसी, अलवर।** दिल्ली में सुसाइड करने वाले जज अमन कुमार शर्मा (30) पत्नी से इतने परेशान थे कि उसके सामने ही फंदे पर लटकने बाथरूम में चले गए। पत्नी ने भी उनको रोका नहीं, बल्कि अपनी आईएएस बहन को फोन कर घर बुलाया। फिर दोनों बच्चों को लेकर कार से रवाना हो गई। इस दौरान अमन के पिता एडवोकेट प्रेम कुमार शर्मा घर की गैलरी में थे। इस पूरी घटना की जानकारी प्रेम कुमार ने पुलिस को दी है।

**अलवर में रहता है परिवार:** अमन कुमार मूल रूप से खैरथल-तिजारा के मुंडाना के रहने वाले थे। वर्तमान में उनके घर वाले अलवर शहर के हसन खां मेवात नगर में रहते हैं। अमन की पोस्टिंग दिल्ली के कोर्ट में थी। अमन की पत्नी भी जज हैं। अमन कुमार दिल्ली के ग्रीन पार्क इलाके में पत्नी के साथ रहते थे। उनके दो बच्चे हैं। (अनंत ज्ञान)

# यूपी-बिहार में आंधी और बिजली से 24 घंटे में 31 मौतें

**दिल्ली में ओले गिरे, हरियाणा में तूफान से 15 हजार पेड़ उखड़े; राजस्थान में गिरा पारा**

**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली/पटना**



राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चक्रवात बनने से देश के बड़े हिस्से में मौसम बदल गया है। दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक ट्रफ बनी हुई है, जिससे उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का असर है।

दिल्ली में मंगलवार दोपहर को ओले गिरे। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में आंधी और तेज बारिश हुई। यूपी में आंधी-बारिश से 8 लोगों की मौत हो गई। पीलीभीत में ईंट-भट्ठे की 100 फुट ऊंची चिमनी ढह गई। बिहार में 22 जिलों में आंधी-बारिश हुई। बिजली गिरने से 7 बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हो गई। 2 महिलाएं झुलस गईं। आज 18 जिलों तेज बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में सोमवार को तापमान में 8°C की गिरावट आई। जयपुर समेत कई शहरों का अधिकतम तापमान 35°C से कम रहा। हरियाणा में तेज आंधी से 15 हजार से ज्यादा पेड़ उखड़ गए। (अनंत ज्ञान)

# यूएई में तीन भारतीयों के घायल होने पर भारत नाराज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पीएम मोदी बोले-इसे नहीं करेंगे स्वीकार**



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह स्थित ऑयल पोर्ट पर हुए हमले को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिकों के घायल होने पर सरकार ने गहरी चिंता जताई है और इसे गंभीर व अस्वीकार्य घटना बताया है।

भारत ने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय मानकों के खिलाफ है और किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सरकार ने सभी पक्षों से तत्काल हिंसा रोकने और संयम बरतने की अपील की है। साथ ही कहा कि मौजूदा तनाव को बढ़ाने के बजाय शांति और स्थिरता की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई से स्थिति और बिगड़ सकती है। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बिना बाधा समुद्री यातायात जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का अहम मार्ग है।

इससे पहले यूएई ने हमले के लिए ईरान पर आरोप लगाए थे, जबकि ईरान ने इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर चिंता जताते हुए नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर हमलों को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है और शांति बनाए रखने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

**चिंता** — अखबार की खबरों पर आधारित याचिका पर सवाल, सबरीमाला केस में दुरुपयोग पर नाराजगी

# सुप्रीम कोर्ट बोला-पीआईएल बन रही निजी हितों का जरिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिकाओं (पीआईएल) के बढ़ते दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इनका मूल उद्देश्य अब काफी हद तक बदल गया है। अदालत ने टिप्पणी की कि आज के समय में पीआईएल कई बार 'निजी हित', 'प्रचार', 'आर्थिक लाभ' और 'राजनीतिक उद्देश्य' के लिए इस्तेमाल की जा रही है।

नौ जजों की संविधान पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान अदालत ने पीआईएल के गिरते स्तर पर सख्त टिप्पणी की। सुनवाई के दौरान सबरीमाला मंदिर मामले का भी उल्लेख हुआ, जहां 2006 की याचिका के आधार पर सवाल उठे कि क्या वह केवल अखबारों की रिपोर्टों पर दायर की गई थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि केवल मीडिया रिपोर्ट के आधार पर जनहित याचिका दायर करना उचित नहीं है और ऐसी याचिकाओं को शुरुआती चरण में ही खारिज किया जाना चाहिए था। अदालत ने यह भी कहा कि पीआईएल दायर करने के लिए संदिग्ध या तैयार कराए गए आधारों का इस्तेमाल आसान हो गया है, जो न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

### सबरीमाला मंदिर मामले में पहले क्या फैसला आया था?



**जस्टिस** नागरत्ना ने यह भी बताया कि मुख्य न्यायाधीश को रोज सैकड़ों चिट्ठियां मिलती हैं, तो क्या उन सभी को जनहित याचिका में बदल दिया जाए। अदालत में इस मामले की सुनवाई अभी भी जारी है। आपको बता दें कि सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने एक बड़ा फैसला सुनाया था। उस फैसले में 4:1 के बहुमत से केरल के सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की उम्र की महिलाओं के प्रवेश पर लगे सदियों पुराने प्रतिबंध को हटा दिया गया था। अदालत ने उस समय इस पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा को पूरी तरह से अवैध और असंवैधानिक करार दिया था।

### जस्टिस नागरत्ना ने याचिकाओं के दुरुपयोग पर क्या कहा?

**सुनवाई** के दौरान पीठ की अहम सदस्य जस्टिस बीवी नागरत्ना ने याचिकाओं के दुरुपयोग को लेकर काफी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आम जनता की भलाई के लिए जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हैं, न कि अखबारों में छपे लेखों के आधार पर। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि आज जनहित याचिका असल में 'प्राइवेट', 'पब्लिसिटी', 'पैसा' और 'पॉलिटिकल' इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई है। उन्होंने यह भी साफ किया कि लोग भले ही इन सबको पीआईएल कहते हों, लेकिन अदालत केवल सच्ची और वास्तविक जनहित याचिकाओं पर ही विचार करती है।

# आईजीएमसी में बनेगा मातृ एवं शिशु अस्पताल

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिए संकेत, यहीं होगा एकीकृत संचालन

अनंत ज्ञान



आईजीएमसी की फाइल फोटो

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला में स्वास्थ्य ढांचे को लेकर लंबे समय से चल रही असमंजस की स्थिति अब लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि मातृ एवं शिशु अस्पताल को लेकर अब कोई भ्रम नहीं रहेगा। अब यह सुविधा इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (आईजीएमसी) परिसर में ही एकीकृत रूप में विकसित की जाएगी, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर बेहतर इलाज मिल सके।

जानकारी के अनुसार बीते समय में इस अस्पताल के स्थान को लेकर विवाद और विरोध-प्रदर्शन भी सामने आए थे, जिससे स्थिति कुछ समय के लिए उलझी रही। लेकिन अब सरकार ने इस पूरे मसले पर निर्णायक रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को आईजीएमसी में ही समाहित किया जाएगा। इससे न केवल प्रशासनिक भ्रम समाप्त होगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वय में भी सुधार आएगा। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस परियोजना पर तेजी से काम शुरू किया जाए। इसके तहत उपयुक्त स्थान चयन, आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि मरीजों को बिना किसी देरी के उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सके और प्रतीक्षा अवधि को न्यूनतम किया जाए।

◆ **स्वास्थ्य सेवाओं को एक छत के नीचे लाने की दिशा में अहम कदम**

सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक मशीनें, उपकरण और पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करवाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नैदानिक प्रणाली को मजबूत करना प्राथमिकता है, ताकि बीमारियों की सही पहचान और समय पर उपचार सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही चिकित्सा, पैरामेडिकल और तकनीकी स्टाफ के नए पद सृजित करने की प्रक्रिया भी तेज़ कर दी गई है।

**अब भ्रम की स्थिति समाप्त**

**इस** फैसले के साथ ही मातृ एवं शिशु अस्पताल को लेकर चल रही अनिश्चितता पर विराम लग गया है। सरकार के इस कदम को स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में बड़ा और निर्णायक प्रयास माना जा रहा है। आने वाले दिनों में इस योजना के तेज़ी से आगे बढ़ने की उम्मीद है, जिससे प्रदेश की जनता को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

# कॉलेजों में शुरू होंगे डेटा विज्ञान व एआई पाठ्यक्रम

## रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर फोकस, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सेमेस्टर प्रणाली में बदलाव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की स्थायी समिति की बैठक में उच्च शिक्षा को आधुनिक और रोजगारोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से महाविद्यालय स्तर पर एबिलिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक और कौशल आधारित शिक्षा मिल सके। इसके साथ ही बीएससी डेटा विज्ञान और बीएससी कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए पाठ्यक्रम भी शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तीसरे से छठे सेमेस्टर तक के पाठ्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा स्नातकोत्तर स्तर की प्रवेश परीक्षाओं के पाठ्यक्रम को भी समिति द्वारा मंजूरी दी गई। यह कदम विद्यार्थियों को समकालीन शिक्षा प्रणाली के अनुरूप तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शिक्षाविदों का मानना है कि इससे प्रदेश के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होगी।

◆ **कॉलेजों में अंशकालिक शोध कार्यक्रम को भी मिली स्वीकृति**

इसके साथ ही अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम को भी अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे कामकाजी लोगों को भी शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बैठक में क्रेडिट फ्रेमवर्क से जुड़े दिशा-निर्देशों को प्रदेश के महाविद्यालयों में लागू करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति के निर्देशों में हुई इस बैठक में विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर गंभीर मंथन के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

# शिमला में पिकअप की टक्कर से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत

## मां के साथ सड़क पार करते समय हुआ हादसा, मौके पर ही तोड़ा दम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसे में आठ वर्षीय मासूम बच्ची की जान चली गई। जानकारी के अनुसार बच्ची अपनी मां के साथ गुम्मा से भड़ेच गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान वह अपनी मां के पीछे-पीछे सड़क पार कर रही थी, तभी अचानक सामने से आ रही पिकअप वाहन की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। बच्ची को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कोटखाई अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

◆ **चालक गिरफ्तार पुलिस कर रही गहन जांच**

बताया जा रहा है कि मृतक बच्ची नेपाली मूल की थी और अपने परिवार के साथ क्षेत्र में रह रही थी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी चालक का चिकित्सकीय परीक्षण करवा रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

# 12वीं कक्षा में असफल रहे छात्र ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के अन्नाडेल स्थित ठाकुर बाग में 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में असफल होने के बाद एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान निखिलेष के रूप में हुई है, जो परिणाम घोषित होने के बाद से ही मानसिक तनाव में था। बताया जा रहा है कि हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा परिणाम जारी होने के कुछ घंटों बाद ही उसने यह कदम उठा लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना की सूचना 112 हेल्पलाइन के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और छात्र को फंदे से लटका हुआ पाया। प्रारंभिक जांच में किसी बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिजनों के अनुसार, निखिलेष परीक्षा में असफल होने के कारण गहरे तनाव में था। पुलिस ने मौके पर आवश्यक साक्ष्य जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों व गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे।

◆ **परीक्षा परिणाम के बाद मानसिक तनाव में था छात्र, पुलिस जांच जारी**

# राज्यपाल से मिले आरआईएमसी कैडेट्स

## गवर्नर ने राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर दिया जोर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से लोकभवन में राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून के कैडेट्स ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नेवल अधिकारी स्नेहा ने किया, जबकि संकाय सदस्य अरुणा शर्मा और नितिन वैष्णव भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

कैडेट्स ने राज्यपाल के साथ संवाद करते हुए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल होकर भारतीय सशस्त्र बलों, विशेषकर नौसेना में सेवा देने की अपनी आकांक्षाएं साझा कीं। राज्यपाल ने कैडेट्स का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व की अहम भूमिका होती है। उन्होंने आरआईएमसी की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान देश के लिए समर्पित, ईमानदार और सक्षम अधिकारियों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पद से पहले मजबूत चरित्र का निर्माण जरूरी है और युवाओं को चुनौतियों को अवसर में बदलने की सोच विकसित करनी चाहिए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने अलग भाषा, अलग भेष, फिर भी अपना एक देश' का उल्लेख करते हुए भारत की विविधता को उसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कैडेट्स को निरंतर सीखने, जिज्ञासु बने रहने और आधुनिक समय की चुनौतियों के अनुरूप खुद को तैयार करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व सेवा और उदाहरण पर आधारित होता है।

# जुन्गा स्कूल में 94 फीसदी रहा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। चाहत शर्मा और कनक मेहता ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया, जिससे विद्यालय सहित उनके अभिभावकों में भी गर्व और प्रसन्नता का वातावरण है। इसी क्रम में साक्षी ने 88.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि खुशबू ठाकुर ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा, जो संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन और शिक्षकों की अथक मेहनत को दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी दिन-रात की मेहनत और मार्गदर्शन के कारण ही छात्राओं ने यह मुकाम हासिल किया है। इस शानदार परिणाम से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और विद्यालय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता सिद्ध की है।

◆ **छात्राओं की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर**

# मालविका के 12वीं में 97 .4 फीसदी अंक

## कनिष्का और हर्षिता ने भी रोशन किया कुफरी स्कूल का नाम

अनंत ज्ञान



स्कूल स्टाफ ने मालविका, कनिष्का व हर्षिता को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी की छात्रा मालविका ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप 10 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर विद्यालय और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा का संचार भी किया है। इसके साथ ही विद्यालय की छात्रा कनिष्का ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा हर्षिता ने 89 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है।

विद्यालय पहुंचने पर तीनों होनहार छात्राओं का फूलमालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनके सम्मान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और ये छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस सफलता का श्रेय उन्होंने शिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण को दिया।

## ओले गिरने से सेब के फूल झड़े, सब्जियों की फसलें नष्ट, किसानों-बागवानों पर बड़ा संकट

# ओलावृष्टि से जुन्गा में नकदी फसलें तबाह

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रही ओलावृष्टि ने जुन्गा तहसील के ग्रामीण इलाकों में किसानों की कमर तोड़ दी है। ग्राम पंचायत कोटी, जुन्गा, पधेची, दरभोग, सतलाई, पीरन और बलोग सहित कई क्षेत्रों में विशेषकर नकदी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कोटी पंचायत के फनेवट गांव के किसानों कृष्ण दत्त शर्मा, यशपाल ठाकुर, चुन्नी लाल नेगी और रामस्वरूप ने बताया कि क्षेत्र में करीब तीन इंच तक ओलावृष्टि हुई, जिससे टिक्करी, ठांठिया, बणी, फनेवट और शवालठी गांवों में फ्रांसबीन, आलू, गोभी और मटर की फसलें पूरी तरह तबाह हो गईं। इसके साथ ही सेब के पेड़ों पर लगे फूल और सुरक्षात्मक जालियां भी टूटकर नष्ट हो गई हैं, जिससे आने वाले मौसम की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया है।

जानकारी के अनुसार जुन्गा क्षेत्र के खील कजेवड़ा, बणकटी, टिक्करी और गवाणा गांवों में भी ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचाई है। खील कजेवड़ा के दुर्गा सिंह ठाकुर का कहना है कि इस बार किसानों को बीज तक की लागत निकालना मुश्किल हो जाएगा और रोजमर्रा के खर्च पूरे करना भी चुनौती बन जाएगा। दरभोग पंचायत के कटैंया मझार, सेर डगोण और कूफटू गांवों के साथ सतलाई पंचायत के कई क्षेत्रों में टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन, फूलगोभी और बंद गोभी की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। स्थानीय किसान कृष्णा नंद शर्मा, ओम प्रकाश और वेद प्रकाश ने बताया कि बीते सप्ताह में कई बार ओलावृष्टि हुई, जिससे बार-बार नुकसान झेलना पड़ा और अब स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी है।

◆ **मुआवजे की मांग, प्रशासन ने भेजी नुकसान की रिपोर्ट**

किसानों ने सरकार से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग करते हुए कहा है कि यदि शीघ्र सहायता नहीं मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक बिगड़ सकती है। इस संबंध में नायब तहसीलदार जुन्गा राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में हुए भारी नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और आगे की कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर की जा रही है।

# सीएम कर रहे आचार संहिता का उल्लंघन : कमलेश

## कहा- चुनाव प्रभावित करने की हो रही कोशिश, चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव एवं नगर निगम पार्षद कमलेश मेहता ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बावजूद मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी केवल दिखावे और प्रचार की राजनीति में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब पूरे प्रदेश में आचार संहिता प्रभावी है, तब इस प्रकार के सरकारी कार्यक्रम आयोजित करना सीधे तौर पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि इस पूरे प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और यह जांच की जाए कि कहीं सरकारी संसाधनों और मशीनरी का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा।

मेहता ने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के कार्यों के बजाय प्रचार-प्रसार के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों की कार्यक्षमता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिस योजना को बड़े स्तर पर प्रचारित किया गया, उसकी सच्चाई पहले ही दिन उजागर हो गई। उनके अनुसार कई वाहन सड़क पर चलते-चलते बंद हो गए और उन्हें धक्के लगाकर चलाना पड़ा, जो सरकार की तैयारियों और योजनाओं की पोल खोलता है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर लाई गई ये गाड़ियां न तो तकनीकी रूप से सक्षम हैं और न ही इनके संचालन की कोई ठोस व्यवस्था दिखाई देती है। जनता के पैसे का इस तरह प्रयोग कर उसे उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करना केवल दिखावे की राजनीति है।

मेहता ने यह भी कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और महिलाओं से किए गए वादों जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार मौन है, जबकि प्रचारात्मक कार्यक्रमों के लिए समय और संसाधन आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। उन्होंने इसे सोची-समझी चुनावी रणनीति करार देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि ऐसी गतिविधियां निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।

# देशहित, जनकल्याण के दायित्वों को निभाने में पत्रकारों का विशेष योगदान : प्रताप समयाल

अनंत ज्ञान

**शिमला।** विश्व संवाद केंद्र, शिमला द्वारा कॉम्बरमेयर होटल, शिमला में देवर्षि नारद जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारों, संपादकों तथा मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव शर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष राज कुमार वर्मा तथा मुख्त वक्ता प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप समयाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर देवर्षि नारद एवं मां सरस्वती के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रताप समयाल ने कहा कि पत्रकारिता, संवाद और सूचना के लिए 'नारद मुनि' शब्द का प्रयोग होता रहा है, जो इस बात का प्रतीक है कि नारद जी तीनों लोकों में देवताओं के मध्य संवाद एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। उन्होंने कहा कि 30 मई 1826 को 'उदंत मार्तण्ड' का प्रकाशन नारद जयंती के अवसर पर हुआ था। तभी से नारद जयंती मनाई जाती है।

आज का यह कार्यक्रम विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद केवल पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि प्रथम संचारक थे, जिन्होंने तीनों लोकों में संवाद स्थापित कर लोकहित को प्राथमिकता दी। मुख्य वक्ता प्रताप सामयाल ने नारद को 'ग्लोबल कम्युनिकेटर' बताते हुए कहा कि उनकी संवाद शैली समावेशी और संतुलित थी। उन्होंने पत्रकारिता में सकारात्मकता, प्रामाणिकता और सामाजिक जिम्मेदारी पर बल देते हुए पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों, स्व-बोध और कर्तव्य पालन के पांच संकल्पों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि तकनीकी युग में संपर्क तो बढ़ा है, पर मानवीय जुड़ाव घटा है। उन्होंने पत्रकारों से देवर्षि नारद से प्रेरणा लेकर समाज को जोड़ने वाली संवाद शैली अपनाने का आह्वान किया। पत्रकारिता न्याय दिलाने के लिए सदैव जागरूक रही है। देशहित, जनकल्याण तथा सूचना एवं संपर्क के दायित्वों को निभाने में पत्रकारों ने विशेष योगदान दिया है। देवर्षि नारद पत्रकारिता के महान आदर्श एवं प्रेरणास्रोत रहे हैं।

**सुझाव** जयपुर बैठक में समितियों को और प्रभावी बनाने पर जोर, विशेषज्ञ सहयोग व पारदर्शिता पर दिए सुझाव

# समिति प्रणाली लोकतंत्र की मजबूत कड़ी : कुलदीप पठानिया

अनंत ज्ञान




जयपुर में आयोजित पीठासीन अधिकारी समिति की बैठक में भाग लेते कुलदीप सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जयपुर में आयोजित पीठासीन अधिकारी समिति की बैठक में विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि समिति प्रणाली लोकतंत्र में मिनी सदन की भूमिका निभाती है, जहां विधायी कार्यों पर गहन विचार-विमर्श और सूक्ष्म परीक्षण संभव होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था न केवल सदन की कार्यक्षमता बढ़ाती है, बल्कि समय की बचत करते हुए विशेषज्ञता आधारित निर्णयों को भी प्रोत्साहित करती है। बैठक में विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों ने भाग लिया और समितियों को अधिक प्रभावी बनाने पर विचार साझा किए गए।

पठानिया ने समितियों की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण विधेयकों को अनिवार्य रूप से समितियों के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि कानून अधिक व्यवहारिक और जनहितकारी बन सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि समितियों को विशेषज्ञ सलाहकार, शोधकर्ता और डेटा विश्लेषक उपलब्ध कराए जाएं तथा उनकी सिफारिशों को अधिक प्रभावी और बाध्यकारी स्वरूप दिया जाए। साथ ही, प्रशिक्षण कार्यक्रम, नियमित बैठकें, पारदर्शिता और डिजिटल तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिससे समिति प्रणाली आधुनिक और जवाबदेह बन सके।

**शिमला में हुई लोक लेखा समिति की बैठक**

**शिमला** में 4 और 5 मई को हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में लोक लेखा समिति की बैठकों का आयोजन कार्यकारी सभापति रणधीर शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठकों में नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों, लंबित मामलों तथा शहरी विकास और लोक निर्माण विभागों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने विभिन्न विभागों से प्राप्त उत्तरों की समीक्षा करते हुए वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया।

# कांग्रेस ने धर्मशाला और पालमपुर में वरिष्ठ नेताओं को सौंपी कमान

## वार्ड स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारियां की तय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम चुनाव को लेकर धर्मशाला और पालमपुर के लिए विस्तृत कमेटियों का गठन कर संगठनात्मक मजबूती का स्पष्ट संदेश दिया है। पार्टी द्वारा जारी आदेशों में वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और पूर्व पदाधिकारियों को वार्ड स्तर तक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे चुनावी रणनीति को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाया जा सके। यह निर्णय चुनावी तैयारियों को तेज करने और हर वार्ड में सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।





**◆ पालमपुर में मंत्री चंद्र कुमार को सीनियर ऑब्जर्वर, आरएस बाली को बनाया इंचार्ज**

शिमला से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार धर्मशाला नगर निगम के लिए गठित कमेटी में चौधरी चंद्र कुमार को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया है, जबकि रघुबीर सिंह बाली को इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई है। सह-इंचार्ज के रूप में अनुराग शर्मा और देवेंद्र जग्गी को नियुक्त किया गया है। वार्डवार जिम्मेदारियों में केवल पठानिया (वार्ड 1, 6, 14), मलेंद्र राणा (वार्ड 2, 3, 5), अजय महाजन (वार्ड 4, 7), दिग्विजय मल्होत्रा व संजय चौहान (वार्ड 8), नरेंद्र मुरगरा (वार्ड 9), किशोरी लाल (वार्ड 10, 11), कुलदीप पठानिया (वार्ड 12), अजय वर्मा (वार्ड 13, 15), मनोज कुमार (वार्ड 16) और डॉ. राजेश शर्मा (वार्ड 17) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा लीगल एडवाइजर के रूप में एडवोकेट विक्रम शर्मा और एडवोकेट विकेश ठाकुर, मीडिया इंचार्ज के रूप में पुनीत मल्ही तथा सोशल मीडिया इंचार्ज के रूप में दिनेश शर्मा को नियुक्त किया गया है।

वहीं, पालमपुर नगर निगम के लिए भी कांग्रेस ने मजबूत टीम का गठन किया है, जिसमें राजेश धर्माणी, यादविंद्र गोमा और आशीष बुटेल को इंचार्ज बनाया गया है। वार्ड स्तर पर संजय रत्तन (जोन-1, वार्ड 1-5), भवानी सिंह पठानिया (जोन-2, वार्ड 6-10) और नीरज नैयर (जोन-3, वार्ड 11-15) को जिम्मेदारी दी गई है। लीगल एडवाइजर के रूप में एडवोकेट अमित सूद और एडवोकेट मृदुल नाग को नियुक्त किया गया है, जबकि सोशल मीडिया इंचार्ज की जिम्मेदारी दिनेश शर्मा को सौंपी गई है।

सभी पदाधिकारियों को 7 मई 2026 से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। चुनावी रणनीति में 'ग्राउंड कनेक्ट' पर जोर। पार्टी इस बार चुनाव में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतना चाहती। वरिष्ठ नेताओं को सीधे वार्ड प्रबंधन से जोड़कर संगठन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की रणनीति अपनाई गई है।

# भाजपा ने जिला परिषद चुनाव में उतारे प्रत्याशी

## संगठन, अनुभव व जमीनी कार्यकर्ताओं को दी प्राथमिकता, वर्कर्स से एकजुट होने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल भाजपा ने पंचायतीराज संस्थाओं व स्थानीय शहरी निकाय चुनावों के तहत जिला परिषद चुनावों के लिए समर्थित उम्मीदवारों की विस्तृत सूची जारी कर दी है। यह सूची प्रदेश चुनाव संयोजक विपिन सिंह परमार की अगुवाई में मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर गहन विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप में सामने आई है।

पार्टी ने शिमला से जारी सूची में स्पष्ट किया है कि उम्मीदवारों के चयन में संगठन के प्रति निष्ठा, जनसेवा का अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और स्थानीय स्वीकार्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। भाजपा नेतृत्व का कहना है कि यह सूची न केवल संगठन की जड़ों को मजबूत करेगी, बल्कि पंचायत स्तर तक विकास को नई गति भी देगी।

भाजपा नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि यह विस्तृत सूची पार्टी की संगठनात्मक ताकत, सामाजिक संतुलन और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि वे पूरी एकजुटता के साथ मैदान में उतरें और सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाकर पंचायत स्तर तक विकास की नई धारा को मजबूत करें।

### भाजपा ने अपने संगठनात्मक जिलों में इनको बनाया जिला परिषद का उम्मीदवार

**शिमला :** बल्लेयां से भारत भूषण, चमियाणा से कुशल विक्रम सेन, हलोग-धामी से कमलेश शर्मा और खतनोल से शिवानी ठाकुर को उम्मीदवार बनाया गया है। जिला सोलन में दाड़ला से मीनाक्षी ठाकुर, सूरजपुर से रमेश ठाकुर, डुमेहर से आशा परिहार, वाकना से हरी चंद, धंगील से धर्म सिंह, डांगरी से शीला कुमारी, चेवा से सुमन लता, धर्मपुर से कृपाल चंद, टकसाल से पंकज शर्मा, दाड़वा से स्नेह लता, मंडाला से मान सिंह, खेड़ा से विमला देवी, रड़ियाली से इंदु ठाकुर, दमोटा से गुरप्रीत कौर चंदेल, लग से बाबू राम, बवासनी से अनीता देवी और बगलैहड़ से जितेंद्र राणा को टिकट दिया गया है।

**सिरमौर :** नोहराधार से हंसराज, दानाघाटो से अंकिता ठाकुर, ददाहू से संतोष चौहान, राजगढ़ से सुनीता पोज्टा, शिलाई से इंद्र बाला, टिटियाणा से बलवीर पुंडीर, सतौन से रजनीश चौहान, भगानी से देवेंद्र कौर, भांटावाली से रोहित चौधरी, पातलियों से चरणजीत सिंह, धौलाकुआं से मलकीत सिंह चौधरी, बनकला से अंकिता शर्मा, त्रिलोकपुर से प्रामिला शर्मा, सराहां से बलदेव भंडारी, लाला भलटा से लेखराज, करगाणू से उमा और नेरी कोटली से सरोज बाला को प्रत्याशी बनाया गया है।

**महासू :** त्यावल-जुबरी से रेखा, झाकड़ी से ममता आजाद, नेरन से शिवराम, बगली से रानू खंड, सीमा रंटाड़ी से अमन नेगी, कवार से मंजीत ठाकुर, भलून से कल्पना मकरान, टिक्कर से अनुपम चौहान, सरस्वती नगर से श्वेता चौहान, बढ़ाल से प्रज्ज्वल बस्ता, कलबोग से नीना चौहान, चड़ोली से प्रदीप कुमार शर्मा, चंदेलोग-नेरवा से भूपिंदर सिसोदिया, गोरली मड़वग से अतुल शर्मा, घोड़ना से विकेश जिंटा, क्यार से कमलेश वर्मा, भुट्टी से गौरव धीमान और टियाली से नेहा ठाकुर को उम्मीदवार घोषित किया गया है।



**देहरा :** बराकलां से अशोक कुमार, अधवानी से आरती राणा, कोपड़ा से नीलम कुमारी, ठाकुरद्वारा से सुरजीत, हरिपुर से सुभमा कुमारी, बदहल से अनिल कुमार, बणी से विनोद कुमार, प्रागपुर से केशव रतन, नंगल चौक से पूनम शर्मा और घाटी से शुभम को टिकट मिला है। वहीं हमीरपुर में बीड़-बरोहा से तृप्ता देवी, पनोह से आशा ठाकुर, दरगाण पट्टी कोट से मंजीत सिंह धीमान, उहल से ज्योति ठाकुर, जंगलेरोप से सोनी कुमार, ताल से सुशील कुमार, चमनेड़ से रोहित शर्मा, बधाणी से रजना देवी, धमरोल से अनीता शर्मा, जाहू से अजय शर्मा, महल से अंजना कुमारी, करेर से गुरदीप सिंह, बिड्डी से रवि कुमार, झंझियाणी से रामेश्वर दत्त, दांदू से रेणु बाला, लहड़ा से रंजना कुमारी, मालग (धनेटा) से काजल, अमलेहड़ से वीरेंद्र सिंह और सपोह से नीलम चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है।

**बिलासपुर:** ऊना और चंबा में भी व्यापक स्तर पर उम्मीदवार घोषित किए गए हैं, जिनमें घंडलवी से जमना देवी, गाहर से रक्षा कुमारी, कुटेड़ा से निशु देवी, मुबारिकपुर से पवन जीत सिंह, ठठल से अर्जुन सिंह, हरोली से दिलबाग सिंह, करियास से सुनीता कुमारी, भरमौर से लीला शर्मा और चांजू से देवकी देवी जैसे नाम शामिल हैं। लाहौल-स्पीति, किन्नौर और मंडी में भी पार्टी ने स्थानीय संतुलन और अनुभव को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

**कुल्लू,** कांगड़ा, नूरपुर, पालमपुर और सुंदरनगर जिलों में भी वशिष्ठ से ठाकुर दास, बरशैणी से सुशील कुमार, चड़ी से ओम शर्मा, टांडा से विकास चौधरी, भडवार से अनूप राणा, इंदौरा से काली दास, गढ़ियाड़ा से जगत्सा देवी, नगरी कल्यांड से रंजना भट्ट, सराहन से नोम लता और सलापड़ से राज कुमार जैसे उम्मीदवारों को मौका दिया गया है।

### भरमौर से लीला देवी जिला परिषद उम्मीदवार

**भरमौर/चंबा।** भाजपा ने भरमौर वार्ड से लीला देवी को जिला परिषद का उम्मीदवार घोषित कर एक बड़ा राजनीतिक दांव चला है। इस फैसले के पीछे स्थानीय विधायक डॉ. जनक राज की अहम भूमिका मानी जा रही है, जिन्होंने पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी को साधने के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। लीला देवी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित तुलसीराम की पत्नी हैं। तुलसीराम ने भरमौर क्षेत्र में दो दशक से अधिक समय तक सक्रिय राजनीति करते हुए मजबूत जनाधार तैयार किया था।

# ईवीएम पर कांग्रेस की राजनीति पूरी तरह बेनकाब : त्रिलोक कपूर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हालिया बयान पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस की कार्यशैली को दोहरे मापदंडों वाला बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पुरानी आदत एक बार फिर सामने आई है, जहां जीत मिलने पर ईवीएम को सही माना जाता है और हार मिलने पर उसी मशीन पर सवाल खड़े किए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत जनता के स्पष्ट जनादेश का परिणाम है, जिसे कांग्रेस स्वीकार नहीं कर पा रही है।



**◆ बंगाल से असम तक भाजपा की जीत ने बदली राष्ट्रीय राजनीति की दिशा**

त्रिलोक कपूर ने कहा कि बंगाल में मिली सफलता केवल चुनावी परिणाम नहीं बल्कि लंबे समय से चली आ रही शासन व्यवस्था के खिलाफ जनता की निर्णायक प्रतिक्रिया है, जबकि असम में लगातार तीसरी बार मिली जीत विकास और स्थिरता की राजनीति पर जनता के विश्वास को दर्शाती है।

त्रिलोक कपूर ने आगे कहा कि इन चुनाव परिणामों ने राष्ट्रीय राजनीति की दिशा बदल दी है और कांग्रेस का भ्रम फैलाने वाला नैरेटिव पूरी तरह समाप्त हो चुका है। त्रिलोक कपूर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल वर्षों से समाज को विभाजित करने की राजनीति करते रहे हैं, लेकिन अब जनता ने उन्हें नकार दिया है।

# अलका लांबा ने महिला आरक्षण कानून पारित होने के बाद भी लागू न करने पर घेरी केंद्र सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर सियासत को गरमा दिया। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून पारित होने के बावजूद इसे लागू न करना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि लोकसभा की सभी 543 सीटों पर तत्काल प्रभाव से महिला आरक्षण लागू किया जाए।

लांबा ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण के नाम पर



केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की है, जबकि वास्तविक क्रियान्वयन से बचा जा रहा है। इसी के विरोध में महिला कांग्रेस देशभर में पोस्टकार्ड अभियान शुरू कर रही है, जिसके तहत लाखों महिलाएं प्रधानमंत्री को संदेश भेजेंगी। उन्होंने जनगणना और जातिगत गणना को लेकर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। लांबा का कहना था कि 2021 की जनगणना अब तक नहीं कराई गई और सरकार जातिगत जनगणना से भी बच रही है। उनका आरोप था कि चुनावी फायदे के लिए विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन जैसे मुद्दे को आगे बढ़ाने की कोशिश की गई, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। महिलाओं से जुड़े मामलों को उठाते हुए उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा देने वाली सरकार महिलाओं के साथ अन्याय के मामलों में सख्त कार्रवाई करने में विफल रही है। उन्होंने एक विधायक पर दर्ज पॉक्सो मामले का हवाला देते हुए कार्रवाई की मांग की और कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पर राजनीति नहीं, ठोस कदम जरूरी हैं।

### कहा- महंगाई से बढ़ा आम जनता का दर्द

**लांबा** ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी वृद्धि आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उन्होंने हिमाचल में बेटियों की विवाह आयु बढ़ाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह सामाजिक सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम है, लेकिन महिलाओं के अधिकारों की असली मजबूती तभी होगी जब आरक्षण कानून को पूरी तरह लागू किया जाएगा।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस पार्टी बेनकाब : वंदना योगी

अनंत ज्ञान


**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश सचिव वंदना योगी ने कांग्रेस नेत्री अलका लांबा के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि महिला आरक्षण, परिसीमन और जनगणना जैसे संवेदनशील मुद्दों पर कांग्रेस सुनियोजित ढंग से भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित संवैधानिक बदलावों के बाद दक्षिण भारत की राजनीतिक हिस्सेदारी घटने का दावा पूरी तरह तथ्यहीन है।

आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल, सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ेगी और कुल प्रतिनिधित्व लगभग 24 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की शक्ति कम नहीं हो रही, बल्कि संतुलित और न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है, जबकि कांग्रेस तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर एक झूठा नैरेटिव गढ़ रही है। वंदना योगी ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि जब 33 प्रतिशत भागीदारी का ऐतिहासिक अवसर आया, तब कांग्रेस ने विरोध किया, और आज वही दल महिलाओं के अधिकारों की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक स्तर पर महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देती रही है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण सर्वोच्च प्राथमिकता बना है। जाति जनगणना को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार इसे वैज्ञानिक और चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत शामिल करने का निर्णय ले चुकी है, जबकि परिसीमन पर उठाए गए सवालों को उन्होंने राजनीतिक हताशा बताया। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया संसद और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ही लागू होगी।

# असम के जलेश्वर में मुख्यमंत्री सुक्खू की रणनीति ने कांग्रेस को दिलाई जीत

## सीएम के प्रचार ने बदली चुनावी हवा, स्थानीय मुद्दों पर मिला समर्थन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** असम के जलेश्वर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की जीत ने न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी नई चर्चा छेड़ दी है। इस सीट पर मिली रिकॉर्ड बढ़त ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मतदाताओं ने स्थानीय मुद्दों, विकास और नेतृत्व पर भरोसा जताया है। खास बात यह रही कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा यहां किया गया प्रचार अभियान निर्णायक साबित हुआ, जिसने चुनावी हवा को कांग्रेस के पक्ष में मोड़ दिया। जलेश्वर सीट पर कांग्रेस की यह जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सुक्खू के जमीनी जुड़ाव और सरल शैली ने मतदाताओं के बीच विश्वास पैदा किया। उन्होंने अपने प्रचार में बेरोजगारी, महंगाई और क्षेत्रीय विकास जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, जिससे आम मतदाता सीधे तौर पर जुड़ सका। यही कारण रहा कि कांग्रेस को यहां अभूतपूर्व समर्थन मिला। विपक्षी दलों ने जहां बड़े-बड़े दावे किए थे, वहीं परिणामों ने उनके सभी दावों को कमजोर साबित कर दिया। कई जगहों पर ध्रुवीकरण की कोशिशें भी हुईं, लेकिन जलेश्वर के मतदाताओं ने इन सबको नजरअंदाज करते हुए विकास और स्थिरता को प्राथमिकता दी।

# जयराम का तंज : भाजपा के लिए लक्की स्टार प्रचारक साबित हुए सुक्खू

## कहा- हिमाचल के मुख्यमंत्री ने जिसके लिए किया प्रचार; उसे मिले 650 वोट, जमानत भी हुई जब्त

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** पश्चिम बंगाल में जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू चुनाव प्रचार के लिए गए थे, वहां कांग्रेस के एक प्रत्याशी को मात्र 650 वोट मिले हैं और उसकी जमानत भी जब्त हो गई है। इससे अब यह साबित हो गया है कि मुख्यमंत्री सुक्खू जहां-जहां भी प्रचार के लिए जाते हैं वहां-वहां कांग्रेस की हार ही होती है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में मीडिया से बातचीत में ये तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अब भाजपा के लिए लक्की स्टार प्रचारक साबित हो रहे हैं।



मंडी में पार्टी के चुनाव कार्यालयों का उदघाटन करने के बाद मीडिया से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि अब प्रदेश के साथ ही देश भर की जनता भी यह जान चुकी है कि सीएम सुक्खू सिर्फ झूठ बोलते हैं। इसलिए उनकी बातों और बहकावे में कोई नहीं आता। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस ईवीएम के दम पर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी आज उसी ईवीएम को बाकी राज्यों में हार का कारण बताया जा रहा है। सीएम सुक्खू और कांग्रेस पार्टी का यही रवैया हो गया है कि जहां-जहां हार मिले वहां-वहां हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दो। देश भर में ईवीएम के माध्यम से एक बार नहीं अनेकों बार चुनाव हुए हैं और सभी चुनावों को पूरी पारदर्शिता से संपन्न करवाया गया है। इसमें खुद कांग्रेस की सरकारें कई राज्यों में बनी हैं, लेकिन हार के समय ईवीएम पर दोष देना सही नहीं है।

### पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले के दोषियों को बचा रही सरकार

**पूर्व** मुख्यमंत्री जयराम ने पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में वर्तमान कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि आखिर मुख्यमंत्री कि ऐसी क्या मजबूरी है कि सीबीआई की जांच रिपोर्ट आने के बाद भी दोषी पुलिस अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उन्हें रिवॉर्ड देते जा रहे हैं और कुछ को प्रमोशन तक दे दी गई है। सरकार उन्हें बचा रही है गलत काम करने वालों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारे समय में जब मुझे पुलिस भर्ती के पेपर लीक की जानकारी मिली थी तो उसी दिन मैंने एस.आई.टी. गठित की और परीक्षा रद्द करवा दी थी। जब मेरे ध्यान में आया कि इसमें जांच करने वाले पुलिस अधिकारी ही संलिप्त पुलिस अधिकारियों की जांच करेंगे तो मैंने मामला सीबीआई को दे दिया था जबकि मेरी जानकारी है कि 2024 में ही ये रिपोर्ट आ चुकी है जिसमें सीबीआई ने संलिप्त पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की सिफारिश की है, लेकिन दुर्भाग्यवश ये सरकार उन्हें संरक्षण प्रदान कर कार्रवाई नहीं कर रही है।

**नगर निकाय चुनाव** | **प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव में 16 नामांकन रद्द; मंडी में सबसे ज्यादा**

# आज तय होगी अंतिम चुनावी जंग की तस्वीर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शहरी निकाय चुनाव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जांच में 16 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हो गए हैं, जबकि 6 मई को नाम वापसी का दिन तय किया गया है। इसी दिन यह स्पष्ट हो जाएगा कि अंतिम रूप से कितने प्रत्याशी चुनावी मैदान में रहेंगे और किन वार्डों में मुकाबला रोचक होगा या निर्विरोध जीत तय होगी।

राज्य भर के 51 शहरी निकायों में 449 पार्षद पदों के लिए कुल 1426 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे थे। जांच प्रक्रिया के दौरान कई तकनीकी कारणों और नियमों के उल्लंघन के चलते नामांकन रद्द




किए गए। खास बात यह है कि जिला कुल्लू और सिरमौर में अभी जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है, जिससे इन क्षेत्रों की स्थिति जल्द ही साफ होने की उम्मीद है।

मंडी नगर निगम में सबसे ज्यादा छह नामांकन रद्द हुए हैं, जबकि सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, नेरचौक, मनाली, निरमंड और घुमारवीं में एक-एक तथा बिलासपुर में दो नामांकन खारिज किए गए हैं। कई उम्मीदवारों द्वारा दो-दो नामांकन दाखिल करने के मामले भी सामने आए, जिनमें एक स्वीकार और दूसरा निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही अब राजनीतिक दल बागी और निर्दलीय उम्मीदवारों को मनाने में जुट गए हैं ताकि मुकाबला सीधा और जीत का रास्ता आसान बनाया जा सके। कुछ वार्डों में चुनाव दिलचस्प मोड़ ले चुका है, जहां केवल एक ही नामांकन प्राप्त हुआ है। कुल्लू के बंजार, मंडी के रिवालसर और करसोग, तथा शिमला के नेरवा और चिड़गांव के वार्डों में यदि 6 मई को नाम वापस नहीं लिए गए तो इन सीटों पर उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। इससे कई जगह मुकाबले की धार कम होती दिख रही है। अंतिम रूप से देखा जाए तो 6 मई का दिन इस चुनाव की दिशा तय करने वाला साबित होगा।

नाम वापसी के बाद ही असली मुकाबले की तस्वीर सामने आएगी और इसके साथ ही चुनाव प्रचार भी पूरी गति पकड़ लेगा। ऐसे में अब सभी की नजरें कल के दिन पर टिकी हैं, जब शहरी निकाय चुनाव की असली लड़ाई का मंच पूरी तरह तैयार होगा।

### 24 घंटे के सीसीटीवी निगरानी के दिशा-निर्देश जारी

**चुनाव** प्रक्रिया को पारदर्शी व सुरक्षित बनाए रखने के लिए आयोग ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा के बीच रखा गया है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी और पुलिस तैनाती सुनिश्चित की गई है। डबल लॉक सिस्टम और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी से चुनावी निष्पक्षता को मजबूत किया जा रहा है।

# चुनावी तैयारियों पर डीसी की सख्ती

## सामग्री वितरण व सुरक्षा व्यवस्थाओं की तैयारियों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आगामी स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर कोई दुविधा उत्पन्न होती है तो तत्काल राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए या जिला मुख्यालय से संपर्क स्थापित कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीएम और खंड विकास अधिकारियों के साथ आयोजित की गई।

उपायुक्त ने बताया कि चुनाव सामग्री का वितरण 9 और 10 मई को निर्धारित किया गया है, जिसके



लिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी तैयारियां पूर्ण रखें और सामग्री को सुरक्षित स्थानों पर संरक्षित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा कम से कम एक मतदान केंद्र की वेबकास्टिंग अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए, जिसमें संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मतदाता सूची को लेकर जिले में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है और चुनावी व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं, साथ ही सेक्टर अधिकारियों की तैनाती और नियंत्रण कक्षों की स्थापना भी सुनिश्चित कर दी गई है। दूरदराज क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी मतगणना केंद्रों पर बिजली के वैकल्पिक साधनों की व्यवस्था की जाए ताकि किसी भी परिस्थिति में कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि चुनाव संबंधी जो भी मांग विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हो रही है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियों का अंतिम परीक्षण पूरा

# आईपीएल मैच : मॉकड्रिल में परखा इमरजेंसी रिस्पॉन्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मई माह के दौरान एचपीसीए स्टेडियम में आयोजित होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तीन महत्वपूर्ण मैचों के दृष्टिगत जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

इस संबंध में एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व निर्धारित चारों (04) मॉक ड्रिल्स सफलतापूर्वक संपन्न कर ली गई हैं तथा सभी संबंधित विभाग किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन की संवेदनशीलता तथा बड़ी संख्या में संभावित दर्शकों, खिलाड़ियों, वीआईपी, वीवीआईपी, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आयोजन कर्मियों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संभावित आपदा परिदृश्यों पर आधारित मॉक अभ्यास आयोजित किए गए। इन अभ्यासों के माध्यम से न केवल विभागों की प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण किया गया, बल्कि संसाधनों की उपलब्धता, संचार प्रणाली, निकासी योजना, भीड़ नियंत्रण एवं अंतर-विभागीय समन्वय का भी व्यापक मूल्यांकन किया गया। एडीएम ने बताया कि 28 अप्रैल 2026 को आयोजित स्ट्रक्चरल कोलैप्स ड्रिल के दौरान स्टेडियम के एक हिस्से के आंशिक ध्वस्त होने की काल्पनिक स्थिति में खोज एवं बचाव अभियान, घायलों की सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, ट्रायेज प्रणाली तथा एम्बुलेंस मूवमेंट का परीक्षण किया गया जबकि 29 अप्रैल 2026 को ड्रोन घुसपैठ, एयरस्पेस खतरा सिमुलेशन आयोजित किया गया, जिसमें अनधिकृत ड्रोन की संभावित घुसपैठ की स्थिति में पुलिस, सुरक्षा एजेंसियों एवं तकनीकी टीमों की प्रतिक्रिया, सूचना संप्रेषण तंत्र तथा एयरस्पेस सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की गई। इसके अलावा मंगलवार को दो महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल्स सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। प्रथम, नाइट-टाइम इमरजेंसी ड्रिल के अंतर्गत मैच के दौरान बिजली बाधित होने की स्थिति, बैकअप लाइटिंग सिस्टम के सक्रियण, कम दृष्यता में निकासी, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली तथा आपातकालीन निकास मार्गों का परीक्षण किया गया। इस दौरान दर्शकों की सुरक्षित निकासी एवं आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। इसके अतिरिक्त फायर इमरजेंसी ड्रिल के तहत फूड कोर्ट एवं इलेक्ट्रिकल रूम में आग लगने की काल्पनिक स्थिति का सिमुलेशन किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा फायर दमन, धुआं नियंत्रण, फायर हाइड्रेंट सक्रियण, घायलों की निकासी तथा इंसिडेंट कमांड सिस्टम (आईसीएस) का सफल संचालन किया गया।

मॉक ड्रिल्स के उपरांत समीक्षा बैठक में सभी विभागों की तैयारियों का मूल्यांकन किया व आवश्यक सुधारात्मक सुझावों को शामिल किया गया। प्रशासन ने स्टेडियम की आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना, चिकित्सा प्रतिक्रिया प्रणाली, रूट डायवर्जन योजना, भीड़ प्रबंधन रणनीति व वीआईपी सुरक्षा समन्वय को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है।



### मैचों के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का करें पालन

उन्होंने आमजन से अपील की कि मैचों के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश-निकास नियमों एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन, सभी विभागों एवं सहयोगी एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से आईपीएल मैचों का आयोजन सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

### प्रशासन का उद्देश्य सुरक्षा सुनिश्चित करना : एडीएम

एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सभी हितधारकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है व आपातकालीन संचालन केंद्र (ईओसी) द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी।

## शाहपुर की निहारिका का अंतरराष्ट्रीय चयन कुराश टीम में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान



**शाहपुर।** मेहनत, लगन और अनुशासन की मिसाल बनकर उभरी शाहपुर की बेटी निहारिका राणा ने पूरे प्रदेश को गर्व से भर दिया है। 70 किलोग्राम भार वर्ग में उनका चयन भारतीय कुराश टीम के लिए हुआ है, जिसके साथ वे आगामी एशियन सीनियर कुराश कप 2026 (उज्बेकिस्तान) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। निहारिका, जो शाहपुर के उढ़म्भ निवासी संदीप राणा और चारु राणा की पुत्री हैं, ने अपने इस शानदार मुकाम तक पहुंचने के लिए अथक परिश्रम किया है। उनका यह सफर केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। आज हर ओर उनकी सफलता की चर्चा है और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ रही है। अपनी सफलता का श्रेय निहारिका ने अपने कोच वीरेंद्र सिंह धौलटा (महासचिव, हिमाचल कुराश) को दिया, जिनके मार्गदर्शन और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के निरंतर सहयोग और विश्वास को भी अपनी ताकत बताया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शाहपुर के विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने निहारिका को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल शाहपुर, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निहारिका अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगी। निहारिका राणा की यह सफलता साबित करती है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो छोटे से क्षेत्र से निकलकर भी विश्व स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। आज वह केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक प्रतीक बन चुकी हैं।

## कन्या स्कूल गरली की 6 छात्राओं ने झटके 90 प्रतिशत से अधिक अंक

अनंत ज्ञान



**पिंकी, डाडासीबा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली का 10+2 का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष बेहद शानदार रहा। विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम के अनुसार 6 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 9 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। आर्ट्स संकाय में काजल सुपुत्री राज कुमार ने 500 में से 479 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कीर्ति शर्मा सुपुत्री सतीश कुमार ने 477 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि काजल सुपुत्री सुभाष चंद 474 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।

वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अंजली सुपुत्री हरपाल सिंह ने 431 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निहारिका सुपुत्री हरवंश सिंह और एंजल सुपुत्री हरिकृष्ण ने 415 अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। रंजना सुपुत्री राजेंद्र कुमार 399 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मलकीत सिंह ने इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी छात्राओं, अभिभावकों तथा विद्यालय के मेहनती एवं समर्पित अध्यापकों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय में मिठाई बांटकर खुशी साझा की गई और छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## अवस्थी कॉलेज के छात्रों ने संस्थान का नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अवस्थी शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। इन शानदार परिणामों ने न केवल विद्यार्थियों, बल्कि पूरे संस्थान को गर्व से भर दिया है। प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2025-2027) में प्रथम स्थान प्रतिभा डोगरा 296/350, द्वितीय स्थान डिंपल ठाकुर 294/350, तृतीय स्थान अक्षिता, महक एवं मुस्कान 291/350, जबकि तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2024-2026) प्रथम स्थान ऋषिका 304/350, द्वितीय स्थान सांडली 302/350, तृतीय स्थान रजनीश 298/350 ने प्राप्त किया। संस्थान की अध्यक्ष कृष्णा अवस्थी एवं निदेशक अमित भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं आशीर्वाद दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के प्राचार्य डॉ सुमित चौहान ने भी सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया और उनके सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## लंबित एरियर व डीए पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

**◆ 1 जून, 2026 तय, चार सप्ताह में जवाब दायर करने के आदेश**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के लंबित एरियर और महंगाई भत्ते (डीए) के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। 4 मई 2026 को हुई सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जिया लाल भारद्वाज ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए और मामले की अगली सुनवाई 1 जून 2026 निर्धारित की गई है। सभी लंबित आर्थिक लाभों की अदायगी हेतु दायर इस याचिका में कर्मचारियों के वेतन, डीए और एरियर के करीब 8555 करोड़ रुपये के भुगतान को लेकर यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा है।

इस याचिका में वर्ष 2016 से लंबित वेतन आयोग एरियर, डीए के बकाया, एनपीएस कर्मचारियों को 60 प्रतिशत और ओपीएस कर्मचारियों के लिए 45 प्रतिशत डीए का अलग-अलग प्रावधान, भत्तों के संशोधन में कई दशक से कार्यवाही नहीं होना तथा हायर ग्रेड पे से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। मुख्य याचिकाकर्ता और राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर का कहना है कि सरकार द्वारा बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद भुगतान के लिए कोई स्पष्ट नीति या अधिसूचना पंजाब की तर्ज पर जारी नहीं की गई है। इसके चलते कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और डीए का बकाया लगातार बढ़ता जा रहा है।

याचिका में कोविड काल के दौरान फ्री किए गए डीए की बहाली, लंबे समय से लंबित भत्तों के संशोधन और सभी आर्थिक लाभों के भुगतान के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की गई है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि अदालत के हस्तक्षेप के बाद सरकार को इस दिशा में निर्णय लेना पड़ेगा और लंबे समय से अटके भुगतान का रास्ता साफ होगा।

## एयरपोर्ट की तर्ज पर दिया जाए मुआवजा

### एयरो सिटी की जद में आ रहे ग्रामीणों ने डीसी कांगड़ा से उठाई मांग



मुआवजे की मांग को लेकर महाल भड़ोत के लोग उपायुक्त कांगड़ा से मिलने के लिए पहुंचे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा एयरपोर्ट के समीप प्रस्तावित एयरो सिटी की जद में आ रहे गांवों के लोगों ने एयरपोर्ट की तर्ज पर मुआवजे की मांग उठाई है। एयरो सिटी के लिए सरकार की ओर से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों को प्रति कनाल 3 से 4 लाख रुपए दिए जा रहे हैं, जबकि एयरपोर्ट की हद में आए लोगों की भूमि के संबंध में प्रति कनाल 21 लाख रुपए दिए गए हैं। ऐसे में महाल भड़ोत के ग्रामीणों ने मंगलवार को डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा से मिलकर इस मामले को उठाया। ग्रामीणों वीर सिंह, देशराज व नरेंद्र कुमार ने बताया कि यदि उन्हें एयरपोर्ट की तर्ज पर मुआवजा नहीं दिया गया तो विरोध स्वरूप उन्हे सडक़ों पर उतरना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पता चला है कि महाल भड़ोत तहसील शाहपुर में सरकार एयरो सिटी बनाने जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि चिन्हित भूमि बंडी के लोगों की उपजाऊ भूमि है। इसी भूमि पर फसल उगाकर ग्रामीण परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि इस भूमि पर प्रति कनाल सर्कल रेट बहुत कम है, इस रेट पर ग्रामीण अपनी भूमि देने को बिल्कल तैयार नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस महाल के साथ लगती महाल जुगेहड़ का सर्कल रेट काफी अच्छा है और हमें भी जुगेहड़ के सर्कल रेट के आधार पर मुआवजा दिया जाए। यदि सरकार व प्रशासन जुगेहड़ के सर्कल रेट दिया जाता है तो ही ग्रामीण अपनी भूमि एयरो सिटी के लिए देंगे, अन्यथा ग्रामीण सडक़ों पर उतरकर अपनी भूमि के अधिग्रहण का विरोध करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### धमेटा-खटियाड में तीन दिन बिजली कट

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के विद्युत बोर्ड उपमंडल फतेहपुर के अंतर्गत आने वाले धमेटा-खटियाड क्षेत्र में 6, 7 और 9 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल फतेहपुर अभिजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 केवी धमेटा फीडर की एचटी लाइनों के तार बदलने, मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य के चलते यह कट लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीनों दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान धमेटा, खटियाड, रियाल, पोलियां, मानगढ़ सहित आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि खराब मौसम या तकनीकी कारणों से कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया, तो इसे अगले दिन पूरा किया जाएगा। साथ ही लोगों से आवश्यक सावधानियां बरतने का भी आग्रह किया गया है।

### खड़ौठ में गाड़ी से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत 4 मई को मुकाम खड़ौठ रोड के पास परौर की तरफ से आ रही आल्टो गाड़ी नं. एचपी 37ई-5767 की डिग्गी में सवार चालक रमन कुमार निवासी गांव व डाकघर बल्लाह तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा से 9000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस ने अभियोग जेर धारा 39(1) ए हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### घर से 6000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के तहत 4 मई को मुकाम घरथौली में रमेश कुमार निवासी गांव घरथौली डाकघर पनापर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा के घर से 6000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस ने अभियोग जेर धारा 39(1)ए हिमाचल आबकारी अधिनियम के अधीन केस दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### अरला जिप वार्ड से भारती होंगे भाजपा प्रत्याशी



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** संगठनात्मक जिला कांगड़ा की जिला परिषद अरला वार्ड की सीट तनु भारती को आधिकारिक रूप से घोषणा उपरांत भवारना में भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने जश्न मनाया। फेटा बाजार चौक भवारना में कार्यकर्ताओं ने पटाखे किए और मिठाइयां बांटी।भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक पल है कि तनु भारती को जिला परिषद अरला वार्ड के लिए पार्टी की तरफ प्रत्याशी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश में इस समय भाजपा की प्रचंड लहर है उसे देख कर लगता है कि केवल तनु भारती ही नहीं बल्कि समस्त भाजपा प्रत्याशी जीत का परचम लहराएंगे।

### खैरा स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरा में बारहवीं कक्षा का परिणाम 99 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में शिवानी ने 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कला संकाय में वंशिका ने 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा विज्ञान संकाय में युग पटियाल ने 90 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 106 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिनमें से 32 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस बीच 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 18 विद्यार्थियों के 80 से अधिक अंक आए हैं। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्या सुदेश कुमारी एवं एसएमसी प्रधान राकेश राणा ने विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को बधाई दी।

## सौ वर्ष पहले अंग्रेजों ने 3 साल में बनाया था पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे ट्रैक

अनंत ज्ञान



**◆ संघर्ष समिति ने सांसद अनुराग शर्मा से मिलकर उठाई समस्या**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** ब्रिटिश हुकूमत काल में अंग्रेजों ने सौ वर्ष पहले तीन वर्ष में पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे ट्रैक बना दिया था। जबकि वर्तमान में पिछले चार साल से रेलवे पुल को शुरू नहीं किया जा सका है, जिसके चलते रेल सेवाएं बहाल नहीं हो पा रही हैं। अब कांगड़ा घाटी रेल लाइन पर रेल सेवा बहाली को संघर्षरत रेलवे संघर्ष समिति के प्रयासों को बल मिला है। राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा से मिलकर समिति ने लंबे समय से बंद पड़ी रेल सेवा बहाल की मांग उठाई है। समिति का कहना है कि जिला के कई क्षेत्र परिवहन सुविधा के लिए रेल पर आश्रित हैं, लेकिन रेल सेवा बहाल न होने से कई लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद अनुराग शर्मा रानीताल में रेल सेवा बहाल न होने से प्रभावित हो रहे लोगों से मिलने पहुंचे थे।

कांगड़ा घाटी रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष पीसी विश्वकर्मा ने कहा कि हमें राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा का साथ मिला है संघर्ष समिति इस आंदोलन को और निर्णायक दिशा देने का प्रयास करेगी। समिति के महासचिव अभिनव शर्मा ने कहा कि रेल बहाली के महत्वपूर्ण मुद्दे पर अनुराग शर्मा रेलवे संघर्ष समिति से मिलने वाले पहले हिमाचली सांसद हैं जो रानीताल में जनता का दर्द सुनने पहुंचे हैं। बाकी सांसदों ने तो हमारे फोन और पत्रों का जबाब देना भी उचित नहीं समझा।

समिति सचिव नरेश सलारिया अंग्रेजों ने सौ वर्ष पहले मात्र तीन वर्ष में पूरे पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग का निर्माण कर दिया था। अब रेलवे चार वर्ष में एक पुल शुरू नहीं कर पाया। बड़े दुख की बात है और उससे भी दुख की बात है कांगड़ा रेलवे को राजनीतिक लाभ के लिए बली चढ़ाया जा रहा है।

समिति प्रवक्ता नवीन वर्मा ने कहा कि कांगड़ा घाटी रेलमार्ग बंद होने से पर्यटन, व्यापार, टैक्सी, होटल व्यवसाय सब कुछ दम तोड़ चुका है। अगर सरकार ने जल्दी रेल को बहाल नहीं किया तो हमें सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

## जमा एक में प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पूर्व प्रान्त महामंत्री डॉ. मामराज पुंडीर ने हिमाचल प्रदेश में +1 कक्षा के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग उठाई है। डॉ. पुंडीर ने कहा कि वर्तमान में अनेक विद्यार्थी एवं अभिभावक निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। परिणामों में विलंब, आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति में समस्याएं तथा विशेषकर ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में आवागमन संबंधी दिक्कतों के कारण कई योग्य विद्यार्थी समय पर प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रवेश तिथि को यथावत रखा गया तो बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षा के अधिकार से वंचित हो सकते हैं, जो कि चिंताजनक है। डॉ. पुंडीर ने प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए +1 कक्षा में प्रवेश की अंतिम तिथि को उचित अवधि तक बढ़ाया जाए, ताकि सभी पात्र विद्यार्थियों को बिना किसी दबाव के प्रवेश का अवसर मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षा विभाग इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में कदम उठाएगा।

## जयसिंहपुर में मिठाइयां बांटकर मनाया भाजपा की जीत पर जश्न



भाजपा की जीत पर जयसिंहपुर में रैली निकालते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत पर जयसिंहपुर में कार्यकर्ताओं ने जयसिंहपुर बाजार में मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक रवि धीमान ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों पर जनता के भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें बन चुकी हैं और अब हिमाचल की बारी है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद सदस्य संजीव ठाकुर, आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमत प्रसाद, अरुण, राजेश सुग्गा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोतवाली बाजार और शीला चौक में गैस सप्लाई प्रभावित

अनंत ज्ञान

**◆ बुकिंग के बावजूद डिलीवरी न होने पर उपभोक्ता परेशान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के कोतवाली बाजार व शीला चौक में इंडेन गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के बावजूद गैस की डिलीवरी नहीं हो रही है। आलम यह है कि पिछले दो माह से निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सप्लाई न के बराबर है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि इंडियन ऑयल कोरपोरेशन की इंडेन गैस एजेंसी से समय पर गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि घरों में गैस खत्म होने के कारण खाना बनाने में भी समस्या खड़ी हो गई है। गृहणियों ने खास तौर पर नाराजगी जताते हुए कहा कि रसोई गैस जैसी आवश्यक सुविधा का इस तरह बाधित होना बेहद चिंताजनक है। कई परिवार वैकल्पिक इंतजाम करने को मजबूर हैं, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि एजेंसी प्रबंधन की ओर से स्थिति को लेकर कोई ठोस जानकारी साझा नहीं की जा रही है। साथ ही पिछले दो माह से रूट चार्ट के तहत भी सप्लाई नहीं की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं में असमंजस और रोष का माहौल बना हुआ है। उपभोक्ताओं ने चेताया है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

> इंडेन के लोड पिछले पांच से छह दिनों से नहीं पहुंच पाए हैं। जिससे अधिक दिक्कत की स्थिति बनी है। इस संबंध में कंपनी को जल्द उचित सप्लाई के संबंध में निर्देश दिए जाएंगे।
> **-पुरषोत्तम सिंह**
> **जिला नियंत्रक, खाद्य आपूर्ति विभाग जिला कांगड़ा**

## डरोह स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

### इष्टा ने मेरिट में पाया दसवां स्थान, सम्मान प्राप्त कर चहके मेधावी



डरोह स्कूल में जमा दो कक्षा के होनहारों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ठ पाठशाला डरोह का बोर्ड की जमा दो कक्षा का परीक्षा प्रणाम शतप्रतिशत रहा है। स्कूल से बोर्ड की परीक्षा में कुल 102 छात्र व छात्राओं ने मार्च में संचालित परीक्षा में भाग लिया था।

सोमवार को घोषित हुए परिणाम में सभी छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। स्कूल की छात्रा कुमारी ईष्टा ने बोर्ड की मेरिट सूची में कला संकाय में दसवां स्थान हासिल किया है। उसने 500 में से 487 अंक हासिल किए हैं। वही कुमारी एकता ने 500 से 474 अंक हासिल कर दूसरा और सुहानी ने 500 से 338 अंक हासिल करके तीसरा स्थान हासिल किया है। वाणिज्य संकाय में कुमारी गुंजन ने 500 से 457 अंक हासिल कर पहला, स्मृति शर्मा ने 500 से 456 अंक लेकर दूसरा और दिव्यांश ने 500 से 438 अंक हासिल तीसरा स्थान पाया है। उधर विज्ञान विषय में कुमारी अनुष्का सूद ने 500 से 482 अंक हासिल कर पहला, कुमारी अक्षरा ने 500 से 476 अंक हासिल कर दूसरा व शीतल और सारिबा ने 500 से 475 अंक प्राप्त कर दोनों ने तीसरा स्थान पाया है। स्कूल में मंगलवार को सभी मेरिट सूची में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों और उनके अविभावकों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों को अध्यापकों और एसएमसी के सदस्यों ने फूल मालाएं पहनाई और उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र बहुत ही खुश नजर आए।

इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। स्कूल के प्रवक्ताओं ने भी छात्रों की जमकर प्रशंसा की। वहीं एसएमसी अध्यक्ष बलविंदर कुमार ने भी छात्रों की मेहनत, अध्यापकों का सहयोग और स्कूल प्रबंधन समिति का स्कूल के लिए समर्पण को याद किया और सभी अव्वल रहे छात्रों और उनके अविभावकों को बधाई दी।

## पेंशनर्स को संयुक्त सलाहकार कमेटी से उम्मीद: कृष्ण शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार पेंशनर्स की संयुक्त सलाहकार कमेटी का गठन कर देती है तो हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स के लिए राहत भरी खबर होगी। उन्होंने कहा कि संयुक्त सलाहकार कमेटी की बैठक में पेंशनर्स की ज्वलंत मांगों पर गहनता से विचार विमर्श किया जा सकता है तथा कई मांगों को मौके पर ही हल करवाया जा सकता है। प्रधान ने कहा कि यदि बैठक में जो पेंशनर्स जनवरी 2016 से लेकर जनवरी 2022के बीच सेवानिवृत हुए हैं उनकी मांग मान ली जाती है तो हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स के लिए अच्छी रहती भरी खबर होगी जो कि लाखों रुपयों का नुकसान झेल रहे हैं। प्रधान ने प्रदेश सरकार से मांग की है अब तो हिमाचल प्रदेश के कर्मठ पेंशनर्स की मांगों को मान लेना चाहिए, क्योंकि पेंशनर्स का प्रदेश की तरक्की में काफी योगदान है वभविष्य में भी रहेगा। प्रधान ने आशा व्यक्त की है कि सरकार प्रदेश के प्रति पेंशनर्स के योगदान को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों का शीघ्र निपटारा करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बिनवा स्कूल की बेटियों ने रचा इतिहास



अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। बिनवा पब्लिक स्कूल की होनहार छात्राओं ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की छात्रा रिदम (कॉमर्स) और तबस्सुम (साइंस) ने हिमाचल प्रदेश में 15वां स्थान हासिल कर शानदार उपलब्धि दर्ज की है। इस सफलता पर स्कूल की अध्यापिका रेणु शर्मा, सात्विक शर्मा व अनुराग शर्मा ने दोनों छात्राओं को बधाई दी। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के मेहनती स्टाफ और अपने परिजनों को दिया है। स्कूल के लिए यह गर्व की बात है कि इस वर्ष 40 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो संस्था की गुणवत्ता शिक्षा को दर्शाता है।

### मलाहड़ी स्कूल की दो छात्राएं तीसरे स्थान पर



अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मलाहड़ी की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं ने 500 में से 488 अंक (97.6 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया। मलाहड़ी निवासी अक्षिमा पठानिया, सुपुत्री रविंद्र सिंह, ने वाणिज्य संकाय में यह शानदार उपलब्धि हासिल की। वहीं पंदियाला निवासी रिधिमा, सुपुत्री सुरिंद्र सिंह, ने भी समान अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों छात्राओं ने बताया कि उनका लक्ष्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनना है। इस उपलब्धि से स्कूल, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा दोनों छात्राओं को बधाइयों का सिलसिला जारी है।

### देहरा पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान, सालविया शर्मा, गरली। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्लस टू परीक्षा परिणाम 2025-26 में देहरा पब्लिक स्कूल खबली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। स्कूल के सभी 30 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिधिका राणा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दिव्यांशी शर्मा और नितिका शर्मा ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंशिता राणा ने 93 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कशिश, खुशी, शुभम, प्रीतिका और मुस्कान गुलेरिया सहित कई विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या रमा सिंह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। यह परिणाम पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गया है।

### चड़ी स्कूल का 12वीं का परिणाम 98 प्रतिशत

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चड़ी के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10+2 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। यह परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में भी बेहतर बताया गया है। विज्ञान संकाय में वंशिका, वाणिज्य संकाय में काशिश और कला संकाय में करण ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या अरुणा बाला पटियाल ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास का परिणाम है और विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

### परागपुर मॉडल स्कूल का परिणाम में जलवा

अनंत ज्ञान, गरली। बोर्ड परीक्षा 2025-26 के परिणाम में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, परागपुर ने ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसने पूरे इलाके में शिक्षा का नया मानक स्थापित कर दिया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने आर्ट्स, कॉमर्स, मेडिकल में बेहतरीन अंक हासिल कर अपना दबदबा कायम किया है। आर्ट्स संकाय में रुद्राक्षी राणा ने 472 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सचलीन कौर (466) और पावनी शर्मा (465) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में कनिका पठिया ने 440 अंकों के साथ अव्वल रहीं, वहीं प्राची शर्मा (413) और सुमित (405) ने शानदार प्रदर्शन किया। मेडिकल संकाय में शौर्य मेहता ने 453 अंक लेकर पहला स्थान अपने नाम किया। रिधिमा राणा (426) और कशिश भारद्वाज (399) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। नॉन-मेडिकल संकाय में बलराज सिंह 448 अंकों के साथ टॉपर रहे, जबकि अक्षरा (433) और हर्ष (398) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### कोतवाली बाजार में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। विद्युत उपमंडल, नं-1 के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने जानकारी दी है कि कालापुल सब स्टेशन पर 33/11 केवी ग्राउंड वार्ड धर्मशाला शहर के इससे जुड़े 11 केवी फीडरों के सामान्य रखरखाव कार्यों के लिए 6 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक या कार्य समाप्ति तक कोतवाली बाजार, जल शक्ति कॉम्प्लेक्स, एमसी ऑफिस, यात्री निवास, जोनल हॉस्पिटल, आयुर्वेदिक अस्पताल, न्यायिक परिसर, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी कार्यालय, डीसी कार्यालय, डिपो बाजार, सिविल लाइन्स, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लिनिक शामनगर, पुलिस लाइन्स, एक जोत कॉलोनी, चीलगाड़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, एआईआर, सरकारी कॉलेज, बीएड कॉलेज और सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

### लंज बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू



अनंत ज्ञान, शाहपुर। लंज बाजार में भारतीय जनता पार्टी की जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू बांटे और एक-दूसरे को बधाइयां दीं। पूरे बाजार में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश चौहान, रवि दत्त शर्मा, केशवानंद सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। राकेश चौहान ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। रवि दत्त शर्मा ने इसे विकास और सुशासन की जीत बताया।

### शिकायतों के लिए नया दूरभाष नंबर जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निकाय चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना व संशोधन किया गया है। अब वैकल्पिक टेलीफोन नंबर 01892-223322 (कक्ष संख्या 718) को कंट्रोल रूम के रूप में क्रियाशील किया गया है। इससे पूर्व यह व्यवस्था कक्ष संख्या 803 और नंबर 01892-222103 पर थी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए केवल नए नंबर का ही उपयोग करें, ताकि शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### छात्रों को प्रवेश से वंचित करना दुर्भाग्यपूर्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में 8 मई को प्रस्तावित 17वें दीक्षांत समारोह को लेकर विवाद गहरा गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आरोप लगाया है कि जिन पूर्व छात्रों के लिए यह समारोह आयोजित किया जा रहा है, उन्हीं को इसमें शामिल होने से रोका जा रहा है। एबीवीपी प्रतिनिधियों ने कुलपति से मिलकर पहले बंद किए गए पंजीकरण गूगल फॉर्म को दोबारा खोलने की मांग की, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया। इकाई अध्यक्ष शैफाली ठाकुर ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि डिग्री वितरण समारोह में ही पात्र छात्रों को भाग लेने से वंचित किया जा रहा है। परिषद ने स्थान की कमी के तर्क को भी खारिज करते हुए इसे प्रशासनिक लापरवाही बताया और चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

### पुनर्मूल्यांकन के लिए 19 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः जांच के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 19 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपये तथा पुनः जांच के लिए 800 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। साथ ही केवल थ्योरी भाग का ही पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, एसमीक्यू शामिल नहीं होंगे। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# एयरो सिटी प्रस्ताव पर लोगों को राहत दिलाने की पहल तेज

## केवल पठानिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष उठाई बंडी के लोगों की मांग

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा के ग्राम बंडी के निवासियों की मांगों से संबंधित एक महत्वपूर्ण अभ्यावेदन मुख्यमंत्री को सौंपा। विधायक पठानिया ने मुख्यमंत्री के ध्यान में लाया कि मोहल भादोत (बंडी) में प्रस्तावित एयरो सिटी की स्थापना को लेकर स्थानीय निवासियों में सर्किल रेट को लेकर चिंता है। निवासियों को ज्ञात हुआ है कि बण्डी क्षेत्र का सर्किल रेट, साथ लगते मोहल जुगेहर के रेट की तुलना में काफी कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बण्डी क्षेत्र की भूमि अत्यंत उपजाऊ है और यहां के निवासियों की आजीविका पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में कम सर्किल रेट उनके भविष्य और आर्थिक सुरक्षा के साथ अन्याय होगा। स्थानीय निवासियों की मांग है कि उन्हें भी मोहाल जुगेहर के बराबर सर्किल रेट प्रदान किया जाए। बण्डी के निवासियों की यह मांग पूरी तरह से न्यायसंगत और उचित है। उपजाऊ भूमि और आजीविका के नुकसान को देखते हुए उन्हें सही मुआवजा मिलना अनिवार्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया है कि वे संबंधित विभाग को इस मामले की जांच करने और ग्रामीणों को राहत देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक केवल सिंह पठानिया की बात को ध्यानपूर्वक सुना और इस संबंध में संबंधित विभाग को उचित कार्यवाही और तथ्यों की जांच करने का आश्वासन दिया है।

# एसपी कुलभूषण वर्मा की अध्यक्षता में सुरक्षा व कानून व्यवस्था पर मंथन



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। पुलिस जिला नूरपुर की मासिक अपराध समीक्षा एवं कल्याण बैठक में एनडीपीएस, पिट एनडीपीएस और पंचायती राज चुनावों पर विस्तृत चर्चा की गई। मंगलवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने की। बैठक में जिला के समस्त एसडीपीओ, एसएचओ, पुलिस चौकी प्रभारी, मुख्य लिपिक एवं प्रभारी सुरक्षा ने भाग लिया। अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण, अनुसंधान की गुणवत्ता, एनडीपीएस मामलों की वित्तीय जांच, पिट एनडीपीएस के प्रस्तावों तथा अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चर्चा की गई। आगामी चुनावों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक नूरपुर ने सभी अधिकारियों को पेशेवर कार्यशैली अपनाने, यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने और नशा उन्मूलन के लिए जनसहयोग बढ़ाने के निर्देश दिए। अपराध समीक्षा बैठक के उपरांत पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना तथा उनके कल्याण व कार्यस्थल की स्थितियों में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## हैप्पी बर्थडे



गुम्मर ज्वालामुखी की आरुषि को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



डाडासीबा के दिलबाग सिंह ठाकुर व सुमन ठाकुर को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



मोहन लाल दत्ता और आशा दत्ता को शादी की 39वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# राज्यसभा सांसद अनुराग ने रेल मंत्रालय को चेताया

अनंत ज्ञान

◆ दस दिन में रेल सेवा बहाल न की तो होगा आंदोलन

ब्यूरो, धर्मशाला। राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय को चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर कांगड़ा घाटी की बंद पड़ी रेल सेवाओं को पूर्ण तौर पर बहाल न किया उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। राज्यसभा सांसद जिला कांगड़ा के कोपड़ लाहड और ज्वालामुखी रोड पर रेल बहाली संघर्ष समिति द्वारा आयोजित रोष प्रदर्शन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि 4 वर्षों से पठानकोट जोगिंदर नगर रेल मार्ग पर रेलगाडिया की आवाजाही ठप्प पड़ी है,इस वजह से क्षेत्र की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि रेल विभाग द्वारा कई निरीक्षक रेलवे ट्रैक, रेल डिब्बों और चक्की पुल निरीक्षण के किया जा चुके हैं और इस रेल मार्ग पर रेलगाडिया की बहाली के लिए उपयुक्त पाया है बावजूद इसके रेलगाडिया की बंद है। अंग्रेजों के जमाने में मात्र 3 वर्षों के कार्यकाल में इस रेल मार्ग का निर्माण किया गया था जो की समय के बीतने के साथ-साथ कांगड़ा और मंडी के लाखों लोगों के लिए यह रेल मार्ग यातायात का महत्वपूर्ण साधन बन गया। इतना नहीं नहीं हिमाचल प्रदेश का यह रेल मार्ग बाहरी प्रदेशों से आने वाले पर्यटकों और देवस्थानों को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए देश के अन्य रेल मार्ग को जोड़ता है।

अनुराग शर्मा ने कहा कि यदि पठानकोट की जनता को इस रेल मार्ग के संचालन से कोई दिक्कत है तो रेल विभाग वैकल्पिक व्यवस्था उत्पन्न करें न कि पठानकोट की बजाय डलहौजी रोड से रेल गाडियों के संचालन का निर्णय ले। शर्मा ने रेलवे विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि अधिकारी इस बात को भी सुनिश्चित करें कि बरसात के बहाने रेल मार्ग को बंद न किया जाए। रेलगाडिया बहाल न होने से सैंकडों ढाबा संचालकों और टैक्सी चालकों भी हैं का रोजगार छिन गया है।

# देहरा पुलिस ने 9वां नशा तस्कर जेल भेजा

अनंत ज्ञान

> नशा तस्करी के विरुद्ध हमारा अभियान जीरो टॉलरेंस की नीति पर आधारित है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। एनडीपीएस के तहत यह कार्रवाई ड्रग माफिया के नेटवर्क को तोडने की दिशा में एक बड़ा कदम है।हमारी टीमें हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रही हैं और जनता से भी सहयोग की अपील है।
>
> -मयंक चौधरी, एसपी, पुलिस जिला देहरा।

प्रवेश शर्मा, परागपुर। मुख्यमंत्री के नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत पुलिस जिला देहरा ने नशे के सौदागरों के विरुद्ध अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक और आदतन नशा तस्कर रक्षित धीमान को एनडीपीएस एक्ट के तहत हिरासत में लेकर तीन माह के लिए जिला कारागार धर्मशाला भेज दिया है। पुलिस थाना रक्कड़ की विशेष टीम ने मुंडी (गरली) क्षेत्र में दबिश देकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी रजत धीमान के खिलाफ वर्ष 2021 से 2025 के बीच चिट्टा तस्करी के कई गंभीर मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से क्षेत्र के युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने का काम कर रहा था। पुलिस ने पिछले कई महीनों के खुफिया इनपुट और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर साक्ष्य जुटाकर सरकार को इसके निरुद्ध का प्रस्ताव भेजा था, जिसे मंजूरी मिलने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। देहरा पुलिस अब तक इस कड़े कानून के तहत कुल 9 नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। हिरासत में लिए गए अन्य तस्करों में मनु शर्मा, विजय कुमार, आकाशदीप, राज कुमार, शरीफ मोहम्मद, पंकज कुमार, अविनाश और अशोक कुमार शामिल हैं, जो चिट्टा और चरस तस्करी के बड़े नेटवर्क का हिस्सा रहे हैं। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के नशा माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बार-बार एनडीपीएस मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले अपराधियों के खिलाफ प्रिवेंटिव डिटेंशन जैसे कठोर प्रावधानों का उपयोग निरंतर जारी रहेगा, ताकि नशे की सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दोस्त गंभीर रूप से घायल

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट। पठानकोट के सुजानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलिकपुर-सुंदरचक्क रोड पर देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब 8:30 बजे हुआ, जब गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार महिंद्रा पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान गांव मुरादपुर निवासी 38 वर्षीय प्रमोद चंद्र के रूप में हुई है। वहीं उनका पड़ोसी अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक पर सवार होकर पठानकोट से अपने घर लौट रहे थे, तभी रस फैक्ट्री के पास सुंदरचक्क की ओर से आई पिकअप ने लापरवाही से गलत दिशा में आकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रमोद चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# धर्मशाला एमसी चुनाव : रणनीति में जुटी कांग्रेस-भाजपा

## कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं को बनाया प्रभारी व सह-प्रभारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस दम-खम से जीत को सुनिश्चित करने में जुट गई है। बंगाल समेत तीन राज्यों में मिली हार के बाद कांग्रेस की तैयारी स्वाभाविक भी है। प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला की नगर निगम चुनाव को लेकर पिछले सप्ताह तक मुख्यमंत्री समेत पार्टी के राष्ट्रीय नेता तक पदाधिकारियों को एकता का पाठ पढ़ा चुके हैं। इसी कड़ी में अब धर्मशाला नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमेटी का गठन किया है। कमेटी में वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी व सह-प्रभारी बनाया गया है। वहीं नेताओं को चुनाव हेतू अलग-अलग वार्डों की जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। कांग्रेस द्वारा गठित कमेटी में कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार को सीनियर आब्जर्वर, एचपीटीडीसी के उपाध्यक्ष आरएस बाली को प्रभारी, राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा व पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी को सह-प्रभारी लगाया गया है। कांग्रेस ने नगर निगम के वार्ड एक, छह और चौदह में शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया, वार्ड दो, तीन और पांच में विधायक मलेंद्र राजन, वार्ड 4 और 7 में पूर्व विधायक अजय महाजन और एससी कारपोरेशन मेंबर दिग्विजय मल्होत्रा, वार्ड 8 में चेयरमैन संजय चौहान, वार्ड नौ में नरेंद्र मोंगरा चेयरमैन एपीएमसी कांगड़ा, वार्ड 10 और 11 में बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल, वार्ड 12 में चेयरमैन कुलदीप पठानिया, वार्ड 13 व 15 में एचआरटीसी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा, वार्ड 16 में वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज कुमार ठाकुर और वार्ड 17 में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलवा कमेटी में एडवोकेट विक्रम शर्मा व विकेश ठाकुर, पुनीत मल्ली को मीडिया इंचार्ज और दिनेश शर्मा को सोशल मीडिया इंचार्ज का दायित्व दिया गया है।



## भाजपा ने नेताओं व पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। आगामी नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र के लिए चुनाव संचालन समितियों का गठन कर दिया है। पार्टी ने चुनावी गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग-अलग समितियों में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कार्यालय संचालन समिति की कमान रमेश जरियाल को प्रभारी के रूप में सौंपी गई है, जबकि रंजू रस्तोगी को सह प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा समिति में अन्य पदाधिकारियों को भी शामिल किया गया है, जो संगठनात्मक कार्यों को मजबूत करेंगे। प्रचार सामग्री समिति का दायित्व डॉ. विजय शर्मा को दिया गया है। उनके साथ प्रदीप कुमार, करण ठाकुर और अंकुश शर्मा सहयोग करेंगे। यह समिति चुनाव प्रचार से जुड़ी सामग्री जैसे झंडे, बैनर आदि की व्यवस्था देखेगी। प्रवास व्यवस्था के लिए राकेश शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि जसवंत, राजेश शर्मा और सर्वजीत धीमान को सह जिम्मेदारियां दी गई हैं। भोजन व्यवस्था समिति में शिव प्रसाद गुरंग को प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ देस राज पठानिया, दीपिका गुप्ता और आंचिक वर्मा सहयोग करेंगे। मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी विश्व चक्षु को सौंपी गई है। उनके साथ मनीष लूथरा, सुशील कपूर और मनीष शर्मा टीम में शामिल हैं। वहीं सोशल मीडिया की कमान अनिल धीमान के हाथों में दी गई है, जिनके साथ ललित वशिष्ठ, दीपक जौड़ा और अन्य सदस्य कार्य करेंगे। आईटी प्रबंधन के लिए संदीप शर्मा को प्रभारी बनाया गया है, जबकि रघुवीर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं को टीम में शामिल किया गया है। भाजपा हाईकमान ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित प्रारूप को भरकर प्रदेश कार्यालय को शीघ्र भेजें, ताकि चुनावी तैयारियों को समय रहते अंतिम रूप दिया जा सके।

### गदियाड़ा से जगतंबा देवी को बनाया उम्मीदवार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पंचायती राज संस्थाओं चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी, हिमाचल प्रदेश ने जिला परिषद पालमपुर के लिए अपने समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। यह चयन प्रदेश संयोजक एवं विधायक विपिन सिंह परमार द्वारा मंडल, जिला व प्रदेश चुनाव समिति तथा वरिष्ठ नेतृत्व के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद किया गया। जारी सूची के अनुसार गदियाड़ा से जगतंबा देवी, लम्बागांव से सकीमा देवी, मझेड़ा से अनीता देवी, आलमपुर से रक्षा देवी, नगरी कलुंड से रंजना भट्ट, नच्छीर बंदला से अर्जुन सिंह, अवेरी से बलवंत ठाकुर, कुदैल से मीना अरनोट, तरेहल से मोनू देवी, संसाल से जय गोपाल, बारी से अनुपमा चौधरी, अरला से तनु भारती, नोरा से सरिता राणा तथा सुलह से सुमन कटोच को पार्टी का समर्थन दिया गया है।

### भाजपा के जिला परिषद उम्मीदवार घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निकाय चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने पंचायती राज चुनाव के लिए कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की चार जिला परिषद सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। यह घोषणा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक पवन काजल ने की। उन्होंने बताया कि हलेडकलां वार्ड से जोगीपुर पंचायत के पूर्व प्रधान रिम्पल कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है। खोली वार्ड से भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष एवं सहोड़ा पंचायत के पूर्व प्रधान विजय कुमार विज्जू, दौलतपुर वार्ड से पूर्व जिला भाजपा महासचिव देवीलाल चौधरी तथा तियारा वार्ड से जयंती भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक की पत्नी सुनीता कुमारी को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पवन काजल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों से जनता असंतुष्ट है और आने वाले चुनावों में भाजपा की जीत तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### भडवार से अनूप राणा जिला परिषद के प्रत्याशी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय जनता पार्टी, हिमाचल प्रदेश ने पंचायती राज संस्थाओं के मद्देनजर जिला परिषद नूरपुर के लिए अपने समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश संयोजक एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन मंडल, जिला एवं प्रदेश चुनाव समिति के साथ विस्तृत विचार-विमर्श तथा वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति के बाद किया गया है। जारी सूची के अनुसार नूरपुर जिला परिषद के विभिन्न वार्डों से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों में भडवार से अनूप राणा, ममूह गुरचाल से सुरजीत बिट्टू, भलेटा से अनुराधा पठानिया, बरंडा से अजय सिंह, भाली से ममता देवी, भरमाड़ (मैरा) से अनुराधा, जरोट से लक्ष्मण सिंह, फारियां से रविंद्र सिंह, मनोह सिहाल से वंदना कालिया, गुरियाल से मनोज शर्मा (कालू), रेहन-दो से गुरनेश शर्मा (राजू), रियाली से सुचित्रा कुमारी, डमटाल से आशा देवी, गंगथ से दीक्षा परमार, शेखूपुर से अभिमन्यु कंवर तथा इंदौरा से काली दास को प्रत्याशी बनाया गया है।

### चड़ी से भाजपा जिप के लिए प्रत्याशी ओम शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय जनता पार्टी, हिमाचल प्रदेश ने पंचायतीराज के तहत संगठनात्मक जिला कांगड़ा के लिए अपने समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। यह घोषणा प्रदेश संयोजक एवं विधायक विपिन सिंह परमार द्वारा मंडल, जिला और प्रदेश चुनाव समिति के साथ विचार-विमर्श के बाद की गई। जारी सूची के अनुसार चड़ी से ओम शर्मा, मझोट से कुमारी बिंदु, खैली से विजय कुमार, हलडेकलां से रिम्पल कुमार, दौलतपुर से देवी लाल, तियारा से सुनीता देवी, तत्तल से विकास चौधरी, सुन्नी से मधु बाला, मरसल से तरुणा रानी, सोकोनी दा कोट से सीमा कुमारी तथा झिकली इच्छी से सतीश चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी नेतृत्व ने सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास को गति देंगे।

### जसवां-परागपुर में चुनावी जंग का बड़ा मुकाबला

अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर। जसवां-परागपुर क्षेत्र में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने उम्मीदवार मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। भाजपा की ओर से विक्कू पुजारी, केशव रत्न, पूनम शर्मा और शुभम को प्रत्याशी बनाया गया है, जबकि कांग्रेस ने प्रदीप कुमार, सुशांत मोदगिल, नीलम और अनूप ठाकुर पर दांव खेला है। उम्मीदवारों के नाम सामने आने के बाद गांव-गांव और बाजारों में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। दोनों दल अपनी-अपनी जीत को लेकर पूरी ताकत से प्रचार में जुट गए हैं। भाजपा अपने कार्यकाल के विकास कार्यों को आधार बना रही है, वहीं कांग्रेस बदलाव के मुद्दे पर जनता के बीच जा रही है। अब पूरा मुकाबला जनता के फैसले पर निर्भर है कि वह किसे अपना समर्थन देती है।

# धरोहर गांव विवाद : मुख्य सचिव की सख्ती के बाद डीसी कांगड़ा ने दिए जांच के आदेश

अनंत ज्ञान



धरोहर परागपुर पर सरकारी वेबसाइट में गड़बड़ी, भ्रामक जानकारी उजागर

पर्यटन विभाग को दरकिनार कर प्रशासन ने परोसी गलत भ्रामक जानकारी

प्रवेश शर्मा, परागपुर। परागपुर धरोहर गांव को लेकर सरकारी वेबसाइट पर परोसी जा रही गलत जानकारी और निजी होटल के प्रचार का मामला अब तूल पकड़ चुका है। मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश की ओर से आए कड़े संदेश के बाद अब जिला प्रशासन की नींद टूटी है। उपायुक्त कांगड़ा ने इस पूरे प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उपायुक्त ने मुख्य सचिव से प्राप्त निर्देशों का हवाला देते हुए जिला सूचना अधिकारी को स्पष्ट रूप से आदेश दिया है कि इस पूरे मामले को गहराई से देखें और जो भी जरूरी कार्रवाई बनती है, उसे तुरंत अमल में लाएं। यह कार्रवाई उस खबर के बाद शुरू हुई है जिसमें खुलासा किया गया था कि प्रशासन ने पर्यटन विभाग को दरकिनार कर अधिसूचना के विपरीत परागपुर को देश का प्रथम धरोहर गांव बता दिया है और आधिकारिक पोर्टल का इस्तेमाल एक निजी होटल की ब्रांडिंग के लिए किया जा रहा है। हालांकि, मुख्य सचिव और उपायुक्त के कड़े निर्देशों के बावजूद पोर्टल पर अभी भी वह विवादित जानकारी मौजूद है, लेकिन जिला सूचना अधिकारी को मामला सौंपे जाने के बाद अब यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही वेबसाइट से भ्रामक तथ्यों और निजी तस्वीरों को हटा लिया जाएगा। प्रशासन के भीतर मचे इस हडक़ंप ने साफ कर दिया है कि सरकारी डिजिटल मंचों पर तथ्यों के साथ खिलवाड़ करने वालों की जवाबदेही तय होने वाली है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि जिला सूचना अधिकारी अपनी जांच में इस बड़ी चूक या सोची-समझी रणनीति का क्या खुलासा करते हैं।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

# झूठ, छल और लूट की कांग्रेस पर जनता का प्रहार तय: परमार

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जब नीयत साफ हो, नीति स्पष्ट हो और नेतृत्व मजबूत हो, तो जनता स्वयं आगे बढक़र सही निर्णय लेती है। यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं है, बल्कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की जनविरोधी राजनीति पर करारा तमाचा है। परमार ने तीखे और आक्रामक शब्दों में कहा कि यह विजय देश की जनता का विश्वास है, जो भाजपा की विकासपरक सोच, पारदर्शी शासन और राष्ट्रहित सर्वोपरि की नीति पर मुहर लगाता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आने वाले नगर निगम चुनाव और पंचायती राज चुनाव हिमाचल की राजनीति का सेमीफाइनल साबित होंगे और इसमें कांग्रेस का सफाया तय है। भाजपा पूरी ताकत, रणनीति और संगठन के दम पर मैदान में उतरेगी और वार्ड पंच से लेकर जिला परिषद तक हर स्तर पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। परमार ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मजबूती से खड़ा है और जनता के बीच जाकर कांग्रेस की सच्चाई उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश के अन्य राज्यों में जनता ने कांग्रेस को नकारा है, उसी प्रकार हिमाचल में भी कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने अंत में कहा कि यह समय परिवर्तन का है, यह समय जवाब देने का है, और यह समय भाजपा को और अधिक मजबूती देने का है। नगर निगम और पंचायती राज चुनावों में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी और भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश देकर विकास, सुशासन और ईमानदार राजनीति को आगे बढ़ाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भगवती स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का बारहवीं कक्षा (कला संकायद्ध का परिणाम शत प्रतिशत रहा। अंशुल ने 456/500 अंक के साथ 91.2: प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया व (विज्ञान संकायद्ध का परिणाम सराहनीय रहा। बारहवीं कक्षा के 94: छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि 94 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संयुक्त रूप से अंशुल ने 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, अंकिता ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, आस्था ने 86 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान , भुवनेश डोगरा 84.4 प्रतिशत प्राप्त कर चैथा स्थान हासिल किया व कुल उपस्थित हुए छात्रों में 74 प्रतिशत छात्रों ने 75 से 91परतिशत तक अंक प्राप्त किए 20 प्रतिशत छात्रों ने 70 से 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आरती कटोच ने अभिभावकों व अध्यापकों को स्कूल के अच्छे परिणाम के लिए बधाई देते हुए स्कूल के सभी उतीर्ण हुए छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह से मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अन्वी ने 470 अंक लेकर झटका पहला स्थान



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर की प्लस टू की साइंस की छात्रा अन्वी पवारी ने सुजानपुर क्षेत्र में 470 अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है। अन्वी ने बताया कि वह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। अन्वी के पिता सरकारी स्कूल में टीचर हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने सेल्फ स्टडी से ही अपनी पढ़ाई की है। उन्होंने अपने सभी सब्जेक्ट में डिस्टिंक्शन प्राप्त की है। जबकि मैथमेटिक्स में उन्होंने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। अन्वी ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रही है।

### गीतांजलि स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत




**अनंत ज्ञान, धनेटा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल, धनेटा ने प्लस टू कक्षा के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 12 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा 16 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। कक्षा में अर्षित धीमान ने 471 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आंचल एवं तनिष ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा आर्यन शर्मा ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। विशेष बात यह रही कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष बीएल चड्ढा ने सभी सफल विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई दी ।

### कला संकाय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंगस का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कला संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। समीक्षा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रुबिया ने 88.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पाया, जबकि अक्षित और आर्यन ने 87.8 प्रतिशत (439 अंक) प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

### थाती गांव की बेटी श्रेया को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** थाती गांव, जिला हमीरपुर की बेटी श्रेया ठाकुर, जिन्होंने फेमिना मिस इंडिया में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए टॉप 8 में ऐतिहासिक स्थान हासिल किया, को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा ने स्वयं उनके निवास पहुंचे। उनके साथ निस्वार्थ भाव सेवा संगठन की स्टेट लेडी विंग प्रेसिडेंट शिल्पा वर्मा, सगुन, उर्वशी, अमन चैधरी, जीवन राम व कुलदीप राणा उपस्थित रहे। संगठन की ओर से श्रेया को स्मृति-चिह्न, हिमाचली प्राकृतिक दृश्यावली की तस्वीर एवं मां नयना देवी की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने श्रेया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिव मंदिर बारी में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिला के बारी स्थित शिव मंदिर में मंगलवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ आरंभ हो गया। यह आयोजन 5 मई से 11 मई तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे विधि-विधान के साथ श्रीमद् भागवत पुराण को मंदिर में स्थापित किया गया। कथा व्यास पंडित अंकुश शर्मा अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, सत्संग और सनातन धर्म की शिक्षाओं से जोड़ रहे हैं। उनके ओजस्वी वचनों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया है। यह आयोजन क्षेत्र में आस्था, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दे रहा है।

### 15 दिनों में बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। सहायक अभियंता किशोरी लाल ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 दिन के भीतर उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे और कनेक्शन बहाल करवाने के लिए अतिरिक्त शुल्क जमा करवाना होगा। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### नवीन शर्मा ने मोदी को दिया जीत का श्रेय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम के विधानसभा चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और विकासवाद की राजनीति पर जनता की मुहर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से ऐतिहासिक परिणाम संभव हुए हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 294 में से 206 सीटें जीतकर 15 वर्षों के शासन का अंत किया। भवानीपुर सीट से शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को 15,000 मतों से हराया। असम में भी भाजपा को 82 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला है।

### गारली-धबड़ियाणा हादसे पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज क्षेत्र के गारली-धबड़ियाणा के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। इस दुर्घटना में कार सवार चार लोगों में से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं प्रदेश चेयरमैन केकेसी हिमाचल प्रदेश राजीव राणा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। राजीव ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दर्दनाक घटना से पूरे भोरंज क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### कोर्ट रूम में स्थापित होगा कंट्रोल रूम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहरी निकायों के चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार हमीरपुर में भी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (शहरी निकाय) गंधर्वा राठौड़ ने एडीसी हमीरपुर के कोर्ट रूम में कंट्रोल रूम स्थापित करने के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के अनुसार यह कंट्रोल रूम 13 मई से सक्रिय हो जाएगा और शहरी निकायों की मतगणना की समाप्ति तक यह कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करेगा। उपायुक्त कार्यालय के लेखा अधिकारी नरेश कुमार को कंट्रोल रूम का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# जिप चुनाव : भाजपा ने 19 वार्डों पर घोषित किए प्रत्याशी

## जिताऊ उम्मीदवारों पर फोकस, विस्तृत मंथन के बाद जारी हुई सूची, राकेश ठाकुर बोले—सभी स्तरों पर चर्चा के बाद हुआ चयन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** भाजपा ने हमीरपुर जिला परिषद के सभी 19 वार्डों के अधिकृत प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। कई जगह पर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब सूची जारी करके पार्टी संगठन ने यह साफ कर दिया है कि जिताऊ उम्मीदवार ही मैदान में रहेंगे। पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों का ऐलान करके अब यह तय कर दिया है कि यही उम्मीदवार नामांकन करेंगे।

ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने प्रत्येक प्रत्याशी के चयन से पूर्व विस्तृत मंथन और गहन विचार-विमर्श किया है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों के चयन में पार्टी हाईकमान, स्थानीय विधायकों, पूर्व विधानसभा प्रत्याशियों, विभिन्न स्तरों के संगठन पदाधिकारियों तथा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से व्यापक चर्चा की गई। पार्टी ने ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है जिनकी क्षेत्र में मजबूत जनस्वीकार्यता, सक्रियता, सामाजिक भागीदारी और सबसे अधिक जीत की संभावना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन आज बूथ स्तर तक पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रहा है। पार्टी के पक्ष में प्रदेशभर में सकारात्मक माहौल है। राकेश ने विश्वास जताते हुए कहा कि भाजपा जिला परिषद चुनावों में पूर्ण बहुमत के साथ ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी और जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों का जवाब मतपेटियों के माध्यम से देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, विकास कार्यों की धीमी गति और प्रशासनिक अव्यवस्था से आम जनता निराश है तथा लोग भाजपा को एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

ठाकुर ने कहा कि हाल ही में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को मिले प्रचंड जनसमर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करेगी और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और पार्टी अनुशासन, सेवा तथा विकास के मूल मंत्र के साथ जनता के बीच जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेंगे और पंचायत स्तर पर विकास को नई गति देंगे।

### ये हैं भाजपा समर्थित 19 प्रत्याशी

**बीड़-बगेहड़ा** से तृप्ता देवी, पनोह से आशा ठाकुर, दरोगण पत्ती कोट से मनजीत सिंह धीमान, उहल से ज्योति ठाकुर, जंगल रोपा से सोनी कुमार, ताल से सुशील कुमार, चमनेड से रोहित शर्मा, बधाणी से रजनी देवी, धमरोल से अनीता शर्मा, जाहू से अजय शर्मा, महल से अंजना कुमारी, करेर से गुरदीप सिंह, बिझड़ी से रवि कुमार, झंझयाणी से रमेश्वर दत्त, दांदड़ू से रेणु बाला, लहड़ा से रंजना कुमारी, मालग धनेटा से काजल, अमलैहड़ से वीरेंद्र सिंह व सपड़ोह से नीलम चौधरी के नाम शामिल हैं। बता दें कि इस बार जिला परिषद के सदस्यों की संख्या 18 से बढ़कर 19 हो गई है। पंचायती राज व्यवस्था का जब से थ्री टायर सिस्टम लागू है, तभी से 18 सदस्य ही जिला परिषद के थे, लेकिन इस बार फेर-बदल कर एक सीट बढ़ाई गई है।



सोनी कुमार     सुशील कुमार

### प्रत्याशी घोषित करने से कांग्रेस ने पीछे खींचे हाथ

**पंचायती** राज व्यवस्था के थ्री टायर सिस्टम में जिला परिषद महत्वपूर्ण इकाई है। अब भाजपा शुरू से ही इस पर फोक्स किए हुए हैं, लेकिन कांग्रेस के द्वारा उम्मीदवारों की घोषणा नहीं करने के पीछे की वजह कहीं मौजूदा हालात उसके ध्यान में तो नहीं है? इसी बात की चर्चा हो रही है। यह चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण रहता है, क्योंकि जिला परिषद की चेयरमैनी के लिए दोनों ही पार्टियों को सदस्यों की संख्या पर निर्भर रहना पड़ता हैं। अब असल समस्या यह है कि जब से जिला परिषद का गठन हुआ है, केवल एक मर्तबा ही कांग्रेस इस पर काबिज हुई है। वह भी 1995 में जब भाजपा और कांग्रेस के कुल 18 सदस्यों में से 9-9 जीतकर हाउस में पहुंचे थे और बाद में पर्ची निकाल कर फैसला हुआ था। उसके बाद भाजपा का इस जिला परिषद चुनाव में एक छत्र कब्जा रहा है। कांग्रेस के गिने-चुने सदस्य ही जिला परिषद के हाउस में पहुंचते आए हैं। इस बार क्योंकि यह चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण है मुख्यमंत्री का गृह जिला है। लेकिन सदस्यों की सूची जारी न करके कांग्रेस आखिर क्या संदेश देना चाहती है जिला अध्यक्ष सुमन भारती बीते रोज या स्पष्ट कर चुके हैं कि यह चुनाव भाईचारे का रहता है और जो भी जीत कर आएगा, इस व्यवस्था के लिए अच्छा रहेगा। पार्टी सिंबल पर तो यह चुनाव हो नहीं रहे इसलिए उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत पार्टी को नहीं है। यह स्थिति कांग्रेस के भीतर उसके कार्यकर्ताओं के लिए भी अजीबोगरीब माहौल तैयार कर रही है अब क्योंकि चुनावी माहौल तैयार हो गया है। भाजपा ने सूची जारी करके इस प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। लेकिन अभी भाजपा के मुकाबले और कांग्रेस के भीतर से या उसकी विचारधारा से कौन कौन चुनाव मैदान में उतरेंगे? इसकी इंतजार तो रहेगी।

## तकनीकी विवि: 16 केंद्रों पर होगी परीक्षा एडमिट कार्ड जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने एचपीसीईटी-2026 प्रवेश परीक्षा के लिए 16 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जो राज्य के 10 जिलों में बनाए गए हैं। इस परीक्षा के लिए कुल 9704 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जिनमें बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए और एमसीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रम शामिल हैं। बीटेक के लिए 5575, बी फार्मेसी के लिए 3085, दोनों के लिए 380, एमबीए के लिए 303 और एमसीए के लिए 262 आवेदन प्राप्त हुए हैं। परीक्षा 9 और 10 मई को आयोजित होगी। 9 मई को सुबह के सत्र में कुछ विषयों की परीक्षा केवल तकनीकी विवि परिसर में होगी, जबकि 10 मई को सुबह और दोपहर के सत्र में 16 केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। बीटेक और बी फार्मेसी की परीक्षा 10 मई को सुबह 9 से सवा 12 बजे तक होगी, जबकि एमसीए, एमबीए और एमबीए पर्यटन की परीक्षा दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी। अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में अलंकरण समारोह का किया आयोजन

## शिवांश हेड ब्वॉय और अनिंदिता बनी हेड गर्ल

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में अलंकरण समारोह 2026 का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी (एलआर) हरीश गुलेरिया उपस्थित रहे, जबकि आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

समारोह की शुरुआत हवन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यालय ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया और स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पिनिंग सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसमें नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवांश धटवालिया (कक्षा 12वीं 'सी') को हेड ब्वॉयस और अनिंदिता (कक्षा 12वीं 'सी') को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। आयुष चौधरी (कक्षा 11वीं 'ए') को डिप्टी हेड बॉय और काश्वी (कक्षा 11वीं 'बी') को डिप्टी हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा नम्या को लिटरेरी कैप्टन, आरियाना को कल्चरल सेक्रेटरी, श्रेया गुप्ता को स्पोर्ट्स कैप्टन तथा अलीशा ठाकुर को डिसिप्लिनरी कैप्टन बनाया गया।

हाउस व्यवस्था में दयानंद हाउस का नेतृत्व शिवांश शर्मा और दिग्विजय सिंह ने किया, आनंद स्वामी हाउस की जिम्मेदारी वंशिका पाटियाल और सिया को दी गई। विरजानंद हाउस का नेतृत्व देवांश शर्मा और भाव्या डोगरा ने संभाला, जबकि हंसराज हाउस की कमान अवनी शर्मा और अरिंदम शर्मा को सौंपी गई। मुख्य अतिथि हरीश गुलेरिया ने नव-नियुक्त छात्र नेताओं को बधाई देते हुए उन्हें जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी अपील की। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी चयनित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय में नेतृत्व और जिम्मेदारी की नई भावना का संचार देखने को मिला।




डीएवी हमीरपुर में छात्र परिषद का गठन किया गया। अनंत ज्ञान

### बड़सर में जिप उम्मीदवार चयन पर बनी सहमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में जिला परिषद उम्मीदवारों के चयन को लेकर मैहरे स्थित पूर्व प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया के कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने की। बैठक में विभिन्न वार्डों से संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विस्तार से चर्चा की गई और पैनल तैयार किया गया। प्रेसवार्ता में विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि दलबदल करने वाले विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा विधानसभा में दलबदल कानून से संबंधित विधेयक लाया गया है, जिसके तहत ऐसे विधायकों को छह वर्ष तक अयोग्य घोषित करने का प्रावधान है। यह विधेयक विधानसभा से पारित होकर राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि तैयार पैनल को शीघ्र जिला अध्यक्ष को भेजा जाए ताकि उम्मीदवारों का अंतिम चयन समय पर किया जा सके। बैठक में कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रवि कानूनगो को जिला परिषद का टिकट

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी जिला परिषद उम्मीदवारों की सूची में बिझड़ी वार्ड से रवि कानूनगो को उम्मीदवार बनाए जाने पर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। पार्टी के अनुशासित और सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाने वाले रवि कानूनगो को उनकी निरंतर संगठनात्मक भूमिका का परिणाम माना जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार रवि कानूनगो लंबे समय से पार्टी कार्यों में सक्रिय रहे हैं और चुनावी अभियानों में लगातार योगदान देते आए हैं। लोकसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। पार्टी की ओर से उन्हें जिला परिषद का टिकट मिलना उनकी निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। इस निर्णय के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



## पश्चिम बंगाल, असम व पुड्डुचेरी में भाजपा की जीत पर भोरंज में जश्न

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के उपलक्ष्य में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के जाहु में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। विजय उत्सव का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री एवं भोरंज की पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी नेतृत्व और समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी की नीतियों को नकारते हुए लोकतंत्र और विकास के पक्ष में मतदान किया है। यह परिणाम देश में एक नए विकास युग की शुरुआत का संकेत है। कमलेश कुमारी ने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में जन विरोधी नीतियां अपनाई जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनावों में हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने तीनों राज्यों के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जो संघर्ष किया, उसी का परिणाम आज सामने है और देश में राष्ट्रवाद की जीत हुई है। इस मौके पर भाजपा मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा की सदस्याएं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीडीएम साई कॉलेज जलाड़ी का बीएड परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन कल्लर जलाड़ी में बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम सेमेस्टर में अदिति गुलेरिया ने 291 अंक लेकर प्रथम स्थान, शीतल ठाकुर ने 288 अंक लेकर द्वितीय तथा अंकित ने 287 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। तृतीय सेमेस्टर में मुस्कान ने 318 अंक लेकर प्रथम, सलोनी ने 317 अंक लेकर द्वितीय और शिवालिका ने 314 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओपी भारद्वाज ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्थान के अनुशासन को इस सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

## कन्या स्कूल नादौन के विलय के विरोध में अभिभावकों ने सिकंदर को सौंपा मांगपत्र



राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर को मांगपत्र सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** कन्या स्कूल नादौन के विलय को लेकर बच्चों के अभिभावकों का एक प्रतिनिधि मंडल राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री भाजपा डॉ. सिकंदर कुमार से मिला व एक पत्र सौंपकर कन्या स्कूल के विलय को रद्द किए जाने का आग्रह किया। राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि नादौन के कन्या विद्यालय को राजकीय बाल विद्यालय में विलय करने का प्रदेश सरकार का निर्णय उचित नहीं है। उन्होंने इसका कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। जनभावनाओं को देखते हुए डॉ. सिकंदर ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस विलय को तुरंत रद्द करने का आग्रह किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा और उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इस कन्या विद्यालय में लगभग 500 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

डॉ. सिकंदर ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने जनहित में इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो भाजपा एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, न कि स्कूलों को बंद या मर्ज करना। इस मौका पर प्रदेश गौवंश सह संयोजक सुनील शर्मा, जोगिन्द्र सिंह ठाकुर, जितेन्द्र, सुनील आदि मौजूद रहे।

## बीएड परिणाम में आंचल और वैशाली ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बीएड प्रथम व तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित हुआ जिसमें आंचल ने प्रथम सेमेस्टर व वैशाली ढटवालिया ने तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा मार्च माह में ली गई बीएड की प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम सेमेस्टर में आंचल ने 350 में से 294 अंक (84-00 प्रतिशत) लेकर प्रथम स्थान, प्रतीक्षा ने 291, 83-14 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा हेमलता ने 285, 81-42 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय सेमेस्टर में वैशाली ढडबालिया ने 350 में से 319 अंक 91-14 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, पूनम शर्मा ने 316 90-28 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा ईशा, ईशा शर्मा व रिया ठाकुर ने 315, 90-00 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान व कॉलेज के समस्त स्टाफ ने कॉलेज का परिणाम सौ फीसदी रहने पर सबको बधाई दी तथा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्र व छात्राओं को भी शुभकामनाएं दीं।

# शारीरिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल, प्रोफेशनल डिग्री धारकों में रोष

अनंत ज्ञान

- **एमए और एमपीएड विवाद से गरमाई भर्ती प्रक्रिया**
- **प्रोफेशनल डिग्रीधारकों का आरोप, भर्ती प्रक्रिया में हो रहा अन्याय**

**भोरंज।** प्रदेश में शारीरिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता मानकों में किए गए कथित बदलावों ने हजारों अभ्यर्थियों को असमंजस में डाल दिया है। प्रोफेशनल डिग्रीधारक उम्मीदवारों ने आरोप लगाया है कि वर्षों की मेहनत और आर्थिक निवेश के बावजूद उन्हें अपेक्षित सम्मान और अवसर नहीं मिल रहे हैं।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान प्रक्रिया में ऐसे उम्मीदवारों को भी पात्र माना जा रहा है, जिन्होंने केवल बीए में शारीरिक शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ा है, जबकि उनके पास बीपीई, बीपीएड या एमपीएड जैसी अनिवार्य प्रोफेशनल डिग्री नहीं है। इसके अलावा एमए शारीरिक शिक्षा करने वाले अभ्यर्थियों को भी बिना व्यावहारिक प्रशिक्षण के योग्य घोषित किए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व में शारीरिक शिक्षक बनने के लिए 10+2 के बाद तीन वर्षीय स्नातक डिग्री के साथ बीपीई, बीपीएड और एमपीएड जैसी प्रोफेशनल योग्यता अनिवार्य थी। लेकिन वर्ष 2012-13 में आर एंड पी नियमों में संशोधन के बाद इन मानकों में ढील दिए जाने से विवाद उत्पन्न हुआ है।

अभ्यर्थियों का तर्क है कि शारीरिक शिक्षा केवल सैद्धांतिक विषय नहीं है, बल्कि इसमें व्यावहारिक प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसे में बिना प्रोफेशनल डिग्री के चयनित शिक्षक बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को कैसे प्रभावित करेंगे, यह गंभीर प्रश्न है। रोजगार कार्यालय की वेबसाइट को लेकर भी नाराजगी जताई जा रही है, जिसमें एमपीएड का स्पष्ट उल्लेख नहीं है और केवल एमए शारीरिक शिक्षा को प्रमुखता दी गई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि एमपीएड एक प्रोफेशनल डिग्री है, जबकि एमए अधिक अकादमिक प्रकृति की होती है।

इस मुद्दे पर बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों अशोक, विनय, अरुण, अजय, विजय, हेमराज, सुंदर, संगीत, खेम चन्द, रमेश, विकास, सुनील कुमार, जुगल किशोर, सुरेंद्र और वीरेंद्र सहित अन्य अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से हस्तक्षेप की मांग की है।

उन्होंने मांग की है कि भर्ती प्रक्रिया में स्पष्ट, पारदर्शी और न्यायसंगत नियम लागू किए जाएं ताकि योग्य अभ्यर्थियों के साथ न्याय हो सके और शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बनी रहे।

## अनुराग के 'मछली वाले मास्टर स्ट्रोक' को विनोद ने सराहा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला भाजपा प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि अनुराग ठाकुर के चुनावी प्रचार को 'मछली वाला मास्टर स्ट्रोक' बताया जा रहा है, जिसने पश्चिम बंगाल में पार्टी की कथित सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व—प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन—के साथ अनुराग ठाकुर भी इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। बयान में दावा किया गया कि चुनाव प्रचार के दौरान अनुराग ठाकुर ने धुआंधार जनसंपर्क किया और पार्टी प्रत्याशियों के लिए व्यापक समर्थन जुटाया। विनोद ठाकुर ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों की पार्टी है और इसमें हर कार्यकर्ता समान रूप से योगदान देता है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है और इसी दिशा में कार्य करती रहेगी।

## हिम अकादमी की छात्रा आकृति राणा ने एशिया काकेशाशी छात्रवृत्ति में बनाई जगह



हिम अकादमी की छात्रा आकृति राणा व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकृति राणा का चयन प्रतिष्ठित एशिया काकेशाशी प्रोजेक्ट 2026 के अंतर्गत हुआ है। यह एक पूर्णतः वित्त पोषित (फुली फंडेड) अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम है, जिसका संचालन एएफएस इंटरकल्चरल प्रोग्राम्स के तहत किया जाता है, जो विश्वभर में सांस्कृतिक समझ और वैश्विक नागरिकता को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध है। इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत आकृति राणा अगस्त से दिसंबर 2026 तक पांच महीनों के लिए जापान जाएंगी, जहां वे अपनी शिक्षा जारी रखने के साथ-साथ वहां की संस्कृति, शिक्षा प्रणाली और दैनिक जीवन को निकट से अनुभव करेंगी। इस दौरान वे भारत की संस्कृति और परंपराओं का भी प्रतिनिधित्व करेंगी। आकृति की यह उपलब्धि विद्यालय, शिक्षकों और उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है। यह उनकी मेहनत, शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रभावशाली व्यक्तित्व का प्रमाण है। उनका चयन यह दर्शाता है कि विद्यार्थियों के लिए वैश्विक अवसर कितने महत्वपूर्ण हैं। विद्यालय प्रबंधन ने आकृति राणा व परिजनों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय ने विश्वास जताया कि आकृति इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा में नए आयाम स्थापित करेंगी व नाम रोशन करेंगी।

## सुल्तानपुर वार्ड में गंदगी का आतंक : कूड़े के ढेर व प्लास्टिक कचरे से बढ़ा महामारी का खतरा

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला मुख्यालय से महज 3 से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सुल्तानपुर वार्ड इन दिनों गंदगी के भीषण संकट से गुजर रहा है।

वार्ड के विभिन्न हिस्सों में फैले कूड़े-करकट, सड़ते अपशिष्ट व प्लास्टिक कचरे के ढेरों ने पूरे क्षेत्र को अस्वच्छता के दलदल में धकेल दिया है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि यह इलाका अब खुले तौर पर बीमारियों के पनपने का केंद्र बनता जा रहा है। स्थानीय बाजार व रिहायशी क्षेत्रों के बीच फैली यह गंदगी न केवल पर्यावरण को दूषित कर रही है, बल्कि यहां रोजाना आने वाले बच्चों, महिलाओं व आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गई है। जगह-जगह बिखरा कचरा, बदबू व गंदगी के कारण लोगों का वहां रुकना तक मुश्किल हो गया है। प्लास्टिक कचरे के ढेर व सड़ते हुए अपशिष्ट के कारण मच्छरों, मक्खियों व अन्य हानिकारक जीवों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका गहराती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सफाई न होने के कारण हालात दिन-ब-दिन और भयावह होते जा रहे हैं। जनता के बीच बढ़ते आक्रोश के बीच जनसेवक प्रशांत महाजन ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि यदि जल्द ही पूरे सुल्तानपुर वार्ड को कूड़ा मुक्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो व्यापक जनजागरूकता अभियान का रास्ता अपनाया जाएगा। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता की सेहत के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा—अब सिर्फ आश्वासन नहीं, जमीनी कार्रवाई जरूरी है।

### मणिमहेश यात्रा से पहले प्रशासन सख्त, हड़सर में दुकानदारों-पुजारियों के साथ अहम बैठक

## एनजीटी नियमों पर ही लगेंगी दुकानें अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई तय

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर हड़सर व एडीएम भरमौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में दुकानदारों व पुजारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं, स्वच्छता व सुरक्षा को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। एडीएम विकास शर्मा ने स्पष्ट किया कि हड़सर से डल झील तक लगने वाली सभी दुकानें एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के निर्देशों के अनुसार ही संचालित होंगी। इसके लिए संबंधित दुकानदारों को वन विभाग (डीएफओ कार्यालय) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने के लिए शुल्क भी डीएफओ कार्यालय द्वारा ही निर्धारित और वसूल किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि बीती बरसात के दौरान हड़सर से डल झील तक जिन स्थानों पर मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ था, उनके मरम्मत कार्य को आज से शुरू कर दिया गया है, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। एडीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि डल झील के आसपास लगने वाली अवैध दुकानों को हटाया जाएगा। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि भरमौर से हड़सर तक भूस्खलन से प्रभावित सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द दुरुस्त किया जाए। बैठक में बताया गया कि दुनाली व धनछो में डीएफओ व लोक निर्माण विभाग के सहयोग से लकड़ी के पुलों का निर्माण किया जाएगा, जो पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हो गए थे। एडीएम ने हड़सर के पुजारियों से यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं व सुझावों पर भी चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों को आगामी मणिमहेश यात्रा के दौरान लागू किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



बैठक में मौजूद अधिकारी। अनंत ज्ञान

## अंशिका ने 96.2% अंक लेकर बढ़ाया विद्यालय और क्षेत्र का मान

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में फिर से एक बार सरकारी स्कूलों में लड़कियों का दबदबा रहा कोरोना काल के समय के बाद यह पहली बार है, जब सामान्य परिस्थितियों में परीक्षा परिणाम 90% के स्तर को पार कर 92.2 फीसदी पहुंचा है। वहीं, शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत पड़ती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुंआं में कला संकाय में अंशिका ठाकुर ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 96.2% अंक प्राप्त करके न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपने विद्यालय और अभिभावकों का नाम भी रोशन किया। अंशिका के साथ-साथ अमोल कालिया ने 89% व मोनिका ने 88.4% अंक लेकर दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंशिका ने इस दौरान विद्यालय में 100% उपस्थिति भी दर्ज करवाई। विद्यालय प्रभारी सोनी वासुदेवा ने बताया कि शिक्षकों की कमी होने के बावजूद भी बच्चों ने उत्तीर्ण स्थान प्राप्त किए हैं, जिसका श्रेय सोनी वासुदेवा ने बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी दिया है।

## सीएमओ डॉ. जालम ने परखी स्वास्थ्य सेवाएं, मरीजों से सीधे जाना हाल

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने मंगलवार सायंकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहू का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। देर शाम 8 बजे किए गए इस निरीक्षण ने अस्पताल प्रशासन में हलचल पैदा कर दी व स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति सामने आई।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अस्पताल के इंडोर वार्ड में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनके उपचार, देखभाल व उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों की समस्याएं सुनीं व मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. भारद्वाज ने अस्पताल में तैनात स्टाफ की उपस्थिति, इमरजेंसी सेवाओं, आवश्यक दवाइयों व चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जरूरी दवाइयां व उपकरण हर समय पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन स्वास्थ्य संस्थानों में इंडोर वार्ड की सुविधा उपलब्ध है, उनका चरणबद्ध निरीक्षण किया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाकर मरीजों को बेहतर व समयबद्ध उपचार मिल सके। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि स्वच्छ वातावरण, समय पर इलाज व संवेदनशील देखभाल विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमओ ने सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी व मानवीय संवेदनशीलता के साथ करने का आह्वान किया। इस औचक निरीक्षण से यह स्पष्ट संकेत गया है कि जिला स्वास्थ्य विभाग अब सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

## चंबा में 'मौत का जाल' बनी सड़क पर प्रशासन हरकत में

अनंत ज्ञान

**चंबा।** पंचायत द्रमण को जोड़ने वाली बदहाल सड़क को लेकर कुछ दिन पहले सौंपे गए ज्ञापन पर अब प्रशासनिक हलचल तेज होती नजर आ रही है।

लंबे समय से उपेक्षा झेल रही और 'मौत का जाल' बन चुकी इस सड़क के मुद्दे पर आखिरकार जवाब सामने आया है। चंबा फ्रीडम फाइटर्स संगठन के अध्यक्ष प्रशांत महाजन द्वारा राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को कुछ दिन पहले सौंपे गए ज्ञापन के बाद सांसद ने मामले का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त चंबा को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अपने पत्र में उन्होंने पंचायत द्रमण को जाने वाले मुख्य मार्ग (ओबड़ी-सरोड़ी मार्ग) की जर्जर स्थिति को सुधारने और सड़क किनारे सोलर लाइटें लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। सांसद ने स्पष्ट किया कि सड़क की दयनीय हालत के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है व यह किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है।



◆ **ओबड़ी-सरोड़ी मार्ग की बदहाली पर उठी आवाज, सुधार और सोलर लाइट लगाने की मांग तेज**

उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि संबंधित विभागों के माध्यम से जांच कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिल सके। इस सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि रोजाना सफर करना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है। गहरे गड्ढे, टूटे हिस्से और धंसती सतह ने इसे बेहद असुरक्षित बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इस सड़क की अनदेखी की जा रही है, जिससे अब हालात और भी गंभीर हो गए हैं।

अब लोगों की नजरें प्रशासन पर टिकी हैं। बड़ा सवाल यही है क्या इस जवाब के बाद जमीनी स्तर पर सुधार कार्य शुरू होंगे या फिर यह मामला भी सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएगा?

## खाई में गिरने से व्यक्ति की मौत एनएचपीसी सुरंग के पास मिला शव

अनंत ज्ञान

**चंबा/भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर बग्गा पुल के आगे एनएचपीसी की सुरंग के समीप बीती रात एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।



प्रारंभ में संदिग्ध हालात में मिले शव की अब पहचान लवलू पुत्र मोतीराम (उम्र 45 वर्ष) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लवलू अपने भाई के बेटे के मुंडन समारोह में शामिल होने के लिए साथ लगती पंचायत गुराड़ गया था। बताया जा रहा है कि वह देर रात कार्यक्रम से वापस लौट रहा था, तभी अंधेरा अधिक होने के कारण उसका पैर फिसल गया व वह लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिरता हुआ नेशनल हाईवे तक जा पहुंचा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड्स ने बताया कि रात करीब 1 बजे उन्हें किसी भारी वस्तु के गिरने जैसी आवाज सुनाई दी थी, लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण वे स्थिति का पता नहीं लगा सके। क्षेत्र में पहले भी पत्थर गिरने की घटनाएं होती रहती हैं, जिसके चलते इसे सामान्य समझा गया। सुबह जब आसपास के क्षेत्र की जांच की गई, तो सुरंग के समीप एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज चंबा में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक पेशे से पेंटर था व अपने पीछे दो बेटे व एक बेटी छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर है। वहीं, क्षेत्र में भी इस दर्दनाक हादसे को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया जा रहा है।

## भरमौर की मणिमहेश डल झील के दर्शन को आएंगे राहुल, धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** शिवभूमि चंबा के विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थल यात्रा को लेकर इस वर्ष एक विशेष और महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने जानकारी दी कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को मणिमहेश यात्रा में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया गया है, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया है। इससे पहले राहुल गांधी उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ की यात्रा कर चुके हैं, जहां उन्होंने भगवान शिव के दर्शन कर देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की थी।

अब मणिमहेश यात्रा में उनके संभावित आगमन को उसी धार्मिक आस्था की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। मणिमहेश यात्रा का ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष है। इससे जुड़ी इस पवित्र यात्रा का केंद्र मणिमहेश झील है, जो कैलाश पर्वत की छाया में स्थित मानी जाती है। जन्माष्टमी से राधाष्टमी तक चलने वाली यह यात्रा सदियों से आस्था का प्रतीक रही है व हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां पवित्र स्नान और दर्शन के लिए पहुंचते हैं।




माता-पिता संग राहुल को न्योता देते कांग्रेस जिला अध्यक्ष। अनंत ज्ञान

एडवोकेट सुरजीत शर्मा ने बताया कि उनके माता-पिता ने भावपूर्ण तरीके से राहुल गांधी को यह निमंत्रण सौंपा। उनके संभावित आगमन को लेकर पूरे भरमौर व चंबा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि एक राष्ट्रीय स्तर के नेता की उपस्थिति से इस ऐतिहासिक यात्रा को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल धार्मिक दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही, साथ ही इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मणिमहेश यात्रा पहले से ही हिमाचल प्रदेश के प्रमुख तीर्थों में शामिल है और राहुल गांधी की भागीदारी इसे राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिला सकती है। भरमौर की पवित्र वादियों में इस संभावित आगमन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है व सभी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने को उत्सुक हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब, रास्ता रोककर मारपीट के मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा द्वारा कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करते हुए दो अलग-अलग मामलों में अभियोग दर्ज किए गए हैं। पुलिस की सतर्कता के चलते जहां एक ओर अवैध शराब की खेप पकड़ी गई। वहीं, दूसरी ओर मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पहले मामले में पुलिस थाना सदर के अंतर्गत गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए मदन लाल निवासी जांघी की दुकान से करीब 2000 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। इस संबंध में एचपी एक्साइज एक्ट की धारा 39(द्व) के तहत अभियोग संख्या 89/2026 दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में पुलिस थाना तीसा में मारपीट और रास्ता रोकने की गंभीर घटना सामने आई है। शिकायतकर्ता भगत ने आरोप लगाया है कि जब वह अपने घर की ओर जा रहा था, तभी लोभी राम और उसके दो अन्य साथियों ने उसका रास्ता रोककर बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 3(5) के तहत अभियोग संख्या 45/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक चंबा ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी और किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नवीन आयकर अधिनियम 2025 की दी जानकारी

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आयकर विभाग द्वारा नवीन आयकर अधिनियम-2025 के प्रमुख प्रावधानों व संक्रमण व्यवस्था को लेकर मंगलवार को डलहौजी के आईटीसी फॉर्च्यून होटल में एक व्यापक आयकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान आयकर आयुक्त-1 चंडीगढ़ शालिनी भार्गव कौशल के निर्देशों तथा आयकर आयुक्त शिमला रेंज श्रीधर डोरा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल के सदस्यों और क्षेत्र के प्रमुख करदाताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आयकर अधिकारी डलहौजी विनीत कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने विभाग की जन जागरूकता पहलों की जानकारी देते हुए शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद नवीन आयकर अधिनियम 2025 के प्रावधानों पर विस्तृत पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई, जिसमें संशोधित कर स्लैब, परिभाषाएं, छूट व कटौतियां, सरल रिटर्न दाखिल प्रक्रिया, डिजिटल आकलन प्रणाली और संक्रमण अवधि की समय-सीमा के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रस्तुति में होटल उद्योग से जुड़े कर प्रावधानों पर विशेष फोकस किया गया। व्यवसाय आय प्रबंधन, अनुमानित कराधान, टीडीएस-टीसीएस के प्रभाव तथा रिकॉर्ड संधारण संबंधी आवश्यकताओं पर प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधान आयकर आयुक्त-1 चंडीगढ़ शालिनी भार्गव कौशल ने अपने संबोधन में कहा कि नवीन आयकर अधिनियम 2025 का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और करदाता-केंद्रित बनाना है।

### 19 पंचायतों में 15,791 मतदाता करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, पांगी।** पांगी के किलाड़ स्थित मिनी सचिवालय में पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए दूसरी रिहर्सल आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं आवासीय आयुक्त अमनदीप सिंह ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों नामांकन, जांच, मतदान, मतगणना और परिणाम को गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। पांगी क्षेत्र की 19 ग्राम पंचायतों में विभिन्न पदों के लिए 15,791 मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव 26 व 28 मई को दो चरणों में होंगे, जिनके लिए 97 मतदान बूथ और 52 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी योगेश कुमार ने पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया। रिहर्सल के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई, जबकि विभिन्न विभागों के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## दुर्गम चंबा के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में जिला चंबा के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले के चार सरकारी और एक निजी विद्यालय के कुल पांच मेधावी छात्रों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर चंबा का नाम रोशन किया है। भौगोलिक दृष्टि से दूरदराज व आकांक्षी जिले के रूप में पहचाने जाने वाले चंबा के छात्रों ने सीमित संसाधनों, आर्थिक चुनौतियों व शिक्षकों के रिक्त पदों जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह सफलता प्राप्त की है। कई विद्यार्थियों ने रोजाना लंबी दूरी पैदल तय कर शिक्षा हासिल की और अपने परिश्रम व दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के अभिभावकों व शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत भी है। छात्रों की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत व लगन से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

## 12वीं बोर्ड मेरिट में 5 होनहारों का जलवा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** सीमित संसाधनों व कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद आकांक्षी जिला चंबा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि हौसले बुलंद हों, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में जिले के पांच मेधावी विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर पूरे चंबा को गौरवान्वित कर दिया। इस शानदार उपलब्धि से जिलेभर में खुशी की लहर दौड़ गई है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुठेड़ की तनुजा कुमारी व सीनियर सेकेंडरी स्कूल गनेड के होमपाल ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया। वहीं, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ बाल विद्यालय चंबा के नितिन राणा ने 98 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया। सेंट स्टीफन सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंबा की अनवी ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर नौवां स्थान पाया, जबकि



सीनियर सेकेंडरी स्कूल पज्जा के कपिल ठाकुर ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि चंबा जैसे दुर्गम क्षेत्र में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कठिन रास्तों, सीमित शैक्षणिक संसाधनों व चुनौतियों के बावजूद इन छात्रों ने अपनी मेहनत, अनुशासन व दृढ़ संकल्प से सफलता की नई इबारत लिखी है। विशेष रूप से कपिल ठाकुर की उपलब्धि से उनके गांव में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों व परिजनों ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि कपिल ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके अध्यापकों ने बताया कि कपिल शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर और मेहनती छात्र रहे हैं। कपिल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों व बड़े भाई को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करना था, जिसके लिए उन्होंने दिन-रात मेहनत की। वह प्रतिदिन लगभग 8 घंटे पढ़ाई करते थे और स्कूल आने-जाने के समय का भी सदुपयोग करते थे। कपिल ने बताया कि उनका सपना अग्निवीर बनकर देश सेवा करने और आगे चलकर एक बड़ा अधिकारी बनने का है।

इस उपलब्धि पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा चंबा विकास महाजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की मेरिट सूची में जिले के पांच विद्यार्थियों का स्थान बनाना चंबा के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सफलता जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है व भविष्य में इससे भी बेहतर नतीजे सामने आएंगे। चंबा के इन पांच होनहारों ने न केवल जिले का मान बढ़ाया है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि संघर्ष जितना बड़ा होगा, सफलता उतनी ही शानदार होगी।

## सोशल मीडिया पर गला काटने की धमकी पुलिस से सुरक्षा व एफआईआर की मांग

अनंत ज्ञान

**करसोग।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। करसोग तहसील के माहुंनाग इलाके में एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। पीड़ित ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी ने वीडियो बनाकर सरेआम गला काटने की धमकी दी और लोगों को भी उकसाया है। पीड़ित ने पुलिस से तुरंत एफआईआर दर्ज करने व अपनी जान की सुरक्षा करने की सख्त गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ता मंडी में एक निजी निधि कंपनी चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति ने एक वीडियो वायरल किया है। इस वीडियो में आरोपी लोगों को खुलेआम भड़का रहा है। वह वीडियो में कह रहा है कि जहां भी ये लोग मिलें, इनका कत्ल कर दो। आरोपी ने अपनी गाड़ी में हथियार रखने की बात कही है। उसने मुंडी धड़ से अलग करने जैसी बेहद डरावनी बातें कही हैं। पीड़ित ने पुलिस से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं का हवाला दिया गया था। इसमें आपराधिक धमकी की धारा 351 और हत्या की धमकी वाली धारा 352 शामिल है। शांति भंग करने की धारा 196 का भी जिक्र किया गया है। आईटी एक्ट के तहत भी केस दर्ज करने की अपील की गई है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करके पूरे मामले की जांच में गंभीरता से जुट गई है।

### कारोबारी की प्रतिष्ठा और जान को खतरा

**पीड़ित** का कहना है कि वह पिछले कई सालों से इलाके में बैंकिंग सेवाएं दे रहे हैं। उनका कहना है कि इस भड़काऊ वीडियो से उनके कारोबार को गहरा धक्का लगा है। समाज में उनकी प्रतिष्ठा को भी काफी नुकसान पहुंचा है। यह मामला सीधे तौर पर उनके जीवन के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है।

## बालीचौकी मेला : अहम बैठक बेनतीजा, आज होगा अंतिम फैसला

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** बालीचौकी स्कूल मैदान में प्रस्तावित 5 दिवसीय जिला स्तरीय मेले को लेकर एक बार फिर स्थिति उलझती नजर आ रही है।

मंगलवार को विकास खंड बालीचौकी में एसडीएम बचित्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में देव कमेटी के साथ आयोजित अहम बैठक बिना किसी ठोस निष्कर्ष के समाप्त हो गई, जिससे मेले के आयोजन पर संशय और गहरा गया है। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में मेले के स्वरूप व स्थान को लेकर विस्तार से मंथन हुआ, लेकिन किसी एक बिंदु पर सहमति नहीं बन पाई। बैठक के दौरान माहौल कई बार गरमा गया और कुछ लोग आपस में ही उलझते नजर आए, जिससे स्थिति और अधिक जटिल हो गई। देव कमेटी की ओर से सुझाव दिया गया कि स्कूल मैदान को दो हिस्सों में विभाजित कर सीमित रूप में मेला आयोजित किया जा सकता है। हालांकि, इस व्यवस्था में रात्रि सांस्कृतिक संध्या का आयोजन नहीं होगा। प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर तत्काल सहमति नहीं दी और इस पर विचार करने की बात कही है। अब मेले को लेकर बुधवार को अंतिम निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है, जिस पर पूरे क्षेत्र की निगाहें टिकी हुई हैं। फिलहाल प्रशासन की ओर से स्पष्ट स्वीकृति न मिलने के कारण असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### अनुमति नहीं मिली, तो सिर्फ देव परंपरा निभेगी

**देव** कमेटी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन मेले के आयोजन की अनुमति नहीं देता है, तो इस बार केवल देव परंपरा से जुड़ी औपचारिक कार्यवाही ही संपन्न होगी। इस दौरान देव चुंजवाला महादेव और देव मार्कंडेय ऋषि अपनी पारंपरिक रस्मों का ही निर्वहन करेंगे।

### स्कूल मैदान में मेले का आयोजन नहीं संभव

**उधर,** एसडीएम बालीचौकी बचित्र सिंह ठाकुर ने बताया कि पंचायत चुनावों के चलते स्कूल मैदान में मेले का आयोजन फिलहाल संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी पहलुओं पर विचार कर रहा है और परिस्थितियों के अनुसार ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### 23 से 27 मई तक मेला कराने पर अड़ी देव कमेटी

**देव** कमेटी ने बैठक में स्पष्ट किया कि बालीचौकी मेला हर वर्ष की तरह इस बार भी 23 मई से शुरू होकर 27 मई तक आयोजित किया जाएगा। कमेटी का कहना है कि परंपरा के अनुसार तय तिथियों पर ही मेला होना चाहिए, भले ही स्वरूप में कुछ बदलाव करना पड़े।

◆ **स्कूल मैदान में आयोजन पर नहीं बनी सहमति, देव कमेटी व प्रशासन आमने-सामने**

◆ **बैठक में गरमाया माहौल दो घंटे तक चली चर्चा में लोग भी उलझे**

## 15वें दिन भी जारी मजदूरों का आंदोलन

अनंत ज्ञान

**सुरंगानी।** बैरा स्कूल परियोजना सुरंगानी में मजदूरों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन मंगलवार को 15वें दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा।

आंदोलन के लंबा खिंचने से अब प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ता नजर आ रहा है। धरने में यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर, उपाध्यक्ष लोक राम व सुरेंद्र मियां सहित कई मजदूर मौजूद रहे। इस दौरान यूनियन नेताओं ने प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द समाधान की मांग दोहराई। यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर ने बताया कि आज प्रबंधन के साथ दुनी चंद की बहाली को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें इस मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने एक सप्ताह के भीतर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है, लेकिन यदि वादा पूरा नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह लड़ाई केवल एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि सभी मजदूरों के अधिकारों व भविष्य की है। 60 वर्ष की निर्धारित सेवानिवृत्ति आयु के बजाय 58 वर्ष में सेवा समाप्त करना मजदूरों के साथ अन्याय है, जिससे उनके हितों को सीधा नुकसान पहुंच रहा है। यूनियन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक दुनी चंद की नौकरी बहाल नहीं होती, तब तक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा।

**अनंत Classifieds**

**NAME CORECTION**

I **Ashok Kumar** S/o Jhabe Ram R/o VPO Kamand Tehsil Aani Distt. Kullu HP declare that my daughter's name wrongly entered as Eeshani in her Adhar Card. Now I intend to correct my daughter's name as Eshana Thakur in Adhar Card. Concerned note it.

क्रमांक संख्या न0/ उप-तहसील ईसपुर /रीडर:- 116 दिनांक:- 02/05/2026

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग उप तहसील ईसपुर जिला ऊना हि.प्र.**

इशतहार मुशत्री मुनादी जेर धारा 23 हि.प्र. भू राजस्व अधिनियम 1954

**किस्म मुकदमा – तकसीम**

**महिन्दर सिंह बनाम दिनेश कुमार** आदि।

समन वादी / प्रतिवादीगण:- 1. अमर सिंह पुत्र पोहलो राम पुत्र गैहनू वासी गांब हिम्मतपुर डाकघर सरसा नंगल तहसील व जिला रूपनगर पंजाब। आराजी है. खेवट न. 613 खतौनी न. 981-982 खसरा न. 3711-3712 किता 2 मुन्दर्जा जमाबन्दी 2021-2022 वाक्या महाल ईसपुर टांडा उप तहसील ईसपुर।

**जमादार उप तहसील ईसपुर–** उक्त अनुवान वाला मुकदमा में इस न्यायालय को विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को तामील साधारण ढंग से नहीं हो सकती इसलिए आपको लिखा जाता है कि देह हजा में वजरिया मुश्त्री मुनादी अखबार द्वारा उक्त प्रतिवादीगण को सूचित करें कि वे मुकदमा की पैरवी हेतु असालतन व वकालतन इस न्यायालय में दिनांक 06/07/2026 को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होवे। हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार मुकदमा का निपटारा कर दिया जाएगा। आज दिनांक 02/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग उप तहसील ईसपुर जिला ऊना हि.प्र.**

'आहार, स्वप्न (नींद) और ब्रह्मचर्य इस शरीर के तीन स्तंभ हैं।
–महर्षि चरक

## संपादकीय

### हादसों से सबक

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते सड़क हादसे गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। यहां आए दिन कहीं न कहीं से दुर्घटनाओं की खबरें सुनने को मिल ही जाती हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं तथा कई गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। कई बार तो हादसे बहुत बड़े-बड़े हो जाते हैं। पिछले एक महीने में हादसों में अच्छा-खासा इजाफा हुआ है। इसमें कई हिमाचलियों के साथ बाहरी राज्यों के लोगों ने भी अपनी जान गंवाई है। इन हादसों के पीछे कई कारण होते हैं। कुछ मानवीय लापरवाही से जुड़े होते हैं, तो कुछ तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी के परिणामस्वरूप होते हैं। सच्चाई यह है कि सड़क पर चलना केवल एक साधारण क्रिया नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसमें थोड़ी सी चूक भी भारी नुकसान का कारण बन सकती है।

एक वाहन चालक के लिए यह आवश्यक है कि वह न केवल अपनी सुरक्षा का ध्यान रखे, बल्कि अपने साथ बैठे यात्रियों, सड़क पर चल रहे पैदल लोगों और अन्य वाहनों का भी पूरा ध्यान रखे। दुर्भाग्यवश, आजकल जल्दबाजी और लापरवाही ने सड़क सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। तेज गति से वाहन चलाना, गलत तरीके से ओवरटेक करना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना आम बात हो गई है, जो सीधे-सीधे दुर्घटनाओं को आमंत्रित करती है।

मंडी जिले के बल्ह क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी मशीनरी से एक कार की टक्कर में तीन युवकों की मृत्यु हो जाना अत्यंत दुखद घटना है। यह हादसा इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक छोटी सी चूक या ध्यान भंग होने से बड़ी त्रासदी हो सकती है। रात के समय ड्राइविंग करते हुए कई बार सामने से आ रही गाड़ियों की तेज रोशनी आंखों को चकाचौंध कर देती है, जिससे चालक का नियंत्रण कमजोर पड़ जाता है। ऐसे में हाई बीम का गलत उपयोग भी दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण बन जाता है।

हिमाचल सरकार समय-समय पर वाहन चालकों के लिए दिशा-निर्देश जारी करती रहती है, जिनमें विशेष रूप से रात के समय लो बीम लाइट के उपयोग पर जोर दिया जाता है। यह न केवल चालक की दृष्टि को संतुलित रखता है, बल्कि सामने से आने वाले वाहन चालकों को भी सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, वाहन चलाते समय तेज आवाज में संगीत सुनना भी खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे ध्यान भटकता है और प्रतिक्रिया समय कम हो जाता है। इसी तरह शिमला जिले के कोटखाई में आठ साल की मासूम बच्ची जब भागकर सड़क क्रॉस करने लगी तो सामने से आ रही पिकअप की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। बच्ची मां के साथ जा रही थी। मां की पीठ पर दूसरा बच्चा भी था, जबकि बच्ची मां के पीछे पीछे चल रही थी। इस हादसे के लिए बच्ची को जिम्मेदार ठहराएं या मां को। जरा सोचिए, अगर मां सतर्क होती और बच्ची ने मां का हाथ पकड़ा होता तो यह हादसा नहीं हो सकता था। ऐसी अनहोनी को इंसान अपने स्तर पर टाल सकता है।

हिमाचल एक पर्वतीय राज्य है, जहां की सड़कों की बनावट मैदानी इलाकों से बिलकुल अलग है। यहां सर्पीली, संकरी और ढलान वाली सड़कें ड्राइविंग को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना देती हैं। तीखे और अंधे मोड़ तो और भी चौंका देते हैं। ऐसे में बाहरी राज्यों से आने वाले कई चालक इन परिस्थितियों का सही आकलन नहीं कर पाते और दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। गहरी खाइयों, नदी-नालों और खड्डों के किनारे चलना अपने आप में जोखिम भरा होता है, जिसके लिए अतिरिक्त सावधानी आवश्यक है।

बेशक सड़क दुर्घटनाओं के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन अधिकांश हादसों को थोड़ी सी सतर्कता और जिम्मेदारी से टाला जा सकता है। वाहन चलाना केवल एक कौशल नहीं, बल्कि अनुशासन और धैर्य की परीक्षा भी है। यह बहुत ही जिम्मेदारी का काम होता है। दिन और रात के समय ड्राइविंग के तरीके अलग-अलग होते हैं, जिन्हें समझना और अपनाना जरूरी है।

अगर गंभीरता से गौर करें तो हर दुर्घटना हमें एक सीख देकर जाती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम उन सीखों को समझें और अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। यदि प्रत्येक व्यक्ति सड़क पर जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ चले, तो निश्चित रूप से इन हादसों में कमी लाई जा सकती है। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों की जान की परवाह भी करें।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय राइफल निशानेबाज



गगन नारंग
जन्म : 6 मई, 1983

**गगन नारंग** भारत के एक प्रसिद्ध राइफल निशानेबाज हैं, जिनका जन्म 6 मई 1983 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वे भारत के शीर्ष शूटर्स में गिने जाते हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। उनके पिता भीमसेन नारंग एयर इंडिया में कार्यरत थे, और परिवार बाद में हैदराबाद में बस गया। गगन की निशानेबाजी में रुचि बचपन से ही दिखने लगी थी, जब उन्होंने कम उम्र में ही लक्ष्य साधने की क्षमता दिखाई।

गगन नारंग की शिक्षा हैदराबाद में हुई और उन्होंने उस्मानिया यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक किया। उनके करियर की शुरुआत 2003 के एफ्रो-एशियाई खेलों से हुई, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई खेल शामिल हैं।

उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि 2012 के लंदन ओलंपिक में आई, जहां उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वे उस ओलंपिक में भारत के पहले पदक विजेता बने। 2006 और 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने कई स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 2010 में राजीव गांधी खेल रत्न और 2011 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। गगन नारंग आज भी भारत के महान निशानेबाजों में शामिल हैं।



कविता

### लिव इन में होगी निराशा...!

संजय एम तराणेकर
(लेखक व समीक्षक)

**जब** रिश्तों की राहों में, सवाल कई उठते हैं,
दिल की खामोशी में, कुछ जवाब छुपते हैं।
साथ चलना अगर दोनों की 'मजी' से ही हो,
तो क्यों फिर रिश्तों पर इल्जाम ये जुड़ते हैं?
वो पल जो थे अपने, मुस्कान से ही तो सजे,
क्यों? वक्त के संग, आरोपों के सांचे में ढले?
ये प्यार अगर सच्चा था, समझ भी साथ हो,
दर्द की कहानी क्यों बन के रिश्ता खाक हो?
सहमति का मतलब, सम्मान की पक्की डोर,
न कोई जोर-जबरदस्ती, न मन पे कोई जोर।
जहां दोनों की इच्छा, बराबरी से 'दिल' मिले,
वहीं तो रिश्ते खिलते हैं, जैसे सावन के झूले।
आओ समझें हम, दिल से दिल की ये भाषा,
युवतियों लिव-इन में ना रहना होगी निराशा।
रिश्ते हैं नाजुक, इन्हें शादी से सहेजना सीखें,
सच और विश्वास से, 'जीवन यात्रा' को सींचें।

# टेक्सटाइल इनोवेशन से बदलता फुटवियर सेक्टर



गिरिराज सिंह
केंद्रीय वस्त्र मंत्री

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

आत्मनिर्भर भारत का मतलब सिर्फ उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही नहीं, बल्कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में नेतृत्व भी हासिल करना है। कुछेक क्षेत्रों ने ही इस अवसर का फुटवियर की तरह स्पष्ट रूप से उपयोग किया है। फुटवियर रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली सबसे आम वस्तुओं में से एक है। इसका इस्तेमाल स्कूली बच्चों, लंबी पाली में काम करने वाले कामगारों और लगातार भागमभाग कर सामान की डिलीवरी करने वालों से लेकर अपनी शारीरिक सीमाओं से आगे जाने वाले एथलीट तक करते हैं।

भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फुटवियर उत्पादक है। इसके बावजूद वैश्विक फुटवियर निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बहुत कम है। यह अंतर क्षमता की कमी के कारण नहीं, बल्कि मटेरियल (सामग्री), डिजाइन और कार्य प्रदर्शन के प्रति दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता के कारण है। इस बदलाव के केंद्र में एक ऐसी श्रेणी भी है जिस पर अक्सर लोगों का ध्यान नहीं जाता, वह है-तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल)। मैंने इसे हाल ही में अपनी आगरा यात्रा के दौरान और अधिक स्पष्टता से समझा। आगरा अपने जूतों और चप्पल के लिए जाना जाता है। वहां के उत्पादन समूहों में घूमते हुए और निर्माताओं से बातचीत करते हुए यह स्पष्ट हो गया कि वहां इनके उत्पादन में नवाचार पहले से ही किया जा रहा है। कई इकाइयां ऐसी सामग्रियों का उपयोग कर रही थीं जो बहुत आरामदायक, टिकाऊ और नरम जूते बना रही हैं लेकिन इनमें से कइयों ने इन्हें टेक्निकल टेक्सटाइल के रूप में नहीं बताया। उन सब ने इन्हें सिर्फ ऐसे बेहतर आदानों के रूप में देखा जो उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। दिल्ली में फुटवियर संघ के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह समझ और गहरी हुई। उद्योग जगत के हितधारकों ने उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं के बारे में बताया, जैसे उपभोक्ता अब हलके, बेहतर कुशनिंग वाले, हवादार और टिकाऊ जूते पसंद करते हैं। ये अब केवल महंगे उत्पादों की विशेषताएं नहीं रह गई, बल्कि मानक जरूरतें बनती जा रही थीं। इसी चर्चा के दौरान मेरे विभाग ने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डाला : फुटवियर उद्योग पहले से ही टेक्निकल टेक्सटाइल का व्यापक रूप से उपयोग कर रहा है, भले ही इसे औपचारिक रूप से मान्यता न दी गई हो।

उस अहसास ने पूरी चर्चा का स्वरूप ही बदल दिया। वैश्विक स्तर पर, फुटवियर उद्योग सालाना लगभग 23.9 बिलियन जोड़ी जूतों का उत्पादन करता है, जिसका बाजार आकार करीब 500 बिलियन अमरीकी डॉलर है। भारत वैश्विक उत्पादन में लगभग 12.5 प्रतिशत का योगदान देता है, फिर भी निर्यात में इसकी हिस्सेदारी केवल 2 प्रतिशत है। यह आंकड़ा हमारी क्षमता और वैश्विक स्थिति के बीच के स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। साथ ही, दुनियाभर के लगभग 86 प्रतिशत फुटवियर 'नॉन-लेदर' (गैर-चमड़ा) हैं, जबकि भारत का उद्योग परंपरागत रूप से चमड़े पर केंद्रित रहा है।

देश में भी स्थिति तेजी से बदल रही है। साल 2025 में भारतीय फुटवियर बाजार का आकार 20.67 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया, जो बढ़ती आय और उपभोक्ता की बदलती प्रवृत्तियों को दर्शाता है। हालांकि, एक औसत भारतीय अभी भी साल भर में लगभग 2 जोड़ी जूते ही खरीदता है, जबकि वैश्विक औसत 7 से 8 जोड़ी का है। जैसे-जैसे खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, उपभोक्ताओं की पसंद 'आराम' और 'बेहतर प्रदर्शन' होगी। इसे देखते हुए घरेलू बाजार का विस्तार और भी व्यापक होने की उम्मीद है।

यही वह बिंदु है जहां तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल) विकास के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण बन जाते हैं। वस्त्र मंत्रालय में, इस परिवर्तन को 'स्मार्ट, टिकाऊ और निर्बाध' फ्रेमवर्क के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। 'स्मार्ट फुटवियर' तकनीक और डिजाइन के बढ़ते एकीकरण को दर्शाते हैं। डिजिटल टूल्स, एआई आधारित मॉडलिंग और फुट स्कैनिंग के माध्यम से अब बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समाधान संभव हो पा रहे हैं। यह रुझान व्यापक रूप से उपभोक्ताओं की जरूरतों और फैशन के अनुरूप है। वर्ष 2025 में, भारत में 28.9 मिलियन स्मार्टवॉच की बिक्री दर्ज की गई, जिससे 780 मिलियन अमरीकी डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ। टेक्निकल टेक्सटाइल के बढ़ते उपयोग से भारत का फुटवियर उद्योग तेजी से बदल रहा है। खासकर स्नीकर (हल्के रबड़ के जूते) श्रेणी इस बदलाव का सबसे स्पष्ट उदाहरण है, जिसका बाजार 2024 में लगभग 3.2 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक करीब 6 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। साथ ही उत्पादन 55 मिलियन जोड़ी से बढ़कर लगभग 70 मिलियन जोड़ी तक पहुंच सकता है। उपभोक्ता अब ऐसे फुटवियर की मांग कर रहे हैं जो आरामदायक होने के साथ-साथ आकर्षक भी हों, और इसमें तकनीकी वस्त्र अहम भूमिका निभा रहे हैं। पुनर्चक्रित पीईटी प्लास्टिक और बायोडिग्रेडेबल फाइबर जैसे पर्यावरण-अनुकूल पदार्थ उत्पादन में तेजी से शामिल हो रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण होता है, बल्कि भारत को वैश्विक बाजार में एक जिम्मेदार आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने का अवसर भी मिलता है।

इसके साथ 3डी बुनाई और आधुनिक निर्माण तकनीकें कचरा कम कर उत्पादन को अधिक कुशल बना रही हैं। भारत का फुटवियर उद्योग पहले से ही 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है और आगरा, कानपुर, चेन्नई जैसे क्लस्टर इसकी ताकत हैं। तकनीकी वस्त्रों का सही उपयोग इस उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना सकता है और भारत की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# संख्याओं से परे स्वयं सहायता समूहों की वास्तविक तस्वीर



ध्रुव शर्मा
एमबीए (ग्रामीण विकास) छात्र
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

क्या भारत में ग्रामीण विकास की सफलता को वास्तविक परिवर्तन के बजाय केवल विस्तार के आधार पर मापा जा रहा है? पिछले एक दशक में स्वयं सहायता समूह (SHG) तेजी से बढ़े हैं और उन्होंने लाखों लोगों को वित्तीय समावेशन के दायरे में लाया है, लेकिन मूल प्रश्न यह नहीं है कि कितने लोग जुड़े, बल्कि यह है कि उनकी आजीविकाओं में कितना गहरा परिवर्तन आया।

स्वयं सहायता समूह और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उभार पहुंच से स्वायत्तता की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, लेकिन यह भी सवाल उठाता है कि क्या यह बदलाव स्थायी आर्थिक परिणाम दे रहा है या केवल ऋण के विस्तार तक सीमित है। आज देश में 85 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह लगभग 9 करोड़ ग्रामीण परिवारों को जोड़ते हैं। इन समूहों में सामान्यत: 10 से 20 सदस्य-मुख्यत: महिलाएं-100 रुपए से 500 रुपए तक की नियमित बचत करते हैं। समय के साथ यह सामूहिक पूंजी एक मजबूत वित्तीय आधार बन जाती है, जिससे साहूकारों पर निर्भरता कम होती है लेकिन इन समूहों की वास्तविक ताकत केवल वित्तीय लेन-देन में नहीं, बल्कि विश्वास, अनुशासन, पारदर्शिता और सामूहिक उत्तरदायित्व में निहित है। संस्थागत रूप से, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) विकसित SHG-बैंक लिंकेज कार्यक्रम ने इस मॉडल को व्यापक स्तर पर स्थापित किया है। 1992 में शुरू हुआ यह कार्यक्रम आज दुनिया के सबसे बड़े माइक्रोफाइनेंस तंत्रों में से एक है। SHG की कुल बचत 71,000 करोड़ रुपए से अधिक हो चुकी है, जबकि ऋण पोर्टफोलियो लगभग 2.6 लाख करोड़ तक पहुंच गया है और हर वर्ष 1.5 लाख से अधिक का ऋण वितरित हो रहा है। प्रति समूह औसत ऋण 3-4 लाख रुपए के बीच है, जबकि NPA लगभग 2% और पुनर्भुगतान दर 95-98% बनी हुई है। समय के साथ SHG की भूमिका में गुणात्मक परिवर्तन आया है।

कृषि, डेयरी, बागवानी, मधुमक्खी पालन, खाद्य प्रसंस्करण और सूक्ष्म उद्यमों के माध्यम से आय के नए स्रोत विकसित हो रहे हैं। विभिन्न आकलनों के अनुसार, SHG से जुड़े परिवारों की आय में औसतन 20-40% तक वृद्धि हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण में इसका प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। लगभग 90% सदस्य महिलाएं हैं और उनकी भूमिका अब निर्णय लेने तक विस्तारित हो चुकी है। लखपति दीदी पहल, जिसके तहत 2 करोड़ से अधिक महिलाओं को 1 लाख रुपए वार्षिक आय तक पहुंचाने का लक्ष्य है, इस दिशा में महत्वपूर्ण है। इस परिवर्तन को संरचना और विस्तार देने में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की केंद्रीय भूमिका रही है। यह मिशन 2011 में शुरू हुआ और आज देश के लगभग सभी जिलों तक फैल चुका है। इसके तहत 5.8 लाख से अधिक ग्राम संगठन और लगभग 32,000 क्लस्टर स्तरीय संघ सक्रिय हैं, जबकि 10 लाख से अधिक सामुदायिक संसाधन व्यक्ति ग्रामीण स्तर पर सेवाएं दे रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में इसका प्रभाव और स्पष्ट दिखता है, जहां 40,000 से अधिक SHG लगभग 3 लाख परिवारों को जोड़ते हैं और बागवानी, डेयरी व मधुमक्खी पालन से 25-30% तक आय वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, चुनौतियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। लगभग 30-40% SHG अब भी स्थानीय बाजारों तक सीमित हैं, जिससे उनकी आय क्षमता बाधित रहती है। डिजिटल साक्षरता की कमी, वित्तीय सेवाओं तक असमान पहुंच और प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग व निर्यात जैसी उच्च मूल्य श्रृंखलाओं से दूरी प्रमुख बाधाएं हैं। एसएचजी को केवल ऋण आधारित ढांचे से निकालकर ग्रामीण उद्यमिता के मजबूत आधार में बदलना होगा। ई-कॉमर्स, डिजिटल प्लेटफॉर्म और किसान उत्पादक संगठनों से जुड़ाव उनकी क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# हिमकेयर योजना: स्वास्थ्य सुरक्षा कवच या चुनौतियों से जूझता मॉडल?



महेश्वर सिंह
एमबीए (ग्रामीण विकास)
एचपीयू, शिमला

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई हिमकेयर योजना ने पिछले कुछ वर्षों में एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कवच के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

वर्ष 2019 में लागू इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना था, जो आयुष्मान भारत (PM-JAY) के दायरे से बाहर रह गए थे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक इस योजना के तहत 5 लाख से अधिक परिवार पंजीकृत हो चुके हैं। सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा ने गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों को उल्लेखनीय राहत प्रदान की है।

हालांकि, हाल के वर्षों के आंकड़े एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। हिमाचल स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत नए पंजीकरण में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2022-23 में जहां 1,44,825 नए पंजीकरण हुए, वहीं 2023-24 में यह घटकर 1,23,701, 2024-25 में 57,765 और 2025-26 में मात्र 27,629 रह गए। इसी प्रकार, कार्ड नवीनीकरण के आंकड़ों में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है-2022-23 में 1,54,716, 2023-24 में 96,307, 2024-25 में 26,859, जबकि 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 58,553 रही। यह गिरावट मुख्य रूप से नीतिगत बदलावों, पात्रता मानदंडों में संशोधन और प्रशासनिक जटिलताओं से जुड़ी मानी जा रही है।

इसी संदर्भ में, हिमाचल प्रदेश आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े भी महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। वर्ष 2023-24 में लगभग 8.52 लाख पंजीकृत लाभार्थियों में से 2.28 लाख लोगों ने योजना का लाभ उठाया, जिस पर करीब 309.84 करोड़ रुपए व्यय हुआ। वहीं 2025-26 में पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या घटकर 4.39 लाख रह गई, जिनमें से केवल 1.04 लाख लोगों ने लाभ लिया और कुल व्यय 142.18 करोड़ रहा। यह गिरावट केवल पंजीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि योजना के वास्तविक उपयोग में भी कमी को दर्शाती है। मेरे फील्ड अध्ययन के दौरान कई लाभार्थियों ने बताया कि पहले इलाज के लिए धन जुटाना सबसे बड़ी चुनौती होती थी। कई बार उन्हें कर्ज लेना पड़ता था या इलाज टालना पड़ता था, लेकिन अब हिमकेयर कार्ड के माध्यम से वे बिना तत्काल आर्थिक दबाव के अस्पताल में भर्ती हो पा रहे हैं। वर्ष 2019 से 2025 के बीच लाखों क्लेम दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें हृदय रोग, किडनी से जुड़ी बीमारियां, प्रसूति सेवाएं और विभिन्न सर्जरी प्रमुख हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह योजना गंभीर और महंगे इलाज में भी सहायक सिद्ध हो रही है। इसके बावजूद, जमीनी स्त पर कई चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। जागरूकता की कमी के कारण कई पात्र परिवार योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में अस्पतालों की सीमित उपलब्धता भी एक बड़ी बाधा है। कुछ मामलों में क्लेम सेटलमेंट में देरी, तकनीकी समस्याएं और निजी अस्पतालों द्वारा पैकेज दरों को लेकर अनिच्छा जैसी शिकायतें भी सामने आई हैं।

यदि हिमकेयर योजना को और अधिक प्रभावी बनाना है, तो सरकार को डिजिटल प्रणाली को मजबूत करने, क्लेम प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही, पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ना आवश्यक है।

बहरहाल, हिमकेयर योजना हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल है, लेकिन हाल के आंकड़े यह भी स्पष्ट करते हैं कि योजना को निरंतर सुधार, स्थिर नीतिगत ढांचा और बेहतर क्रियान्वयन की आवश्यकता है, ताकि इसका लाभ वास्तव में हर जरूरतमंद तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। यदि नीतियां स्थिर और क्रियान्वयन मजबूत नहीं हुआ, तो यह योजना 'सुरक्षा कवच' से ज्यादा 'अधूरी उम्मीद' बनकर रह जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




# पश्चिम बंगाल : राष्ट्रीय चेतना की पुनर्स्थापना का आगाज



डाक्टर जनकराज
विधायक, भरमौर विस क्षेत्र

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे केवल राजनीतिक परिवर्तन का संकेत नहीं हैं, बल्कि यह उस ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और राष्ट्रवादी चेतना की पुनार्स्थापना का प्रतीक हैं, जिसकी जड़ें इस धरती की महान विभूतियों के विचारों और बलिदानों में गहराई से समाई हुई हैं।
यह परिणाम एक नए युग की दस्तक है, जहां परंपरा और प्रगति का संतुलन, संस्कृति और विकास का संगम, तथा राष्ट्रवाद और जनकल्याण का समन्वय दिखाई देता है।

जब हम बंगाल की आत्मा को समझने का प्रयास करते हैं, तो सबसे पहले स्मरण होता है दक्षिणेश्वर काली मंदिर का, जहां से आध्यात्मिक जागरण की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई। इसी पावन भूमि पर रामकृष्ण परमहंस ने भक्ति और समर्पण का ऐसा मार्ग दिखाया, जिसने मानवता को एक नई दिशा दी। उनके शिष्य स्वामी विवेकानंद ने उस चेतना को वैश्विक मंच पर पहुंचाया और भारत की सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्जीवित किया। आज के चुनाव परिणाम उस आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक हैं-एक ऐसा पुनर्जागरण जो समाज को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करता है। बंगाल की धरती केवल आध्यात्मिकता की भूमि नहीं रही, बल्कि यह क्रांतिकारियों और राष्ट्र निर्माताओं की जन्मभूमि भी रही है। सुभाष चंद्र बोस का अदम्य साहस और 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का आह्वान आज भी हर भारतीय के हृदय में गूंजता है। इसी प्रकार बंकिम चंद्र चटर्जी ने 'वंदे मातरम्' के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई, जो स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा बन गई। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी लेखनी से भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई और मानवता के सार्वभौमिक मूल्यों को स्थापित किया।

इन सभी महान विभूतियों के विचारों का मूल संदेश था-एक सशक्त, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भारत। यही विचार आज के राजनीतिक परिदृश्य में फिर से जीवंत होते दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने न केवल बंगाल की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष किया, बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन का बलिदान भी दिया। उनका सपना था-एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को समान अवसर मिले और राष्ट्र की एकता अक्षुण्ण बनी रहे।आज के चुनाव परिणाम यह दर्शाते हैं कि जनता ने उस विचारधारा को पुन: स्वीकार किया है, जो इन महान आत्माओं के आदर्शों से प्रेरित है। यह केवल एक राजनीतिक जीत नहीं है, बल्कि यह उन मूल्यों की विजय है, जो राष्ट्र को जोड़ते हैं, सशक्त बनाते हैं और आगे बढ़ाते हैं। इस विजय के पीछे भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम और संगठनात्मक शक्ति प्रमुख रही है। उन्होंने गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाया और विश्वास अर्जित किया। नेतृत्व की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही, जिसने विकास और सुशासन को केंद्र में रखते हुए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना को आगे बढ़ाया। यह परिणाम दर्शाता है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीतियां और सक्रिय कार्यकर्ता मिलकर परिवर्तन ला सकते हैं। यह केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का संकेत है, जिसे जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाना आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कंट्रोल रूम के लिए नए दूरभाष नंबर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए स्थापित एमसीसी एवं जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से नए दूरभाष नंबर जारी किए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने बताया कि जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा को नोडल अधिकारी लगाया गया है। वे जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के भी नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यालय एवं नियंत्रण कक्ष के लिए दूरभाष नंबर 01905-226201,01905-226202, 01905-226203, 01905-226204 स्थापित किए गए हैं, जबकि नोडल अधिकारी का मोबाइल नंबर 94184-78500 रहेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता से जुड़े मामलों के संबंध में इन नंबरों पर जानकारी साझा की जा सकती है।

### संधोल स्कूल का 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधोल में जमा दो के तीनों संकाय, कला, वाणिज्य और विज्ञान का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य कुलदीप चंद डोगरा ने बताया कि पाठशाला के 51 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था और सभी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। 51 में से 49 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कला संकाय के अनीश ने 440 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। सारिका ने 437 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया व सोनिका ने 420 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में आयुष ने 404 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मोहित ने 401 अंक लेकर द्वितीय स्थान व तनु ने 389 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान संकाय में प्रिंसेस ने 449 अंक हासिल कर प्रथम स्थान, कौशिक ने 422, गुंजन ने 412 अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य ने बच्चों व अभिभावकों को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है।

### 12वीं कक्षा में छाए तल्याहड़ स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तल्याहड़ का कला संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. मीनाक्षी जोशी ने बताया कि कला संकाय में तनिशा 451 (90.2 प्रतिशत) अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। हर्ष ने 449 (89.8 प्रतिशत) अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा गुंजन सेन ने 445 (89 प्रतिशत) अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पाठशाला का विज्ञान संकाय का परिणाम 80 प्रतिशत रहा। इसमें शौर्य सेन ने 353 (70.6 प्रतिशत) अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तन्मय ने 352 (70.4 प्रतिशत) अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा शगुन ने 346 (69.2 प्रतिशत) अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कला संकाय में कुल 21 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें अंग्रेजी विषय में 10, इतिहास में 20, राजनीति शास्त्र में 14, हिन्दी में 14, कम्प्यूटर साइंस में 14 तथा शारीरिक शिक्षा में 9 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट (डिस्टिंक्शन) प्राप्त की है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या डॉ. मीनाक्षी जोशी ने समस्त स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी है।

### काव्य गोष्ठी में कवियों ने बिखेरे हास्य रंग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** भोजपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में मंगलवार को मंडी जिला से संबंधित कवियों द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण, नशाखोरी, धोखेबाजी-चालबाजी, स्वार्थ-लालच और टेर रस जैसे विषयों पर कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. पी.सी. कौंडल ने अपनी कविता में कहा- 'आज के जमाने में धोखेबाजों और चालबाजों का बोलबाला है, सच्चाई के विरुद्ध इन्होंने मोर्चा संभाला है, धोखेबाज खुद करतूतें करते हैं और झूठे इल्जाम दूसरों पर मढ़ देते हैं।' कृष्ण चंद्र महादेविया ने लोकोक्तियों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी– 'तक-तक तैंतू धरत चलैंतू, तिन मुंडिया दस पैर चलैंतू ', जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कवि सुरेंद्र मिश्रा ने पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज मनुष्य स्वार्थवश प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है और विकास के नाम पर विनाश की ओर बढ़ रहा है। हेमराज मुकेश ने मधुर स्वर में गीत 'तेरे नैना क्यों भर आए, वो है सबका रखवाला...' प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। हास्य-व्यंग्य कवि रतन लाल शर्मा ने अपनी चुटीली रचना से सभी को खूब हंसाया।

### असेंट स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में असेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में कनिष्ठा ने 500 में से 455 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आर्निक 451 अंकों के साथ द्वितीय और रवनीत 439 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में सुहाना ने 446 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में ईशान ने 450 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सक्षम शर्मा द्वितीय और सक्षम राही तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के प्रिंसिपल लक्की ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्कूल अधिकांश छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

### राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय में हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आभासी माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रकाश चंद चौहान ने की। यह बैठक हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की गई, जिसमें राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय को समूह महाविद्यालयों के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक का मुख्य विषय भौतिक अवसंरचना के प्रभावी उपयोग और ज्ञान साझाकरण रहा। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. प्रकाश चंद चौहान ने समूह महाविद्यालयों से आग्रह किया कि वे राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सत्र 2026-27 से सभी महाविद्यालय समूह के रूप में एकजुट होकर उच्च शिक्षा को नए आयाम प्रदान करेंगे। बैठक में नारला महाविद्यालय के प्राचार्य, लडभड़ोल महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य और मुल्थान महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य आभासी माध्यम से जुड़े और अपने विचार साझा किए।

# कांग्रेस ने मंडी में नियुक्त किए प्रभारी

## नगर निगम चुनाव में डिप्टी सीएम वरिष्ठ पर्यवेक्षक, विक्रमादित्य और रोहित बनाए इंचार्ज

अनंत ज्ञान





**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मंडी में अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम मंडी के सभी 15 वार्डों के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। इसके साथ ही चुनाव प्रबंधन के लिए वरिष्ठ नेताओं को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेशों के अनुसार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि मंत्री विक्रमादित्य सिंह और रोहित ठाकुर को इंचार्ज बनाया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। वार्ड स्तर पर भी अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

### नगर निगम के वार्ड-1 से लेकर वार्ड-15 तक के सभी प्रभारी

**वार्ड-1** में बुद्धि सिंह ठाकुर (चेयरमैन), वार्ड-2 में चंद्रशेखर (विधायक धर्मपुर), वार्ड-3 में अनुराधा राणा (विधायक), वार्ड-4 में शशि शर्मा (वाइस चेयरमैन), वार्ड-5 में राकेश कालिया (विधायक), वार्ड-6 में सुरेश कुमार (विधायक), वार्ड-7 में कैप्टन रणजीत राणा (विधायक), वार्ड-8 में भुवनेश्वर गौड़ (विधायक), वार्ड-9 में संजीव गुलेरिया (चेयरमैन, एपीएमसी मंडी), वार्ड-10 में सुदर्शन बब्बू (विधायक), वार्ड-11 में विवेक शर्मा (विधायक), वार्ड-12 में विक्रम शर्मा चेयरमैन, वार्ड-13 में यशवंत छाजटा (वाइस चेयरमैन), वार्ड-14 में महेश्वर चौहान (वाइस चेयरमैन) तथा वार्ड-15 में लाल सिंह कौशल (वाइस चेयरमैन) को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा कानूनी सलाहकार के रूप में अधिवक्ता जगदीश ठाकुर और भीम ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि मीडिया प्रभारी विकास कपूर और सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में दिनेश पाटियाल व हितेश ठाकुर को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस कमेटी ने सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने और जिम्मेदारी के साथ चुनावी कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है।

### जिला परिषद चुनाव: नेरघरवासड़ा से बिंदु, भड़याड़ा से केहर को बनाया प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान, अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकाय चुनावों के

**◆लांगणा से रजनी देवी को बनाया जिला परिषद प्रत्याशी**

मद्देनज़र जिला परिषद चुनाव के लिए मंडी जिले के विभिन्न वार्डों में अपने समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इन चुनावों के लिए बनाई गई समिति के प्रदेश संयोजक विपिन सिंह परमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। घोषित सूची में चौंतड़ा व द्रंग ब्लॉक के तहत आते वार्डों में भड़याड़ा से केहर सिंह चौहान, नेरघरवासड़ा से बिंदु बाला और लांगणा से रजनी देवी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया गया है। इन घोषणाओं से भाजपा ने चुनावी तैयारियों को औपचारिक रूप से गति दे दी है। आगामी चुनाव में अब नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि जनता इन चेहरों पर कितना भरोसा जताती है।


केहर सिंह चौहान।


बिंदु बाला।


रजनी देवी।

## विशेष लोक अदालत में आपसी सहमति से होगा लंबित मामलों का निपटान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सर्वोच्च न्यायालय, भारत द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं शीघ्र बनाने के उद्देश्य से समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के तहत आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव (वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश) विवेक कायस्थ ने बताया कि यह अभियान 21 अप्रैल, 2026 से आरंभ हो चुका है और इसका समापन 21, 22 तथा 23 अगस्त, 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान उपयुक्त मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा, जिससे पक्षकारों को त्वरित और सरल न्याय मिल सके। सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकार निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई, 2026 निर्धारित की गई है। अभियान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए वन स्टॉप सेंटर (वार रूम) के दूरभाष नंबर 011-23115652, 011-23116464 तथा सीआरपी निदेशक के दूरभाष नंबर 011-23115652, 011-23116465 पर और ईमेल specialloka dalatw®w{@sci.nic.in संपर्क किया जा सकता है।


# तुंगल स्कूल के चार विद्यार्थियों ने 10+2 की मेरिट में बनाई जगह

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा ने दी बधाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के तुंगल इलाके के चार होनहार विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10+2 परीक्षा-2026 की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। कोमल, पायल, प्रिया और गौरव की इस सफलता पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। दीपक शर्मा ने कहा कि तुंगल जैसे ग्रामीण क्षेत्र से एक साथ चार विद्यार्थियों का प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाना बड़ी बात है। यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत के दम पर ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों और शिक्षकों की भी सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन ने बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। अंत में दीपक शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।


दीपक शर्मा




### करसोग में चुनावों के दृष्टिगत चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के दृष्टिगत करसोग में रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) ग्राम पंचायत के लिए दूसरा चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने की जानकारी प्रदान की। रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्वाचन कार्यों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाया जा सके। चुनावी पूर्वाभ्यास में मास्टर ट्रेनर डॉक्टर लोमेश शर्मा और महेंद्र कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## दबरोट की नविता ठाकुर का एम्स नागपुर में हुआ चयन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल के ग्राम पंचायत दबरोट की प्रतिभाशाली बेटी नविता ठाकुर ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट विश्वास के बल पर एक प्रेरणादायक मुकाम हासिल किया है। हंसराज और डोलमा देवी की पुत्री का चयन एम्स नागपुर, महाराष्ट्र में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। नविता की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी से हुई, जहां उन्होंने दसवीं कक्षा तक अध्ययन किया। इसके बाद उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मढ़ी से 10+2 की शिक्षा पूरी की। अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखते हुए उन्होंने नर्सिंग क्षेत्र में आगे बढ़ने का निर्णय लिया और सरस्वती नर्सिंग कॉलेज, कुराली (रोपड़) से अपनी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। साधारण परिवार से संबंध रखने वाली नविता की सफलता के पीछे उनकी कठिन मेहनत के साथ-साथ परिवार का मजबूत सहयोग भी रहा है। विशेष रूप से उनके दादा राम सिंह ने आर्थिक रूप से उनका भरपूर साथ दिया, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकीं।



उनकी माता गृहिणी हैं, जबकि पिता निजी कार्य करते हैं, लेकिन दोनों ने अपनी बेटी के सपनों को साकार करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। नविता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और दादा-दादी को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

# शानन वैदिक स्कूल का 12वीं का रिजल्ट शानदार

## तान्या ने विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हासिल किए 89.5 प्रतिशत अंक



अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** शानन स्थित वैदिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया है। विद्यालय पिछले लगातार पांच वर्षों से इस उपलब्धि को बनाए रखते हुए क्षेत्र का नाम रोशन कर रहा है। इस वर्ष घोषित परिणाम में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तान्या शर्मा ने विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कला संकाय में कार्तिक ने समान अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सुजल रहे, जिन्होंने 87 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि सभी विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को बधाई दी और इस सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कंचन ठाकुर ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापक वर्ग को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

# 12वीं कक्षा में हिमालय स्कूल सरकाघाट का परिणाम शानदार, सभी विद्यार्थी पास



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार 4 मई को घोषित किए गए +2 परीक्षा परिणाम में हिमालय स्कूल सरकाघाट का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा हर साल की तरह इस साल भी विद्यालय का परिणाम बहुत अच्छा रहा व शत प्रतिशत रहा जिसमें अधिकतर विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। मेधावी और होनहार छात्रा श्रेया शर्मा 93% अंक लेकर स्कूल टॉपर बनी। अभिनव शर्मा ने 92% अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। काजल 90% अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। परीक्षा परिणाम में सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम व अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सफल विद्यार्थियों को स्कूल में हार पहना कर और मोमेंटो देकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने सफल विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत और लग्न के लिए बधाई दी और अभिभावकों तथा अध्यापकों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और अधिक कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय लंबे समय से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता आ रहा है और हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी पहचान बनाए रखता है।

# नबाही की प्रीशा शर्मा ने 94.4% अंक लेकर स्कूल में किया टॉप

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नबाही के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा (सभी संकाय) के परीक्षा परिणाम में विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 39 विद्यार्थियों में से 38 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। विद्यालय की छात्रा प्रीशा शर्मा ने 500 में से 472 अंक (94.4%) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। एकता ने 450 अंक (90%) के साथ द्वितीय तथा कोमल ने 447 अंक (89.5%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रीशा शर्मा अपनी माता कंचन कुमारी के साथ विद्यालय पहुँचीं, जहां विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समस्त स्टाफ ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया तथा विद्यार्थियों ने मैदान में पंक्तिबद्ध होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका भव्य स्वागत किया। प्रात:कालीन सभा में अपने संबोधन में प्रीशा शर्मा ने सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने अपनी उपलब्धि को प्रधानाचार्य, शिक्षकों और अभिभावकों को समर्पित करते हुए भविष्य में और बेहतर करने का संकल्प व्यक्त किया। प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया ने कहा कि इस सफलता के पीछे शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन और परिश्रम है।



### खारसी स्कूल में भव्या ने किया टॉप

**अनंत ज्ञान, गोहर।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खारसी ने इस वर्ष 10+2 बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत (100%) परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा में सफलता हासिल की, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य ठाकरु राम ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है।


**तकनीकी शिक्षा** | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने प्रयास 4.0 के लिए मांगे आवेदन, जुलाई में एक महीने का कोर्स

# आईआईटी मंडी में सिखाई जाएगी एआई की बुनियादी समझ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने अपने सतत शिक्षा केंद्र (सीसीई) के माध्यम से प्रयास 4.0 की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक महीने का आवासीय कार्यक्रम जुलाई, 2026 में आईआईटी मंडी परिसर में आयोजित किया जाएगा। प्रयास, जिसका पूर्ण रूप 'प्रोमोटिंग एंड एक्सीलरेटिंग यंग एंड एस्पायरिंग स्टूडेंट्स' है, सीसीई, आईआईटी मंडी की एक पहल है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को विकसित करना है।

अपनी शुरुआत के बाद से यह कार्यक्रम अनुभवात्मक और अनुप्रयोग-आधारित शिक्षण अवसरों के माध्यम से सैकड़ों छात्रों को प्रेरित करने में भूमिका निभा रहा है। अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, प्रयास 4.0 का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, तकनीकी दक्षताओं को बढ़ाना और युवा शिक्षार्थियों में समस्या-समाधान कौशल को सुदृढ़ करना है। यह कार्यक्रम विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमियों के प्रतिभागियों के लिए खुला है और इसमें पूर्व तकनीकी अनुभव की आवश्यकता नहीं है, जिससे यह सभी इच्छुक नवप्रवर्तकों के लिए सुलभ बनता है।



यह आवासीय कार्यक्रम प्रतिदिन 5-6 घंटे के सत्रों में आयोजित किया जाएगा, जो आईआईटी मंडी के संकाय सदस्यों द्वारा संचालित होंगे। पाठ्यक्रम को सैद्धांतिक व्याख्यान और व्यावहारिक प्रयोगशाला कार्य के संयोजन के रूप में तैयार किया गया है, जिससे प्रतिभागियों को एआई, रोबोटिक्स और आईओटी तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। चार सप्ताह की अवधि के दौरान प्रतिभागी मूलभूत अवधारणाओं से लेकर उन्नत विषयों तक अध्ययन करेंगे, जिनमें एम्बेडेड सिस्टम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बुनियादी समझ, सेंसर तकनीक और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन शामिल हैं। उन्हें संस्थान की अत्याधुनिक सुविधाओं तक भी पहुँच प्राप्त होगी, जिससे नवाचार और कौशल विकास के लिए समर्पित वातावरण मिलेगा। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, तुषार जैन, प्रमुख, सतत शिक्षा केंद्र (सीसीई), आईआईटी मंडी ने कहा, 'प्रयास 4.0 आईआईटी मंडी के उस मिशन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक उन्नत तकनीकों की पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना है। शैक्षणिक शिक्षा को व्यावहारिक परियोजना-आधारित अनुभव के साथ जोड़कर, हमारा लक्ष्य युवा मस्तिष्कों को एआई, रोबोटिक्स और आईओटी जैसे क्षेत्रों में नवप्रवर्तक के रूप में विकसित करना है।'

यह कार्यक्रम ऑन-कैंपस आवास और भोजन सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे एक समग्र आवासीय शिक्षण अनुभव सुनिश्चित होगा। सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूर्ण करने पर प्रतिभागियों को सीसीई, आईआईटी मंडी द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में उनके प्रशिक्षण को मान्यता देगा।

# कुटलैहड़ में भाजपा के जिला परिषद उम्मीदवारों पर हाई कमान की मुहर

◆ लाठियानी से अनीता, मोमनियार से बीना देवी, टक्का से जसबीर, चताड़ा से अनु होंगी भाजपा समर्थित जिप उम्मीदवार

◆ उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत पकड़ रखते हैं : मलांगड़

अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को स्पष्ट करते हुए जिला पार्षद वार्डों के लिए समर्थित उम्मीदवारों की विधिवत घोषणा कर दी है।

लाठियानी जिला पार्षद वार्ड से अनीता देवी, मोमनियार वार्ड से बीना देवी, टक्का वार्ड से जसबीर बिट्टा तथा चताड़ा वार्ड से अनु ठाकुर को भाजपा समर्थित उम्मीदवार घोषित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि इन सभी नामों को अंतिम रूप देने से पहले पार्टी स्तर पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक वरिंदर कुमार भुट्टो के साथ विशेष चर्चा के उपरांत प्रत्येक वार्ड से तीन-तीन नामों का पैनल तैयार कर भाजपा हाई कमान को भेजा गया था। हाई कमान ने सभी पहलुओं पर मंथन करने के बाद इन नामों पर अपनी अंतिम मुहर लगाई है।

मलांगड़ ने विश्वास जताया कि घोषित किए गए सभी उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत पकड़ रखते हैं व पार्टी की नीतियों तथा जनसेवा के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन इन प्रत्याशियों के साथ मजबूती से खड़ा है व चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगा। उन्होंने आगे कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पार्टी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं व सभी वार्डों में चुनावी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष मलांगड़ ने यह भी कहा कि पार्टी अनुशासन व संगठनात्मक एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी तथा विपक्ष को कड़ी टक्कर देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर पार्टी उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं, उम्मीदवारों की घोषणा के बाद क्षेत्र में चुनावी माहौल व अधिक सक्रिय हो गया है तथा सभी की नजरें अब आगामी चुनाव परिणामों पर टिकी हैं।

# शादी से पहले दुल्हन प्रेमी संग फरार, रस्मों के बीच मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत एक गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब शादी की खुशियां अचानक मातम जैसे माहौल में बदल गईं। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं व 'बटने' (हल्दी) की रस्म अदा की जा रही थी, लेकिन इसी दौरान दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लड़के वालों के घर में रिश्तेदारों और गांव के लोगों की मौजूदगी में पारंपरिक रस्में निभाई जा रही थीं। माहौल पूरी तरह खुशियों से भरा हुआ था व शादी को लेकर सभी बेहद उत्साहित थे। इसी बीच अचानक दुल्हन के फरार होने की खबर सामने आई, जिससे पूरे परिवार में अफरा-तफरी मच गई व समारोह बीच में ही रोकना पड़ा। बताया जा रहा है कि युवती का पहले से ही एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी तय होने के बावजूद दोनों संपर्क में थे व मौका मिलते ही युवती अपने प्रेमी के साथ चली गई। घटना के बाद दूल्हे पक्ष के लोग स्तब्ध रह गए व परिवार को भारी सामाजिक व मानसिक आघात पहुंचा है।

◆ लड़की के परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज

इस घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। गांव में भी इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं, लड़की के परिजनों का कहना है कि उन्हें इस तरह की किसी भी स्थिति की पहले से कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लड़की के परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है व जांच शुरू कर दी गई है। डीएसपी अनिल पटियाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर संदेह के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सभी पुलिस थानों को सूचित कर दिया गया है और जल्द ही दोनों को ढूंढ लिया जाएगा।

# अंब की बेटी संजीता धीमान ने मेरिट सूची में पाया दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अंब के वार्ड नंबर-6 की होनहार छात्रा संजीता धीमान ने बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने संजीता के घर पहुंचकर उन्हें इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संजीता की मेहनत, लगन और समर्पण अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। बलबीर सिंह ने विश्वास जताया कि संजीता भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी। उन्होंने ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संजीता की इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र के लोगों में गर्व और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# बीजापुर में सात्विक ढाबा पर भाजपा की जीत का जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



अंब में भाजपा के कार्यकर्ता खुशी प्रकट करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अंब।** पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सोमवार देर शाम बीजापुर स्थित सात्विक ढाबा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया।

इस दौरान इंजीनियर रामपॉल अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, पटाखे फोड़े व लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इंजीनियर रामपॉल ने देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस गौरवमयी जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास, समर्थन व आशीर्वाद का परिणाम है। साथ ही उन्होंने मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी उत्साह व एकजुटता के साथ आगे भी कार्य करें। उन्होंने संकल्प लेने की बात कही कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता संगठित होकर आगामी चुनावों में पंजाब व हिमाचल प्रदेश में भी इस जीत को दोहराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की व पार्टी की मजबूती के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी सदस्य परवीन चौधरी, अजय शर्मा, मुनीश शर्मा, गोल्डी चौहान, बल किशन, हर्ष शर्मा, ऋतिक व कई भाजपा कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नगर परिषद संतोषगढ़ में बंदरों का आतंक, लोगों में दहशत का माहौल

अनंत ज्ञान



**ऊना।** नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नंबर-5 एसडी पब्लिक स्कूल वाली गली में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

बंदर बिजली की तारों व मकानों की छतों पर आमतौर पर घूमते नजर आते हैं, जैसे ही कोई व्यक्ति इनके पास से गुजरता है, ये अचानक झपट्टा मार देते हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदर सुबह से ही घरों की छतों पर डेरा जमा लेते हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग अपने घरों की छतों पर कपड़े तक नहीं सुखा पा रहे, क्योंकि बंदर उन पर भी झपट्टा मार देते हैं। इस समस्या से परेशान होकर स्थानीय निवासियों अरुण, बिमला देवी, रामो, मोहिंदर, राजा, जतिन, नीतू व सावित्री देवी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि कोई बड़ी घटना होने से पहले ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। इस संबंध में डीएफओ ऊना विकल्प यादव ने बताया कि फिलहाल बंदरों को पकड़ने व उनकी नसबंदी करने के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं है, जैसे ही बजट उपलब्ध होगा, संतोखगढ़ क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाएगी।

# आज से सुबह 8 से दोपहर दो बजे तक लगेंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला प्रशासन ने जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के समय में आंशिक संशोधन किया है। जिला दंडाधिकारी जतिन लाल द्वारा जारी संशोधित आदेशों के अनुसार 6 मई से जिले के सभी प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे। इससे पूर्व जारी आदेशों के तहत विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया था, जिसमें अब आंशिक संशोधन किया गया है। डीसी ने बताया कि समय परिवर्तन के कारण आवश्यकतानुसार शैक्षणिक समय की भरपाई के लिए प्रातःकालीन प्रार्थना सभा व मध्यावकाश की अवधि में आवश्यक कटौती की जा सकेगी। यह संशोधित व्यवस्था आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगी। साथ ही सभी स्कूल प्रबंधन को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# छात्रों को बताया पत्रकारिता का महत्व

## एसएसआरवीएम ऊना में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर जागरूकता सत्र आयोजित

अनंत ज्ञान




**ऊना।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसएसआरवीएम ऊना में एक विशेष संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता के महत्व से अवगत कराना रहा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला जनसंपर्क अधिकारी ऊना (हिमाचल प्रदेश) सचिन उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में प्रेस की स्वतंत्रता की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला और उन्हें जागरूक व विवेकपूर्ण सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकों के माध्यम से घटनाओं के 'क्यों' को समझने की सलाह दी, जिससे 'कैसे' स्वतः स्पष्ट हो सके। उन्होंने महात्मा गांधी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' तथा श्रीमद्भगवद्गीता के अध्ययन के साथ-साथ नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करने पर बल दिया।

◆ छात्रों को दी जागरूक सोच अभिव्यक्ति की सीख

सचिन ने विद्यार्थियों को अपनी सृजनात्मक लेखन क्षमता को निखारने के लिए माईगव इंडिया पोर्टल पर लेख साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने जनसंचार के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों और उनमें प्रवेश के मार्गों की भी जानकारी दी।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। एक विद्यार्थी के प्रश्न 'सत्य लिखते समय दबाव को कैसे संभालते हैं' उत्तर में उन्होंने ईमानदारी, साहस और नैतिक मूल्यों को पत्रकारिता की आधारशिला बताया। साथ ही उन्होंने आंतरिक संप्रेषण के महत्व पर भी चर्चा की, जो जीवन में संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या बृज बाला शर्मा ने इस ज्ञानवर्धक सत्र की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। वहीं, विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुमेश कुमार शर्मा ने अपने संदेश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व पर बल देते हुए मीडिया के जिम्मेदार उपयोग की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

# माता चिंतपूर्णी में मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने चढ़ाई पांच किलो चांदी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** माता चिंतपूर्णी के प्रति अटूट आस्था का एक और उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब पंजाब के अमृतसर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर में पांच किलोग्राम चांदी अर्पित की।

श्रद्धालुओं द्वारा यह चांदी मंदिर के दर्शन स्थल पर लगी पाइपदार रेलिंग पर मढ़वाई गई, जिससे परिसर की सुंदरता में चार चांद लग गए। मंदिर में पुजारी जीत लाल कालिया व पुजारी विनोद कालिया ने श्रद्धालुओं से विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। पूजा के उपरांत सोमवार देर रात दर्शन स्थल पर चांदी मढ़ने का कार्य शुरू किया गया, जिसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत सावधानीपूर्वक पूरा किया गया। जानकारी के अनुसार, पहले लगी चांदी समय के साथ काफी जर्जर हो चुकी थी। पुरानी चांदी को व्यवस्थित तरीके से हटाकर मंदिर के सोना-चांदी दानपात्र में जमा करवाया गया। इसके बाद नई चांदी को विधिवत स्थापित कर दर्शन स्थल को नया और आकर्षक रूप प्रदान किया गया। यह संपूर्ण कार्य पूर्व सैनिकों के इंचार्ज विधि चंद की निगरानी में संपन्न हुआ, जिससे व्यवस्था व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया। मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने बताया कि माता चिंतपूर्णी के भक्तों में माता रानी के प्रति गहरी श्रद्धा और विश्वास है, जिसके चलते वे समय-समय पर इस प्रकार के भव्य योगदान देकर अपनी आस्था प्रकट करते रहते हैं।

## समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जनरल जोरावर सिंह सैनिक कल्याण समिति की मासिक बैठक कैप्टन हरबंश लाल भाभौरिया की अध्यक्षता में बिट्टू मैरिज पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों ने समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्ष ने कहा कि समिति का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और सेना भर्ती के लिए मार्गदर्शन शिविर लगाने पर भी सहमति बनी। सभी सदस्यों ने मिलकर समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कोसरियां गांव में 89 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने बिलासपुर की विधानसभा झंडूता क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोसरियां के गांव कोसरियां में 89 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के संयोजक राम कृष्ण ने इस स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि एक तरफ जहां बदलते मौसम का प्रकोप बढ़ रहा है। वहीं बदलते मौसम की वजह से खांसी, जुखाम के साथ साथ अन्य बीमारियों से जनता ग्रसित हो रही है। जनता को इन बीमारियों से राहत प्रदान करने के उदेश्य से घर द्वार पर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा उपलबद्ध करवाया जा रहा है। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम (कृतिका, मीनाक्षी,) पायलट राजेश कुमार ने डॉ अंजू के नेतृत्व मे 89 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की इस स्वास्थ्य शिविर मे बजुर्गो, महिलाओ व बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच करते हुए रोगियों को उचित उपचार सलाह देते हुए दवाइयों का वितरण भी निःशुल्क किया गया तथा निःशुल्क टेस्ट भी किए गए

## आदर्श बीएड कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एचपीयू द्वारा घोषित बीएड प्रथम व तृतीय सेमेस्टर परिणाम में आदर्श शिक्षा महाविद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सभी प्रशिक्षु प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम सेमेस्टर में राखी शर्मा 80.86 प्रतिशत प्रथम, आस्था द्वितीय व प्रिया देवी/प्रिया ठाकुर तृतीय रहीं। तृतीय सेमेस्टर में ओजस्वी 90 प्रतिशत प्रथम, साक्षी धीमान द्वितीय व अनामिका वर्मा/मधुबाला तृतीय रहीं। प्रबंधन ने सभी को बधाई दी।

## बरठीं स्कूल ने मेरिट में हासिल किया 7वां स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रावमापा बरठीं ने जमा दो परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए मैरिट में 7वां स्थान हासिल किया। 114 में से 113 विद्यार्थी पास हुए और सभी प्रथम श्रेणी में रहे। शिवम शर्मा (488 अंक) ने टॉप किया। कॉमर्स व आर्ट्स का परिणाम 100% रहा। स्कूल में जश्न का माहौल रहा।

## अल्फा स्कूल बरठीं का शत-प्रतिशत रिजल्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरठीं का जमा दो विज्ञान संकाय परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सृष्टि (461 अंक) प्रथम, अंशु राणा द्वितीय व दिया शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

## भगत सिंह को रोपवे यूनियन का समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला परिषद बरमाणा वार्ड से प्रत्याशी अधिवक्ता भगत सिंह वर्मा को रोपवे यूनियन ने समर्थन देने की घोषणा की है। यूनियन ने उन्हें जनहितैषी व कर्मठ नेता बताते हुए उनकी जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## घुमारवीं में चुनाव रिहर्सल 12 व 16 मई को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर परिषद चुनाव (17 मई) से पूर्व घुमारवीं में पहली रिहर्सल आयोजित हुई। अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन व जिम्मेदारियों का प्रशिक्षण दिया गया। अगली रिहर्सल 12 व 16 मई को होगी।

## दनोह में 17 मई को विशाल दंगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** दनोह गांव में 17 मई को लखदाता पीर छिंज कमेटी के तत्वावधान में दंगल आयोजित होगा। 16 मई को श्वाल रस्म होगी। 5 लाख रुपये ईनाम के साथ नामी पहलवान मुकाबले में भाग लेंगे।

# झंडूता ब्लॉक में गहराया राशन संकट, 66 डिपुओं में सप्लाई ठप

अनंत ज्ञान

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता विकास खंड में इन दिनों सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह चरमरा गई है। ब्लॉक के करीब 66 डिपुओं में राशन की आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग दूर-दूर से राशन लेने डिपुओं तक पहुंच रहे हैं, लेकिन खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।

द कृष्णा सहकारी सभा बैहरन के अध्यक्ष हरवंश लाल ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से राशन वितरण पूरी तरह बंद पड़ा है। उन्होंने बताया कि जब इस संबंध में खाद्य आपूर्ति विभाग से संपर्क किया गया, तो विभाग ने ठेकेदार पर राशन वितरण न करने का आरोप लगाया। वहीं, संबंधित ठेकेदार का कहना है कि उसने दिसंबर माह में ही प्रशासन को सूचित कर दिया था कि वह मार्च के बाद राशन वितरण करने में सक्षम नहीं रहेगा, क्योंकि उसकी तबीयत ठीक नहीं है। इसके बावजूद उसने अप्रैल माह तक कार्य जारी रखा, लेकिन उसके बाद भी प्रशासन द्वारा नया टेंडर जारी नहीं किया गया।

◆ डिपुओं में राशन लेने पहुंच रहे लोगों को लौटना पड़ रहा खाली हाथ

हरवंश लाल ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लापरवाही के चलते पूरे झंडूता ब्लॉक में राशन की किल्लत उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि राशन न मिलने के कारण लोगों को बार-बार डिपुओं के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए और डिपुओं में नियमित रूप से राशन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# विश्वास शर्मा ने संभाला डीएवी स्कूल बरमाना का प्रधानाचार्य पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में नए प्रधानाचार्य के रूप में विश्वास शर्मा ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामय और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुई।



इस अवसर पर अदानी फाउंडेशन (एसीसी) से सजीव शंकर वारियर विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत-गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया। नव नियुक्त प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने प्रेरणादायक शब्दों में कहा, 'जीवन में शीर्ष तक पहुंचना महत्वपूर्ण है, लेकिन उस स्थान को बनाए रखना ही असली सफलता है। उन्होंने विद्यालय को शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्टता के नए आयामों तक पहुंचाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

# डीएवी बरमाना में अलंकरण समारोह सहित छात्र परिषद गठित

## भविष्य हेड ब्वॉय और सानवी बनीं हेड गर्ल



डीएवी बरमाना में 23 सदस्यीय छात्र परिषद का गठन किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 23 सदस्यीय छात्र परिषद का गठन किया गया। इसके साथ ही जूनियर विंग की कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों के लिए भी अलग से अलंकरण समारोह आयोजित कर उनकी परिषद का गठन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक गीत से हुई, जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, खेल, योग, संगीत और नृत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ वर्ग की परिषद में भविष्य को हेड ब्वॉय और सानवी को हेड गर्ल चुना गया। सहगामी गतिविधियों की कप्तान आयुषी और उपकप्तान कार्तिक बनाए गए। अनुशासन कप्तान रिमशा तथा उपकप्तान आदित्य चुने गए। विभिन्न सदनों में चिनाब से आरुषि (कप्तान) और पुलकित (उपकप्तान), ब्यास से अनुष्का और मनहर, रावी से सृष्टि और रोहित, तथा सतलुज से आरव और सहज को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त क्रीड़ा कप्तान अर्णव, योग कप्तान अमन एवं उपकप्तान नंदिनी, हवन कप्तान शुभम, हिंदी साहित्य क्लब कप्तान शिवांश कश्यप, अंग्रेजी साहित्य क्लब कप्तान दीक्षिता, नृत्य कप्तान अन्य गौतम तथा इको क्लब के कप्तान सीजल और उपकप्तान विख्यात बग्गा बनाए गए।

जूनियर विंग में कक्षा दूसरी की परिषद के लिए आहाना को हेड गर्ल और काव्यांश धीमान को हेड बॉय चुना गया। समारोह के दौरान सभी चयनित छात्र-छात्राओं को शैश, टोपी और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने नवगठित परिषद को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# उपायुक्त ने अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में आज बचत भवन बिलासपुर में स्थानीय नगर निकाय तथा पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के दृष्टिगत बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में आदर्श चुनाव आचार संहिता दौरान सभी संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि चुनाव से संबंधित सभी रिपोर्ट एवं आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध सुनिश्चित की जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जिले में चुनावों के मद्देनजर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है तथा सभी रिटर्निंग अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त चुनाव चिन्ह आवंटन प्रक्रिया के दौरान पूर्ण पारदर्शिता एवं सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि स्थानीय

◆ नगर निकाय व पंचायती राज संस्थाओं की चुनाव तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

नगर निकाय चुनावों के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए प्रथम चरण में 856, द्वितीय चरण में 772 तथा अंतिम चरण में 552 पुलिस एवं होमगार्ड कर्मियों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव अवधि के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केंद्रों की सुरक्षा एवं बैलेट बॉक्स की सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।

बैठक में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित किया जाए तथा चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर सहित जिला के एसडीएम, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पद्म पुरस्कार 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 में प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों—पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री—के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन राष्ट्रीय सम्मान के लिए कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट, विशिष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों के नाम प्रस्तावित किए जा सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं पात्र व्यक्तियों के नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन में संबंधित व्यक्ति का संक्षिप्त जीवन-वृत्त (बायोडाटा), उनके कार्यों एवं उपलब्धियों का विस्तृत विवरण तथा लगभग 800 शब्दों का प्रशस्ति-पत्र (साइटेशन) शामिल करना अनिवार्य होगा। सभी आवेदन जिला भाषा अधिकारी कार्यालय, बिलासपुर में 15 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करवाने होंगे, ताकि उन्हें समयबद्ध तरीके से आगे निदेशालय को भेजा जा सके। 31 मई 2026 आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, लेकिन जिला स्तर पर समयसीमा पहले रखी गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन अथवा नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन प्रपत्र एवं विस्तृत दिशा-निर्देश गृह मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जिला के सभी पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से अपील की गई है कि वे कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योग्य व्यक्तियों के नाम समय रहते भेजना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल होने का अवसर मिल सके।

# एम्स बिलासपुर के ट्रॉमा सेंटर में 24 घंटे 2 वरिष्ठ चिकित्सकों की हो ड्यूटी



हिमको फेड के निदेशक आशीष ने मांग उठाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमको फेड के निदेशक आशीष ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मांग की कि एम्स बिलासपुर के ट्रॉमा सैंटर में 24 घंटे 2 वरिष्ठ चिकित्सकों की ड्यूटी रहनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में आने वाले ट्रॉमा मरीजों को तुरंत बेहतर इलाज मिल सके। वहीं उन्होंने कहा कि एम्स अस्पताल में अभी तक सभी लैब टैस्ट नहीं किए जा रहे हैं। पेशाब के टैस्ट भी नहीं किए जा रहे हैं ये टैस्ट भी एम्स में किए जाना सुनिश्चित किया जाए। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर सभी लोगों के टैस्ट निःशुल्क होने चाहिए। उन्होंने एम्स में वाहन पार्किंग की समस्या भी बताई व कहा कि मरीजों को तुरंत एम्स में पहुंचने वाले अभिभावकों को कार पार्किंग में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उनके साथ सुरक्षा कर्मचारियों का भी व्यवहार ठीक नहीं है।

वहीं बिलासपुर के मरीजों के लिए अलग पर्ची काउंटर होना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मांग की कि इन सभी समस्याओं पर ध्यान दें तथा इन समस्याओं को दूर करने के लिए उचित व प्रभावी कदम उठाएं ताकि बिलासपुर ही नहीं अपितु राज्य के अन्य जिलों सहित पड़ोसी राज्यों से भी एम्स बिलासपुर आने वाले मरीजों की दिक्कतें दूर हो सकें।

# सफेद रेगिस्तान पर बीआरओ की 'सर्जिकल स्ट्राइक' बारालाचा दर्रे को फतह करने की तैयारी

## 15 मई तक बहाल हो जाएगा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह मार्ग

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 427 किमी लंबे मनाली-लेह मार्ग के 15 मई तक बहाल होने की उम्मीद है। बीआरओ बारालाचा दर्रे की बहाली के नजदीक पहुंच गया है।

इस मार्ग बहाली से सेना के जवानों सहित लेह लद्दाख के लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि, लेह लद्दाख बाया शिंकुला मनाली से जुड़ा हुआ है, लेकिन इस मार्ग का सफर डेढ़ गुना अधिक है। सेना व लेह के ग्रामीणों सहित कुल्लू-मनाली व लाहौल के पर्यटन कारोबारी भी मनाली-लेह मार्ग के खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस मार्ग के बहाल होने से आने वाले दिनों में कुल्लू-मनाली और लाहौल की वादियां सैलानियों से गुलजार होंगी। मई का दूसरा पखवाड़ा शुरू हो गया, लेकिन कुल्लू-मनाली में होटलों की आक्यूपेंसी अभी तक 50 फीसदी तक चल रही है, लेकिन 427 किलोमीटर लंबा मनाली-लेह मार्ग खुलने से मनाली के पर्यटन को संजीवनी मिलेगी। लेह व लद्दाख की तरफ जाने वाले अधिकतर सैलानी मनाली होकर जाते हैं और उनका एक से दो दिन का ठहराव मनाली में होता है, ऐसे में मनाली-लेह मार्ग खुलने से घाटी के पर्यटन में 20 से 25 प्रतिशत वृद्धि होगी। 427 किमी लंबे मनाली लेह मार्ग की बहाली मनाली की ओर सरचू तक बीआरओ की दीपक परियोजना व लेह से सरचू तक की बहाली बीआरओ की हिमांक परियोजना के रही है। बीआरओ की माने तो मौसम की विकट परिस्थितियां उनकी राह में रोड़ा बन रही हैं, लेकिन सड़क बहाली का कार्य लगातार जारी है। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि बारालाचा दर्रे में हर रोज बर्फ के फाहे गिर रहे है, जिससे सड़क बहाली प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि मौसम ने साथ दिया तो बारालाचा दर्रे के रास्ते से इस महीने के मध्य तक लेह को मनाली से जोड़ देंगे।



मनाली-लेह मार्ग पर स्थापित पुलिस की अस्थायी चौकी। अनंत ज्ञान

# मढ़ी तक वाहनों के लिए खुला रोहतांग सड़क मार्ग

अनंत ज्ञान

◆19 मई तक हर मंगलवार को बंद रहेगा मार्ग

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला दंडाधिकारी कुल्लू, अनुराग चंद्र शर्मा द्वारा रोहतांग मार्ग पर यातायात व्यवस्था को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। यह निर्णय आमजन की सुविधा, पर्यटकों की सुगम आवाजाही तथा सड़क मरम्मत व टारिंग कार्यों के निर्बाध संचालन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जारी आदेशों के अनुसार, उपमंडल दंडाधिकारी मनाली की अध्यक्षता में पुलिस विभाग व सीमा सड़क संगठन के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गुलाबा से आगे मढ़ी तक सड़क पर्यटक वाहनों के संचालन के लिए उपयुक्त है।

संयुक्त निरीक्षण समिति ने मढ़ी तक यातायात की अनुमति देने की सिफारिश की थी। जिला दंडाधिकारी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मढ़ी तक वाहनों की आवाजाही को अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों के अधीन होगी। वहीं, मढ़ी से आगे रोहतांग दर्रा की ओर किसी भी प्रकार की वाहन आवाजाही अगले आदेशों तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। सड़क मरम्मत एवं टारिंग कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए रोहतांग मार्ग को प्रत्येक मंगलवार को आगामी दो सप्ताह, अर्थात 19 मई 2026 तक, पूर्णतः बंद रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, गुलाबा स्थित अस्थायी पुलिस बैरियर के अलावा मढ़ी में एक अतिरिक्त अस्थायी पुलिस बैरियर स्थापित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन व पर्यटकों से अपील की है कि वे जारी निर्देशों का पालन करें तथा यात्रा की योजना बनाते समय निर्धारित प्रतिबंधों का विशेष ध्यान रखें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# लंबित मांगों पर सरकार से सकारात्मक कदम उठाने की मांग

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हिमाचल पेंशनर फेडरेशन खंड नग्गर की बैठक कटराई स्थित शुभम कैफे में अध्यक्ष लालचंद ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रेस को जारी बयान में फेडरेशन ने सरकार से आग्रह किया कि पेंशनरों की सभी लंबित मांगों पर शीघ्र और सकारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि उन्हें राहत मिल सके।बैठक में विशेष अतिथि के रूप में पूरणदेव शर्मा, इंद्रदेव शर्मा, भानु प्रकाश, सर्वव्यापक ठाकुर, हीरालाल ठाकुर, मनोहर लाल ठाकुर, गोपाल महंत, बालाराम, संतोष कुमारी, चौबीस देवी, तृप्ति गुप्त, नीलम गुप्त सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पेंशनरों ने अपनी समस्याएं साझा करते हुए एकजुट होकर उन्हें हल करने के लिए प्रयास तेज करने का संकल्प भी लिया। निगरानी बनाए हुए है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को रोका जाए।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मंगल बाजार में नियमित जांच अभियान चलाया जाए।

# सैंज घाटी में झांकियों ने मोहा मन लोक संस्कृति की दिखी जीवंत झलक

अनंत ज्ञान



**सैंज।** सैंज घाटी में आयोजित लक्ष्मी-नारायण जिला स्तरीय मेले के दूसरे दिन स्थानीय महिला मंडलों व स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई आकर्षक झांकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा व लोक जीवन की अनूठी झलक देखने को मिली।

महिला मंडलों ने झांकियों के जरिए पारंपरिक रीति-रिवाजों व लोक संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा स्थानीय उत्पादों व पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण जैसे सामाजिक संदेश भी प्रभावी ढंग से दिए। इस दौरान रैला, धाउगी, सूचैहन, नव दुर्गा वना गीदेहूरी, भलाण, शुलग, देवगढ़, चलैहन, शिआउगी, शरन सहित कई महिला मंडलों ने भाग लिया। वहीं, विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चों ने भी रंग-बिरंगे परिधानों में सामाजिक व सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। झांकियों और प्रस्तुतियों ने मेले के वातावरण को उत्साह व उमंग से भर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# ताबो पंचायत में सर्वसम्मति से प्रधान और उपप्रधान का चयन

अनंत ज्ञान

◆कुमारी छेरिंग किंजोम बनीं प्रधान, थिनले दोरजे उप-प्रधान चुने, ग्रामवासियों की एकजुटता बनी मिसाल

**ब्यूरो, काजा।** लाहौल-स्पीति के ताबो पंचायत में लोकतंत्र की एक सुंदर व प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है, जहां ग्रामवासियों ने आपसी सहमति व सौहार्द के साथ पंचायत नेतृत्व का चयन किया।

कुमारी छेरिंग किंजोम को सर्वसम्मति से पंचायत प्रधान और थिनले दोरजे को उप-प्रधान चुना गया। इस अवसर पर पूरे पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बिना किसी विवाद व चुनावी प्रतिस्पर्धा के सर्वसम्मति से हुए इस निर्णय को ग्रामीणों की एकता, समझदारी व आपसी विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। नवनिर्वाचित प्रधान कुमारी छेरिंग किंजोम और उपप्रधान थिनले दोरजे से ग्रामवासियों को काफी उम्मीदें हैं कि उनके नेतृत्व में ताबो पंचायत विकास, पारदर्शिता व जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगी। स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि पंचायत के तहत आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। ग्रामवासियों को भी इस लोकतांत्रिक सहमति व सौहार्दपूर्ण निर्णय के लिए बधाई दी जा रही है, जिसने पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया है। ताबो पंचायत का यह सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय न केवल स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत करता है, बल्कि अन्य पंचायतों के लिए भी एक प्रेरणा बनकर उभरा है।

# जनता व ममता की जंग में जनता ने भाजपा को चुना: अमित

## बंगाल में भाजपा की जीत का कुल्लू में जश्न, बांटी मिठाई व की आतिशबाजी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत की खुशी का असर जिला कुल्लू में भी देखने को मिला।

जिला मुख्यालय कुल्लू में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और भाजपा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता व ममता बनर्जी के बीच सीधी लड़ाई थी, जिसमें जनता ने भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम देशभर में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। अमित सूद ने कहा कि जनता अब विकास, सुशासन व मजबूत नेतृत्व के पक्ष में खड़ी है और भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश के 22 राज्यों में भाजपा या भाजपा समर्थित सरकारें कार्य कर रही हैं, जो इस बात का संकेत है कि देश की जनता भाजपा की नीतियों व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा का परचम दोबारा लहराएगा। इस मौके पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बंगाल में जनता ने बदलाव के पक्ष में मतदान किया व भाजपा की जीत यह दर्शाती है कि लोगों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए भाजपा को समर्थन दिया। भाजपा नेता युवराज बौद्ध ने भी कहा कि बंगाल में ममता सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश साफ दिखाई दिया और भाजपा की जीत जनता की भावनाओं की जीत है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश में भाजपा लगातार मजबूत हो रही है और आने वाले चुनावों में भी पार्टी और अधिक मजबूती के साथ उभरेगी। कुल्लू में आयोजित इस जश्न कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने पार्टी की जीत पर खुशी व्यक्त की।


कुल्लू में भाजपाई जीत का जश्न मनाते हुए। अनंत ज्ञान

# भुंतर में 17.28 ग्राम चिट्टे सहित नेपाली मूल की युवती गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में नशे के बढ़ते कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी अभियान के तहत भुंतर क्षेत्र में पुलिस ने 22 वर्षीय एक युवती को 17.28 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है।



पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार युवती नेपाली मूल की है, जो स्थानीय निवासी से विवाहित है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच जारी है। एसपी ने बताया कि जिला पुलिस नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले मनाली में पुलिस ने 8.570 ग्राम चिट्टा सहित पंजाब के युवकों को गिरफ्तार किया था, जबकि भुंतर क्षेत्र में हाल ही में बड़ी मात्रा में चरस के साथ पांच आरोपियों को दबोचा गया था। मदन लाल कौशल ने स्पष्ट किया कि पर्यटन सीजन के दौरान जिले में गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है व ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि नशा तस्करी पर रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# वन अग्नि की सूचना टोल-फ्री नंबर 1800-180-1916 पर दें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा वनाग्नि की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य स्तरीय टोल-फ्री नंबर 1800-180-1916 स्थापित किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने बताया कि यह टोल-फ्री नंबर प्रदेश में वन अग्नि से संबंधित शिकायतों व सूचनाओं के लिए उपयोग में लाया जाएगा, जिससे घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि लोग किसी भी प्रकार की वन-अग्नि की घटना की सूचना इस नंबर पर दे सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों के माध्यम से नागरिकों से अपील की कि वे वन संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा जंगलों में आग लगने की किसी भी घटना की जानकारी तुरंत इस टोल-फ्री नंबर पर दें, ताकि समय रहते नुकसान को रोका जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कलैहली फीडर में 8 मई को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** बिजली उपमंडल भुंतर के अंतर्गत 11 केवी कलैहली फीडर पर आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 8 मई को विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता अमन कुमार ने बताया कि फीडर पर पेड़ों की कटाई-छंटाई तथा जीओ स्विच के सामान्य रखरखाव कार्य के कारण शाढ़ाबाई, कलैहली, बजौरा, रेरी, बजौरा हाट, मशगां, लोअर बजौरा, शाड़ीनाला तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है। मौसम खराब या वर्षा होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### आज साफ हो जाएगी निकाय चुनाव की सियासी तस्वीर

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** नगर परिषद मनाली में चुनाव प्रचार अभियान फिलहाल ठंडा चल रहा है। सोशल मीडिया के अलावा धरातल पर कोई भी उम्मीदवार प्रचार अभियान में नहीं कूदा। बुधवार को नाम वापसी के बाद प्रचार अभियान जोर पकड़ेगा। साथ ही उम्मीदवारों की सियासी तस्वीर भी साफ हो जाएगी। वर्तमान नगर परिषद के सात वार्ड के लिए 20 उम्मीदवार मैदान में है। नाम वापसी के बाद कितने मैदान में रहेंगे दोपहर तीन बजे के बाद ही इसका पता चल पाएगा। नगर परिषद मनाली में कुल 21 उम्मीदवारों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें से एक का नामांकन रद्द हो गया है। वार्ड नंबर छह पर सबकी निगाहें हैं। यहां सबसे अधिक उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। अधिकतर वार्ड में सीधी टककर है। नगर परिषद के वार्ड नंबर एक में तीन, दो में तीन, वार्ड नंबर चार में दो, वार्ड नंबर पांच में दो, वार्ड नंबर छह में पांच, वार्ड नंबर सात में दो उम्मीदवार मैदान में हैं। वार्ड नंबर तीन में चार ने नामांकन भरा था। एक का नामांकन रद्द होने के बाद अब तीन मैदान में रह गए हैं। नाम वापसी के बाद चुनाव के यह समीकरण पूरी तरह से बदल जाएंगे। नाम वापस लेने की सूरत में कई जगह सीधी टककर होगी, तो कहीं मुकाबला तिकोना रह जाएगा। बहरहाल, सबकी नजरे नाम वापसी पर टिकी हैं। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को तीन बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल का आरोप

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सप्ताह में हर मंगलवार को लगने वाले पतलीकूहल के प्रसिद्ध मंगल बाजार में बाहरी राज्यों से आए कुछ व्यापारियों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग इस्तेमाल करने के आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासी राजीव, पासंग, नीलम, सुरेंद्र, पन्नालाल, मोहन व पवन ने बताया कि उन्होंने अपनी आंखों के सामने व्यापारियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग का उपयोग करते देखा, जब उन्होंने व्यापारियों को ऐसा करने से रोका, तो कथित तौर पर कुछ व्यापारी उलझ पड़े और बहस की स्थिति बन गई। लोगों का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसके बावजूद खुलेआम नियमों की अनदेखी की जा रही है, जो चिंता का विषय है। इस संबंध में डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अभी तक यह मामला औपचारिक रूप से पुलिस के पास नहीं पहुंचा है। फिर भी पुलिस अपने स्तर पर निगरानी बनाए हुए है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को रोका जाए।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मंगल बाजार में नियमित जांच अभियान चलाया जाए, ताकि प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

### चुनाव प्रक्रिया से जुड़े पहलुओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के सुचारू व सफल संचालन के लिए जिला परिषद सम्मेलन हॉल, केलांग में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण व रिहर्सल सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता उपायुक्त, लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की। इस कार्यशाला में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित शामिल हैं। नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया व उनके सूक्ष्म निरीक्षण के कानूनी प्रावधान। उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार करने की प्रक्रिया। मतपत्रों के प्रबंधन व चुनाव सामग्री से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम केलांग कुनिका एकर्स, एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, तहसीलदार केलांग विकास कुमार, नायब तहसीलदार शेर सिंह व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला पंचायत अधिकारी विवेक गुलेरिया सहित 34 एआरओ व विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुल्लू में भाजपा ने ब्राह्मण समाज को नहीं दिया प्रतिनिधित्व, कार्यकर्ताओं में नाराजगी

अनंत ज्ञान

◆भाजपा की इस रणनीति को लेकर अब राजनीतिक हलकों में भी चर्चाएं तेज

**ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद और जिला परिषद चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों की सूची के बाद कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के भीतर ही असंतोष उभरने लगा है।

भाजपा द्वारा जारी सूची में नगर परिषद और जिला परिषद चुनाव के लिए कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से एक भी ब्राह्मण उम्मीदवार को चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाने पर ब्राह्मण समाज से जुड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों में निराशा देखी जा रही है। पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा लंबे समय से सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात करती रही है, लेकिन इस बार प्रत्याशी चयन में ब्राह्मण समाज की पूरी तरह अनदेखी की गई है। उनका कहना है कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण समाज का पार्टी संगठन और चुनावी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है,। इसके बावजूद टिकट वितरण में उन्हें प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। भाजपा के अंदरखाते इस निर्णय को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। कुछ कार्यकर्ताओं का मानना है कि सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए पार्टी को सभी प्रमुख वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देना चाहिए था। वहीं, कई कार्यकर्ताओं ने इसे संगठनात्मक असंतुलन बताते हुए भविष्य में इसके राजनीतिक प्रभाव पड़ने की आशंका भी जताई है। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता सार्वजनिक तौर पर इस विषय पर खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं, लेकिन अंदरूनी तौर पर असंतोष की चर्चा तेज है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनावी माहौल में इस तरह की नाराजगी पार्टी के लिए चुनौती बन सकती है यदि समय रहते संगठन स्तर पर इसे संतुलित नहीं किया गया। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की इस रणनीति को लेकर अब राजनीतिक हलकों में भी चर्चाएं तेज हो गई हैं और आने वाले दिनों में इसका चुनावी असर देखने को मिल सकता है।

# 21, 22 व 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुल्लू विशाल तिवारी ने बताया कि न्याय को सरल व सुलभता से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने व आपसी सहमति से न्याय प्रदान करने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से आरंभ किया जा चुका है व इसका समापन 21, 22 व 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन से होगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, भू-अधिग्रहण, आपराधिक सुलहनीय मामले, श्रम संबंध विवाद व ऐसे मामले जो आपसी सहमति से निपटने योग्य है, उन्हें शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, लेकिन इससे पूर्व सुलह का प्रयास करने के लिए बैठक आयोजित की जाएंगी। इन सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार समिति स्थित मध्यस्थता केंद्र में किया जाएगा।

# स्टूडेंट्स ने धार्मिक स्थलों का किया अध्ययन

अनंत ज्ञान

**आनी।** राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान, रेवारी के छात्र-छात्राओं का 7 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने आगरा, वृंदावन, मथुरा, अमृतसर और चंडीगढ़ सहित कई ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया।



भ्रमण के दौरान छात्रों ने ताजमहल सहित आगरा के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया और मुगलकालीन स्थापत्य कला के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद वृंदावन में प्रेम मंदिर, बांके बिहारी मंदिर और निधिवन के दर्शन कर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं को करीब से समझा। मथुरा-वृंदावन क्षेत्र देश के प्रमुख धार्मिक केंद्रों में शामिल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके पश्चात छात्र अमृतसर पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेककर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। साथ ही जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को जाना। वाघा बॉर्डर पर आयोजित रिट्रीट सेरेमनी ने छात्रों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया। भ्रमण के अंतिम चरण में छात्र चंडीगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने नेक चंद द्वारा रॉक गार्डन का भ्रमण किया। यहां छात्रों ने आधुनिक शहरी नियोजन और स्वच्छता व्यवस्था का अध्ययन किया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने इस शैक्षिक भ्रमण के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कक्षा के बाहर व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक ज्ञान प्रदान करना था।

उन्होंने बताया कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन व सामाजिक समझ को विकसित करते हैं। साथ ही, यह छात्रों को विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों के महत्व को प्रत्यक्ष रूप से जानने और समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियों को निरंतर आयोजित करने की बात कही, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। संस्थान के को-ऑर्डिनेटर डॉ. निशु चौहान ने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इससे छात्रों को इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र की विरासत को समझने का अवसर मिलता है। विभिन्न विद्यालयों द्वारा समय-समय पर ऐसे भ्रमण आयोजित किए जाते हैं, जिनसे छात्र ऐतिहासिक धरोहरों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करते हैं। इस शैक्षिक भ्रमण में निर्देशक डॉ. सरोज शर्मा, सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकित शर्मा, वेटरनरी फार्मासिस्ट आशु एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सरोजना देवी, दीक्षित भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे भ्रमण के दौरान मार्गदर्शन किया। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियों को निरंतर आयोजित करने की बात कही, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

**आयोजन** निर्वाचन अधिकारियों तथा कर्मियों के लिए प्रथम पूर्वाभ्यास आयोजित

# 7 से निर्धारित स्थलों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**आनी।** पंचायतीराज आम चुनाव के संदर्भ में विकास खंड आनी के मेला मैदान में निर्वाचन अधिकारियों तथा कर्मियों के लिए प्रथम पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम दो मई को तेज हवा के कारण चलती गाड़ी पर पेड़ गिरने के कारण चार शिक्षिकाओं की दर्दनाक मौत होने पर दो मिनट का मौन रखा गया।


प्रथम पूर्वाभ्यास में मौजूद कर्मी व अधिकारी। अनंत ज्ञान

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने सभी चुनाव कर्मियों से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण निर्वाचन प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में सभी निर्वाचन अधिकारियों से सेवा नियमों के तहत अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कर्मियों से मतदान सामग्री के साथ निर्धारित बसों द्वारा निर्धारित रूट एवं समय पर यात्रा करने के निर्देश दिए। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव संबंधी पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा बैलट बॉक्स की प्रक्रिया की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने की अपील की। उन्होंने मतदान टीम से एक यूनिट की तरह काम करने के निर्देश दिए। पंचायत निरीक्षक जोगेंद्र शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया का पूर्ण प्रशिक्षण चरणबद्ध ढंग से प्रदान किया। उन्होंने मतदान कक्ष की स्थापना, सहायक निर्वाचन अधिकारी, पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी के दायित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रवक्ता कुंदन शर्मा तथा पंचायत उपनिरीक्षक चुन्नी लाल ने मत पेटी की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान की। सभी चुनाव कर्मियों को फॉर्म 28-क पोस्टल बैलट पेपर के आवेदन के लिए वितरित किए गए तथा 13 मई को जमा करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार रत्नेश्वर शर्मा, सेक्टर अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा चुनाव कर्मी उपस्थित रहे। पूर्वाभ्यास के पश्चात सहायक निर्वाचन अधिकारियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई तथा उनके दायित्वों से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान किए गए तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। सभी 36 सहायक निर्वाचन अधिकारियों (पंचायत) तथा दो सहायक निर्वाचन अधिकारियों पंचायत समिति तथा जिला परिषद को संबंधित निर्वाचन सामग्री प्रदान की गई तथा राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार 7 मई से निर्धारित स्थलों पर नामांकन प्रक्रिया आरंभ करने के निर्देश दिए। चुनाव कर्मियों का द्वितीय पूर्वाभ्यास 13 मई तथा तृतीय व अंतिम पूर्वाभ्यास 23 मई को मेला मैदान आनी में होगा ।24 मई को मतदान पार्टियां अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगी तथा तीन चरणों में 26 मई , 28 मई तथा 30 मई को चुनाव संपन्न करवाएंगे ।

# बंजार में कांग्रेस पर जाली प्रमाण पत्र के आधार पर उम्मीदवार उतारने का आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** बंजार नगर पंचायत चुनाव में उस समय राजनीतिक माहौल गर्मा गया, जब क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने कांग्रेस पार्टी पर जाली प्रमाण पत्र के आधार पर उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारने का गंभीर आरोप लगाया।




विधायक ने कहा कि कांग्रेस के पास योग्य उम्मीदवारों की कमी है, जिसके चलते पार्टी संदिग्ध दस्तावेजों वाले प्रत्याशियों को मैदान में उतार रही है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत बंजार का वार्ड नंबर 5 अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा ने यहां अपना अधिकृत प्रत्याशी उतारा है, जबकि कांग्रेस ने ऐसे उम्मीदवार को टिकट दिया है, जिसने कथित रूप से कई दशक पुराना एससी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी वैधता पर सवाल उठ रहे हैं।सुरेंद्र शौरी ने कहा कि भाजपा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) से प्रमाण पत्र की जांच की मांग की थी, लेकिन जांच करने के बजाय संबंधित उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम निष्पक्षता से कार्य नहीं कर रहे हैं और कांग्रेस के पक्ष में काम कर रहे हैं। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो भाजपा इस प्रकरण को न्यायालय तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंजार नगर पंचायत के सभी वार्डों में अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं, जबकि कांग्रेस वार्ड नंबर-6 से एक भी उम्मीदवार देने में विफल रही है। इस घटनाक्रम के बाद बंजार नगर पंचायत क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां और तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, जिससे चुनावी मुकाबला और अधिक दिलचस्प बनता जा रहा है।

# बस में सवार युवक से 11.07 ग्राम चिट्टा बरामद

## नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, पंजाब रोडवेज की बस में सवार था आरोपी

अनंत ज्ञान



**सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम अपराधों की रोकथाम और नियमित गश्त के तहत सोलन शहर में तैनात थी। इसी दौरान टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शमलेच क्षेत्र में नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान पंजाब रोडवेज की एक बस को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर बस में सवार एक युवक से 11.07 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

आरोपी की पहचान लोकराज (25 वर्ष), पुत्र रोशन लाल, निवासी गांव पोशना, तहसील निरमंड, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस हिरासत रिमांड पर भेजा गया है। इस दौरान पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित नेटवर्क का पता लगाया जा सके। साथ ही आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले का अन्वेषण जारी है।

### दो व्यक्तियों से 485 ग्राम अफीम बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन के उपमंडल पुलिस दाड़लाघाट की विशेष अन्वेषण इकाई टीम द्वारा एक गुप्त सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान दोनों व्यक्तियों से 485 ग्राम अफीम बरामद की गई। आरोपियों की पहचान मुकेश कुमार जिला बिलासपुर तथा गौरव जिला पंचकुला (हरियाणा) के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में संलिप्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच जारी है।

### चार युवकों से 3.83 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना कुनिहार की पुलिस टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर मुकाम जाडली में नाकाबंदी के दौरान एक आल्टो कार में सवार चार युवकों के कब्जे से 3.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान आदित्य शर्मा जिला मंडी , इंद्र सिंह जिला शिमला, सौरभ जिला मंडी तथा गौरव जिला मंडी के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना कुनिहार में अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले के संलिप्त आल्टो कार को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगामी जांच जारी है।

# नाहन नगर परिषद चुनाव में सीधी टक्कर सभी वार्डों में दोनों पक्षों के प्रत्याशी मैदान में

***अनंत ज्ञान, एसपी जैरथ, नाहन।*** *नाहन नगर परिषद चुनाव में अब मुकाबला पूरी तरह साफ हो गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने 13 के 13 वार्डों में अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। नामांकन प्रक्रिया के साथ ही शहर में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई हैं और हर वार्ड में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी।*

### कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी

**कांग्रेस** ने अपने समर्थित प्रत्याशियों के रूप में वार्ड नंबर 1 से कपिल गर्ग उर्फ मोंटी, वार्ड 2 से नरेंद्र तोमर, वार्ड 3 से उपमा धीमान, वार्ड 4 से श्रद्धा शर्मा, वार्ड 5 से समीना, वार्ड 6 से योगेश गुप्ता, वार्ड 7 से राकेश गर्ग, वार्ड 8 से वीरेंद्र कुमार पासी, वार्ड 9 से कुसुम तोमर, वार्ड 10 से एडवोकेट वसीम, वार्ड 11 से हरप्रीत कौर, वार्ड 12 से राकेश कुमार और वार्ड 13 से सर्वजीत कौर को मैदान में उतारा है।

### भाजपा अधिकृत प्रत्याशी

**वार्ड** 1 ढाबों से शुभम सैनी, वार्ड 2 हरिपुर से मनीश जैन, वार्ड 3 शांतिसंगम से आशा भारद्वाज, वार्ड 4 शमशेरगंज से पूजा तोमर, वार्ड 5 अमरपुर से सीमा अत्री, वार्ड 6 नया बाजार से अर्पिता बक्क्षी, वार्ड 7 उपरली टोली से अभिषेक चौधरी, वार्ड 8 रानीताल से संजय चौहान, वार्ड 9 मियां का मंदिर से कौशल्या देवी, वार्ड 10 कच्चा टैंक से संजय पुंडीर, वार्ड 11 जगन्नाथ मंदिर से संध्या अग्रवाल, वार्ड 12 नावनी का बाग से प्रदीप सहोत्रा और वार्ड 13 वाल्मीकि बस्ती से संजना कौर को उम्मीदवार बनाया है।

### हर सीट पर सीधा मुकाबला

**दोनों** प्रमुख दलों द्वारा सभी वार्डों में प्रत्याशी उतारने के बाद अब नाहन नगर परिषद चुनाव में हर सीट पर सीधा मुकाबला तय हो गया है। शहर में चुनावी माहौल गरमा गया है और प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर प्रचार में जुट गए हैं। अब नजर इस बात पर टिकी है कि जनता किस पर भरोसा जताती है, लेकिन इतना तय है कि इस बार का चुनाव हर वार्ड में कांटे की टक्कर वाला होने जा रहा है।

## सिरमौर में 273 पंचायतों में होंगे चुनाव जिला में कुल मतदाता 3,71,404

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 371404 मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे और पंचायत, पंचायत समितियों और जिला परिषद का गठन करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। डीसी सिरमौर एवं जिला चुनाव अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिला सिरमौर में कुल आठ विकास खंड हैं और इन विकास खंडों में कुल 273 पंचायतें हैं। जहां पर पंचायती राज चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण में यह चुनाव 26 मई को 94 पंचायतों में होंगे। दूसरे चरण में 28 मई को 90 पंचायतों में, जबकि 30 मई को 89 पंचायतों में यह चुनाव किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 71 हजार 404 है, जिसमें 1 लाख 94 हजार 309 पुरुष, 1 लाख 77 हजार 93 महिलाएं और 2 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।

# वार्ड नंबर 10 भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की सीट, कांग्रेस-भाजपा में सीधा मुकाबला

## सड़कें, पार्किंग सुविधा और आवारा कुत्तों की समस्या बना मुद्दा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन नगर निगम चुनाव में वार्ड-10 इस बार बेहद अहम और प्रतिष्ठित सीट बनकर उभरा है, जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला तय माना जा रहा है। भाजपा ने वार्ड से वरिष्ठ कार्यकर्ता और संघ पृष्ठभूमि से जुड़े वीरेंद्र सूद को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व पार्षद ईशा पराशर के पति एवं स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के करीबी अंकुश सूद पर दांव खेला है।



भाजपा वार्ड-12 प्रत्याशी वीरेंद्र सूद चुनाव प्रचार के दौरान। अनंत ज्ञान

भाजपा टिकट के लिए इस वार्ड से पांच दावेदार मैदान में थे, जिनमें विवेक डोभाल, अनिल शर्मा और शशि इंद्र वालिया प्रमुख नाम रहे। टिकट वीरेंद्र सूद को मिलने के बाद विवेक डोभाल ने बागी तेवर अपनाते हुए आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया। हालांकि नगर निगम के साथ सक्रिय ठेकेदारी अनुबंध और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के प्रमाण सामने आने पर निर्वाचन अधिकारी ने हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के तहत उनका नामांकन रद्द कर दिया। दिलचस्प यह रहा कि नामांकन रद्द होने से पहले ही विवेक डोभाल भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नाम वापस लेने की घोषणा कर चुके थे।

सूत्रों के अनुसार विवेक डोभाल को मनाने और संगठन के साथ जोड़ने में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पुरुषोत्तम गुलेरिया, राजेश्वर चंदेल, सुधीर ठाकुर और शैलेंद्र गुप्ता की अहम भूमिका रही। इससे वार्ड-10 में भाजपा संगठन पहले से अधिक एकजुट नजर आ रहा है।

वीरेंद्र सूद पिछले करीब 25 वर्षों से वार्ड की सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सक्रिय रहे हैं। उनकी पत्नी इंदु सूद नगर परिषद के दौर में लगातार 10 वर्षों तक पार्षद रह चुकी हैं। उसी राजनीतिक विरासत और सेवा भाव को आधार बनाकर वीरेंद्र सूद मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। बेहतर सड़कें, पार्किंग सुविधा और आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

भाजपा के लिए यह सीट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि डेढ़ वर्ष बाद विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और संगठन इस चुनाव को अपनी राजनीतिक एकजुटता और जमीनी पकड़ की परीक्षा के रूप में देख रहा है। आने वाले दिनों में भाजपा के वरिष्ठ नेता वार्ड में घर-घर जाकर समर्थन जुटाने के अभियान में सक्रिय दिखाई दे सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल, असम में भाजपा की जीत पर नरेंद्र मोदी को बधाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता सहित जिला और प्रदेश स्तर के कई भाजपा नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर पश्चिम बंगाल व असम में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त किया। नेताओं ने कहा कि यह जीत नरेंद्र मोदी के प्रभावी नेतृत्व, नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों का परिणाम है। उन्होंने अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के योगदान की भी सराहना की। भाजपा नेताओं ने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक पार्टी ने जीत का परचम लहराकर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। उन्होंने इस ऐतिहासिक विजय के लिए राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी। नेताओं ने कहा कि इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक मजबूत हुआ है। साथ ही उन्होंने तीनों राज्यों की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर भरोसा जताया।

## पांवटा में सीवरेज समस्या से त्रस्त जनता, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

### बदबू व गंदगी से हाल बेहाल, डीसी को सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब नगर परिषद क्षेत्र में सीवरेज के गंदे पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन बेहद प्रभावित हो रहा है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों को अपने ही घरों में मास्क लगाकर रहना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर समाजसेवी नाथूराम चौहान ने नाहन में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में शुरू हुए स्वच्छ भारत मिशन के बावजूद यहां की स्थिति इसके बिलकुल विपरीत है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सीवरेज का गंदा पानी खुले में बह रहा है, जिससे चारों ओर बदबू और गंदगी फैल रही है। स्थानीय निवासी पिछले लगभग चार वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। कई बार प्रशासन को शिकायतें देने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं। इसी संदर्भ में एक प्रतिनिधिमंडल डीसी सिरमौर से मिलने पहुंचा है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर जल्द प्रभावी कार्रवाई करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बखालग स्कूल के छात्रों ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल के ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बखालग की कि छात्रा साक्षी ने 90.08 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बखालग की दस जमा दो की कला संकाय की छात्रा साक्षी पुत्री पदमदेव गांव दिद्दु ने 500 में से 454 90.08 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अन्य 12 छात्र-छात्राएं भी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुई है। प्रधानाचार्य ज्ञानचंद वर्मा व विद्यालय प्रबंधन एवं स्कूल प्रबंधन समिति ने होनहार बच्चों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं।

### भाजपा ने उतारे सभी वार्डों में अपने प्रत्याशी विधायक रीना कश्यप ने किया जीत का दावा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ में चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस मौके पर पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पार्टी की चुनावी रणनीति और उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए। विधायक रीना कश्यप ने बताया कि भाजपा ने राजगढ़ नगर पंचायत के सभी सात वार्डों में अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं, जिससे यह साफ हो गया है कि पार्टी इस चुनाव को पूरी ताकत के साथ लड़ने जा रही है। घोषित उम्मीदवारों में वार्ड नंबर 1 से नरेंद्र ठाकुर, वार्ड नंबर 2 से पूर्ण, वार्ड नंबर 3 से अनूप रायटा, वार्ड नंबर 4 से एकता वर्मा, वार्ड नंबर 5 से प्रोमिला कुमारी, वार्ड नंबर 6 से चंद्र मोहन शर्मा तथा वार्ड नंबर 7 से प्रवीण सूद को मैदान में उतारा गया है।

### जीआईएस आधारित संशोधित विकास योजना बनाने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर एवं ग्राम योजना विभाग के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर एवं ग्राम योजना विभाग के तत्वाधान में नाहन योजना क्षेत्र के लिए जीआईएस आधारित संशोधित विकास योजना बनाने का कार्य किया जा रहा है। नाहन योजना क्षेत्र की विकास योजना वर्ष 2041 को ध्यान में रखते हुए जरूरी आधारभूत संरचना सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए नगर एवं ग्राम योजना विभाग द्वारा विशेषज्ञों की सहायता से परिवार सर्वेक्षण, यातायात मात्रा गणना, मूल गंतव्य आदि के सर्वे का कार्य किया जा चुका है तथा अब मौजूदा भूमि के उपयोग तथा आधार मानचित्र को अद्यतन करने का कार्य 4 मई से शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत नाहन शहर में निर्मित भवनों, बुनियादी ढांचा और सुविधाओं को कैमरे से अभिलेख किया जाएगा तथा उनका भू-उपयोग नक्शे पर अंकित किया जाएगा।

### ग्राम पंचायत ग्याना में मतदाता सूची के साथ कथित छेड़छाड़ का आरोप

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत ग्याना में मतदाता सूची के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में रोष व्याप्त है। आरोप है कि सुनियोजित साजिश के तहत मतदाताओं को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में मंडल संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ दाड़लाघाट एवं अध्यक्ष बाघल विकास परिषद परसराम पिंकू ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब नई मतदाता सूची पंचायत कार्यालय में पहुंची, तो कई ऐसे मामले सामने आए जहां चुनाव लड़ने वाले व्यक्तियों को उनके मूल वार्ड से हटाकर अन्य वार्डों में डाल दिया गया। यहां तक कि एक ही परिवार के सदस्यों बाप और बेटे को अलग-अलग वार्डों में स्थानांतरित कर दिया गया। कई परिवारों के सदस्यों को बिना किसी सूचना और सहमति के अलग-अलग वार्डों में विभाजित किया गया, जिससे मतदाताओं में भारी असंतोष है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जब एसडीएम अर्की से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि विस्तृत जानकारी बीडीओ स्तर से प्राप्त होगी। वहीं बीडीओ कुनिहार ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची पंचायत सचिव के माध्यम से प्राप्त हुई है। दूसरी ओर पंचायत सचिव ने इस मामले में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार करते हुए कहा कि यह कार्य वार्ड सदस्य की सहमति से हुआ है।

## ईवीएम पर सवाल हार की हताशा, जनादेश का अपमान : विनय गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विनय गुप्ता ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर अपनी पुरानी मानसिकता को उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रवैया हमेशा से एक जैसा रहा है। जब चुनाव परिणाम उनके पक्ष में आते हैं, तो प्रक्रिया निष्पक्ष मानी जाती है, लेकिन हार मिलने पर वही प्रक्रिया सवालों के घेरे में ला दी जाती है। यह लोकतंत्र का नहीं, बल्कि हार की हताशा का प्रतीक है। विनय गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के परिणामों ने विपक्ष की राजनीति को आईना दिखा दिया है। इन राज्यों में भाजपा को मिला जनसमर्थन यह दर्शाता है कि जनता अब भ्रम फैलाने वाली राजनीति से ऊपर उठकर विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है। ये परिणाम केवल राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि जनता का स्पष्ट संदेश हैं कि देश अब जवाबदेही और सकारात्मक राजनीति चाहता है।

## कालाअंब चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बने दीपन गर्ग

अनंत ज्ञान

**नाहन।** कालाअंब के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग जगत को नई दिशा देने के उद्देश्य से चैंबर ऑफ कॉमर्स की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सर्वसम्मति से दीपन गर्ग को अध्यक्ष चुना गया, जिन्होंने अपनी टीम के साथ विकास का स्पष्ट विजन प्रस्तुत किया। नई कार्यकारिणी में सुरेंद्र जैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रूपेंद्र ठाकुर को महासचिव (संगठन) और अभिनव कंसल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मनु अग्रवाल, अरविंद गुप्ता और संदीप गर्ग को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। चैंबर ने काम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सेक्टर आधारित पैनल तैयार किए हैं। पावर सेक्टर की जिम्मेदारी पवन सैनी को, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सुभाष तोमर और सुमित सोइन को नियुक्त किया गया है। फार्मा और सीईटीपी के लिए अखिल माहेश्वरी व संजय




सिंगला को शामिल किया गया है, जबकि इंडस्ट्री एवं पॉलिसी पैनल में कर्नल शैलेश पाठक और गौरव सोंधी को जिम्मेदारी दी गई है।

> **कालाअंब** को आधुनिक और सुव्यवस्थित इंडस्ट्रियल मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने उद्योगों को बेहतर सुविधाएं दिलाने और समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का भरोसा दिलाया।
>
> **दीपन गर्ग, अध्यक्ष, कालाअंब चैंबर ऑफ कॉमर्स**

## सोलन नगर निगम चुनाव : स्क्रूटनी में 3 नामांकन रद्द, 2 को मिली राहत

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन नगर निगम चुनाव में नामांकन पत्रों की सख्त जांच के बाद चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सहायक निर्वाचन अधिकारी पूनम बंसल की अध्यक्षता में हुई सुपर स्क्रूटनी के दौरान तीन प्रत्याशियों के नामांकन रद्द कर दिए गए, जबकि दो को राहत मिली।

**◆ कई वार्डों में बदले चुनावी समीकरण**

इस कार्रवाई ने साफ संकेत दिया है कि चुनाव प्रक्रिया में नियमों और कानूनी प्रावधानों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

वार्ड-10 से विवेक डोभाल का नामांकन ठेकेदारी हितों के टकराव और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के आधार पर रद्द किया गया। वहीं वार्ड-3 से भाजपा प्रत्याशी पीयूष गर्ग भी अवैध कब्जे के आरोप सही पाए जाने के बाद चुनावी दौड़ से बाहर हो गए। इसके चलते अब विपिन बक्शी और गौरव राजपूत के बीच मुकाबले की चर्चा तेज हो गई है। वार्ड-8 से ललित कौंडल का नामांकन दस्तावेजी त्रुटियों के कारण खारिज किया गया।

दूसरी ओर वार्ड-6 से रेखा साहनी और वार्ड-16 से अनीता कुमारी को राहत मिली। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना ठोस प्रमाण किसी को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। इस सख्त जांच ने चुनावी तस्वीर बदल दी है और उम्मीदवारों को सतर्क रहने का संदेश दिया है।

### जनगणना-2027 के लिए फील्ड ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जनगणना कार्य को त्रुटिरहित रूप से पूर्ण करने में प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनमोहन शर्मा आज यहां जनगणना-2027 के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने जनगणना-2027 के लिए ज़िला सोलन में नियुक्त 38 फील्ड ट्रेनर को तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी फील्ड ट्रेनर इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरी तरह समझें ताकि जनगणना करने में कोई कठिनाई न आए। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना संबंधित जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने ज़िला वासियों से आग्रह किया कि वह जनगणना अधिकारी को अपनी सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने में सहयोग करें, ताकि जनगणना कार्य को स्टीक रूप से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों का आह्वान किया कि वह इस कार्य को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## नगर निगम चुनाव : कर्नल शांडिल व डॉ. बिंदल की प्रतिष्ठा दांव पर

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव अब सामान्य स्थानीय प्रक्रिया से कहीं आगे हिमाचल की बड़ी सियासी जंग बन चुका है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल (कांग्रेस) और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की प्रतिष्ठा सीधे दांव पर लगी है। यह मुकाबला पार्षदों या बोर्ड गठन से आगे बढ़कर दोनों दलों की संगठनात्मक ताकत और जमीनी पकड़ की परीक्षा बन गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल सोलन में लगातार सक्रिय है। बैठकों और रणनीतिक चर्चाओं से संगठन को मजबूत कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के डॉ. शांडिल डैमेज कंट्रोल में जुटे हैं, नाराज कार्यकर्ताओं को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

**◆ डैमेज कंट्रोल में जुटे डॉ. धनीराम शांडिल, नाराज कार्यकर्ताओं को जोड़ने की कोशिश कर रहे**

**◆ बैठकों और रणनीतिक चर्चाओं से संगठन को मजबूत कर रहे डॉ. बिंदल**

सबसे बड़ी चुनौती बागी उम्मीदवारों से है। भाजपा के 13 और कांग्रेस के 3 बागी निर्दलीय मैदान में उतर चुके हैं, जिससे वोट बिखरने का खतरा बढ़ गया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा के लिए यह अधिक संवेदनशील है, क्योंकि उनके बागियों की संख्या ज्यादा है। दोनों खेमे प्लान-बी पर काम कर रहे हैं, जो जमीनी स्थिति की अस्थिरता दर्शाता है। कुल मिलाकर यह चुनाव स्थानीय असंतोष, कार्यकर्ताओं की नाराजगी और टिकट वितरण जैसे मुद्दों के प्रभाव को रेखांकित कर रहा है। परिणाम दोनों नेताओं के राजनीतिक वर्चस्व की दिशा तय करेंगे।

### कूड़ा, हाउस टैक्स व महंगाई कांग्रेस कॉरपोरेशन ने हर मोर्चे पर जनता को किया त्रस्त : बिंदल

# मुफ्त पानी के वादे झूठे, 14 दिन तक सूखा रहा सोलन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन में प्रेस को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार और सोलन नगर निगम पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन सत्ता में आते ही जनता को ठगा और पूरी तरह निराश किया। डॉ. बिंदल ने कहा कि सोलन नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में मुफ्त पानी देने का वादा किया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि न केवल मुफ्त पानी नहीं मिला, बल्कि कई इलाकों में 14-14 दिन तक पानी की सप्लाई बंद रही और लोगों को हजारों रुपए के बिल भरने पड़े। उन्होंने कहा कि सोलन की जनता को मजबूर होकर टैंकरों से पानी खरीदना पड़ा, जबकि दूसरी ओर निगम पानी के बिल वसूलता रहा। यह कांग्रेस की गारंटी नहीं, बल्कि


चुनाव प्रचार के दौरान डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

जनता के साथ खुला धोखा है। कूड़ा प्रबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कूड़ा शुल्क न लेने का वादा किया था, लेकिन कूड़े के बिल न केवल लगाए गए, बल्कि कई गुना बढ़ाकर वसूले गए।

उन्होंने आरोप लगाया कि हाउस टैक्स में भी वृद्धि की गई, लेकिन जनता को किसी प्रकार की राहत नहीं दी गई। कांग्रेस की कॉरपोरेशन केवल अपने आंतरिक झगड़ों में उलझी रही और जनता समस्याओं से जूझती रही। डॉ. बिंदल ने स्पष्ट कहा कि सोलन की जनता अब निर्णय ले चुकी है कि कांग्रेस की सरकार और कॉरपोरेशन दोनों को उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 12 में भाजपा प्रत्याशी प्रियंका अग्रवाल के कार्यालय का उद्घाटन भी किया और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए झूठे वादों और भ्रम का सहारा लिया। बहनों से 1500 प्रति माह देने का वादा किया गया था, लेकिन 42 महीने बीत जाने के बाद भी 28 लाख महिलाओं को एक भी रुपया नहीं मिला। युवाओं के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा और कहा कि एक लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया गया था, लेकिन न केवल नौकरियां नहीं मिलीं, बल्कि रोजगार के अवसर भी खत्म हो गए। यही कारण है कि प्रदेश की जनता अब बदलाव के लिए तैयार है और आने वाले सभी चुनावों में कांग्रेस को जवाब देने का मन बना चुकी है। देश में भाजपा की जीत का सिलसिला जारी है।

## अप्रैल में 16% घटी रसोई गैस की मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में कुकिंग गैस की मांग में अप्रैल में गिरावट आई है। अमेरिकी-इसराइल और ईरान में जारी संघर्ष और तनाव के कारण सप्लाई बाधित हुई है, जिसका सीधा असर भारतीय रसोई और कमर्शियल सेक्टर पर पड़ा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में एलपीजी की खपत 16.16% कम होकर 2.2 मिलियन टन रह गई है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 2.62 मिलियन टन थी। पेट्रोलियम प्लानिंग एंड



एनालिसिस सेल के डेटा के अनुसार, मार्च महीने (2.379 मिलियन टन) के मुकाबले भी अप्रैल में गैस की बिक्री में कमी आई है। सप्लाई कम होने के चलते सरकार को होटलों और इंडस्ट्रीज के लिए दी जाने वाली कमर्शियल सप्लाई में कटौती करनी पड़ी है, ताकि घरों में रसोई गैस की कमी न हो। भारत अपनी जरूरत का करीब 60% एलपीजी आयात करता है। ईरान और इसरायल के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिकी हमलों के बाद यह समुद्री रास्ता लगभग बंद हो गया है। (अनंत ज्ञान)

# भारत और जापान स्वास्थ्य क्षेत्र में आपसी सहयोग को प्रतिबद्ध : नड्डा

### नई दिल्ली में दोनों देशों की स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति की बैठक संपन्न

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक मंगलवार को भारत मंडपम में आयोजित की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि यह बैठक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

नड्डा ने इस दौरान भारत और जापान के बीच एक सदी से अधिक समय से चले आ रहे बहुआयामी संबंधों का उल्लेख किया जो विभिन्न क्षेत्रों में सहभागिता पर आधारित हैं और उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' के मार्गदर्शक सिद्धांत के अंतर्गत समावेशी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संयुक्त समिति की बैठक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदाने ने बैठक को संबोधित करते हुए नवाचार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में जापान की निरंतर भागीदारी पर बल दिया। इसके साथ ही द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और जापान के बीच साझेदारी आपसी सम्मान, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत-जापान के बीच सहयोग ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित संयुक्त समिति की बैठक नियमित संवाद और गहन आपसी समझ के माध्यम से इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुई है और उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि इस दौरान रचनात्मक और दूरदर्शितापूर्ण विचार-विमर्श होंगे। (अनंत ज्ञान)




# मैं 8-9 साल और राष्ट्रपति रहूंगा : ट्रंप

### सुनकर लोग हंसने लगे तो कहा- मैं मजाक नहीं कर रहा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा कि वे 8-9 साल बाद पद छोड़ेंगे। यह सुनकर वहां मौजूद लोग हंसने लगे तो ट्रंप ने कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे। उन्हें काम करना पसंद है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अभी उनके कार्यकाल की शुरुआत ही है और बहुत काम बाकी है।

ट्रंप अगले महीने 80 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अपनी उम्र को लेकर भी मजाक किया। उन्होंने कहा, 'मैं बुजुर्ग नहीं हूं; मैं बुजुर्ग से कहीं ज्यादा जवान हूं। मुझे आज भी वैसा ही महसूस होता है जैसा 50 साल पहले होता था।' इससे पहले भी ट्रंप कई बार तीसरे टर्म का संकेत दे चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**अमेरिका में संविधान बदलना बहुत मुश्किल**



**एंडी** ओगल्स ने 23 जनवरी 2025 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में एक बिल पेश किया था। इस बिल का मकसद अमेरिकी संविधान में बदलाव करके डोनाल्ड ट्रंप के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने का रास्ता खोलना था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि जो व्यक्ति लगातार दो बार राष्ट्रपति नहीं रहा है, वह तीसरी बार चुनाव लड़ सके। चूंकि ट्रंप 2020 में चुनाव हार गए थे, इसलिए इस बदलाव के बाद वे फिर से राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य हो सकते थे। हालांकि यह बिल आगे नहीं बढ़ पाया और हाउस में वोटिंग तक भी नहीं पहुंच सका। दरअसल, अमेरिका में संविधान बदलना बहुत मुश्किल होता है। इसके लिए हाउस और सीनेट दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होता है। मौजूदा हालात में रिपब्लिकन पार्टी के पास इतना बहुमत नहीं है। इसके अलावा, ऐसे बदलाव को लागू करने के लिए 50 में से कम से कम 38 राज्यों की मंजूरी भी जरूरी होती है। अभी कई राज्यों में विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी की सरकार है, इसलिए इस तरह का प्रस्ताव पास होना बहुत मुश्किल माना जाता है।

**73 साल पहले 2 बार राष्ट्रपति बनने का नियम बना**

**अमेरिका** में पहले किसी व्यक्ति के सिर्फ 2 ही बार राष्ट्रपति बनने को लेकर कोई प्रावधान नहीं था। 1951 में संविधान में 22 संशोधन किया गया। इसके तहत ये नियम बनाया गया कि अमेरिका में कोई शख्स सिर्फ 2 बार ही राष्ट्रपति बन सकता है। दरअसल, अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने दो टर्म के बाद रिटायरमेंट ले लिया था। उसके बाद से राष्ट्रपति के दो टर्म से ज्यादा सेवाएं न देने का अनौपचारिक नियम ही बन गया। 31 अमेरिकी राष्ट्रपतियों में से किसी भी राष्ट्रपति ने इस प्रथा को नहीं तोड़ा, लेकिन फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट के दौर में यह नियम टूट गया। वे 1933 से 1945 चार बार राष्ट्रपति चुनकर आए।

# सेंसेक्स 251, निफ्टी 86 अंक गिरा

### ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, रियल्टी शेयरों में बिकवाली

**एजेंसी, मुंबई**

सेंसेक्स में मंगलवार को 251 अंक (0.33%) की गिरावट के साथ 77,017 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 86 अंकों (0.36%) की गिरावट रही, ये 24,032 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, जबकि रियल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। बता दें कि सोमवार, 4 मई को शेयर बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 355 अंक चढ़कर 77,269 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 121 अंक ऊपर रहा, ये 24,119 के स्तर पर बंद हुआ था। कारोबार में रियल्टी, मेटल, फार्मा और ऑटो के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। जबकि आईटी, सरकारी बैंक और मीडिया शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही थी। (अनंत ज्ञान)




**सोना 543 और चांदी 618 रुपए सस्ती**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 5 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 543 रुपए गिरकर 1.47 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 618 रुपए गिरकर 2.39 लाख रुपए पर आ गई है। सोमवार को इसकी कीमत 2.40 लाख रुपए प्रति किलो थी।

# इसराइल ने लेबनान पर फिर किए हमले, 17 लोगों की मौत

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल ने दक्षिण लेबनान पर फिर हमले किए हैं, जिनमें 17 लोगों की मौत हो गई है। सीजफायर के दौरान किये गए हमले में सबसे घातक हमले में से एक बताया जा रहा है। लेबनान सरकार की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार वीरवार से अब तक मारे गए लोगों की संख्या 110 हो गई है।

इसराइल का कहना है कि इसी अवधि में उनके 17 सैनिक मारे गए हैं। उसने आरोप लगाए हैं कि हिजबुल्लाह ने सैकड़ों रॉकेट और ड्रोन दागे हैं। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर सीजफायर का उल्लंघन का आरोप लगाया, इसलिए युद्ध रोके जाने के सारे प्रयास अब तक सफल नहीं हो पाए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2 मार्च से देश में मारे गए लोगों की कुल संख्या 2600 से अधिक बताई है। यह इस ताजा लड़ाई का भयावाह रूप दिखा रही है। बता दें कि अमेरिका में इसराइल और लेबनान के बीच बातचीत चल रही है। दशकों बाद राजदूत-स्तरीय बातचीत अहम है, लेकिन जमीन पर कोई ठोस परिणाम नहीं दिख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**लेबनान ने युद्धविराम तोड़ने के लगाए आरोप**

**इसराइली** सेना का तर्क है कि समझौता उस पर हो रहे हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति देता है। वहीं, लेबनानी अधिकारी उसका विरोध करते हैं। वे इसराइल पर युद्धविराम के बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाते हैं। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह की ड्रोन क्षमताओं को बढ़ता हुआ खतरा बताया है। उन्होंने ये भी माना है कि इससे निपटने में अभी समय समय लगेगा।

## राहुल गांधी का पीए बताकर महिला से 25 लाख रुपए की ठगी

**एजेंसी, देहरादून।** देहरादून में ठग ने राहुल गांधी का पीए बताकर महिला से 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। आरोपियों ने विधानसभा चुनाव में टिकट दिलाने का भरोसा देकर महिला को झांसे में लिया। इस दौरान आरोपी ने महिला को प्रदेश के बड़े नेताओं की आवाज भी सुनाई। भरोसा जीतने के बाद अलग-अलग बहानों से उससे बड़ी रकम वसूली गई, जिसके बाद आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। पीड़िता के अनुसार, जब वादा पूरा नहीं हुआ तो महिला को ठगी का एहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

**◆ विधानसभा चुनाव में टिकट दिलाने का दिया था भरोसा**

# एमपी के दो सांसद साउथ में विधानसभा चुनाव हारे

**एजेंसी, भोपाल**


एल. मुरुगन


जॉर्ज कुरियन

पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में बड़ी जीत मिली है। वहीं, एमपी कोटे से राज्यसभा के दो सांसदों को दक्षिण भारत के चुनावी रण में करारी हार का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन को तमिलनाडु और जॉर्ज कुरियन को केरलम विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है।

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन को भाजपा ने केरलम की कांजीरापल्ली सीट से मैदान में उतारा था। ईसाई बहुल इस इलाके में कुरियन से काफी उम्मीदें थीं, हालांकि कुरियन तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें महज 26984 के करीब वोट मिले। वहीं, मध्य प्रदेश से एक और राज्यसभा सांसद और केंद्रीय सूचना-प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन तमिलनाडु की अविनाशी सीट से किस्मत आजमा रहे थे। तमिलनाडु भाजपा का पूर्व अध्यक्ष होने के नाते यह चुनाव उनकी साख का सवाल था।

मुरुगन ने लड़ाई तो लड़ी, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सके। वे परिणामों में दूसरे नंबर पर रहे। उन्हें 56,200 से ज्यादा वोट मिले, लेकिन विपक्षी उम्मीदवार ने उन्हें बड़े अंतर से हरा दिया। तमिलनाडु में क्षेत्रीय अस्मिता और टीवीके (थलापति विजय की पार्टी) की लहर के आगे मुरुगन का 'दिल्ली कार्ड' काम नहीं आया। (अनंत ज्ञान)

# स्व-गणना प्रक्रिया से जनगणना 2026 को मिलेगा नया आयाम

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** भारत सरकार द्वारा करवाई जा रही जनगणना-2026 के तहत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वयं नेतृत्व किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रीमती गीतिका सिंह, एडीसी (जनरल) तथा डॉ. अंकिता कांसल, सहायक आयुक्त (जनरल) द्वारा स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस अवसर पर एडीसी (जनरल) गीतिका सिंह ने कहा कि जनगणना देश की योजना निर्माण, विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की बेहतर तैयारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) 30 अप्रैल से 14 मई तक की जाएगी। नागरिक https://se.census.gov.in वेबसाइट पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं अपलोड कर सकते हैं, जिसकी बाद में घर-घर जाकर पुष्टि की जाएगी। स्व-गणना के माध्यम से नागरिक घर बैठे ही अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे समय की बचत के साथ-साथ जानकारी की शुद्धता भी सुनिश्चित होती है।

सहायक आयुक्त (जनरल) डॉ. अंकिता कांसल ने बताया कि स्व-गणना प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल है। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और जनगणना प्रक्रिया में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और अन्य विकास योजनाओं के लिए नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाए।

जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को जनगणना-2026 की स्व-गणना प्रक्रिया संबंधी हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस मौके पर रणजीत सिंह (खोज अधिकारी), मास्टर ट्रेनर मुकेश कुमार, तकनीकी सहायक हरलीन कौर और सरबजीत कौर उपस्थित रहे।




# एसबीआई स्टाफ फेडरेशन का देशव्यापी हड़ताल का ऐलान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने अवार्ड स्टाफ से जुड़े लंबित मुद्दों को लेकर 25 और 26 मई 2026 को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। महासंघ का कहना है कि लिपिक और संदेशवाहक वर्ग की कई मांगें लंबे समय से प्रबंधन के पास लंबित हैं, लेकिन समाधान नहीं किया गया। चंडीगढ़ में बैंक के सेक्टर-17 स्थित प्रधान कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आंदोलन को और मजबूत करने का आह्वान किया। संघ ने भर्ती, पेंशन, चिकित्सा सुविधा, ट्रांसफर नीति, आउटसोर्सिंग रोकने और करियर प्रगति योजना में सुधार सहित कई मांगें उठाई हैं। आंदोलन के तहत बैज पहनने, मौन विरोध, सोशल मीडिया अभियान और अंत में हड़ताल जैसे चरणों की घोषणा की गई है।

**◆ 25-26 मई को बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की आशंका**

# सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने पचास करोड़ की छात्रवृत्ति योजना की घोषित

अनंत ज्ञान




**गुरनाम सागर, मोहाली।** सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने 50 करोड़ रुपए की 'सीजीसी यूईटी' छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। साथ ही खेल प्रतिभाओं के लिए 2 करोड़ रुपये की विशेष खेल छात्रवृत्ति भी शुरू की गई है।

यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार, यह योजना केवल वित्तीय सहायता नहीं बल्कि भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली का हिस्सा है, जिसमें उद्योग-आधारित प्रशिक्षण और परिणाम केंद्रित लर्निंग पर जोर दिया गया है।

संस्थान ने एमबीए प्लस जैसे आधुनिक कोर्स और वैश्विक संस्थाओं के सहयोग से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौशल देने की बात कही है। इसके साथ ही 'वेंचर नेस्ट' इनक्यूबेशन सेंटर के जरिए छात्रों को स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यूनिवर्सिटी का दावा है कि उसका फोकस ऐसे पेशेवर तैयार करना है जो तकनीक और उद्योग की चुनौतियों के लिए तैयार हों।

**◆ मेधावी और खिलाड़ियों के लिए बड़ी छात्रवृत्ति, उद्योग-आधारित शिक्षा पर जोर**

# चुनावों में भाजपा की जीत पर सेक्टर 30 में मिठाई बांटकर मनाई खुशी



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भाजपा की शानदार जीत के उपलक्ष्य में आज सुबह सेक्टर-30 के पार्क में सैर करने आए लोगों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने उपस्थित लोगों के बीच मिठाई बांटी और सभी को इस जीत की बधाई दी।

इस मौके पर नरेश अरोड़ा ने कहा कि यह जीत देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने जनता का हृदय से धन्यवाद किया और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण एवं लगन की सराहना की।

नरेश अरोड़ा ने आगे कहा कि जिस प्रकार देशभर में जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है, उसी प्रकार आगामी दिसंबर में होने वाले चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में भी जनता बीजेपी को अपना आशीर्वाद देगी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना विश्वास बनाए रखेगी। इस दौरान सेक्टर-30 के अनेक स्थानीय निवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

# जय जवान जय किसान पार्टी का पंजाब में चुनाव लड़ने का ऐलान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जय जवान जय किसान पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बलजीत सिंह औलख ने इस मौके पर कहा कि पार्टी का उद्देश्य किसानों, जवानों और आम जनता के अधिकारों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में मेजर आरपीएस मल्होत्रा को पार्टी में शामिल कर उन्हें पंजाब अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही यह भी घोषणा की गई कि आगामी विधानसभा चुनाव मेजर मल्होत्रा के नेतृत्व में लड़े जाएंगे। मेजर मल्होत्रा ने कहा कि पंजाब की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था ने जनता से कई वादे किए, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं दिए गए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का फोकस युवाओं, किसानों, कर्मचारियों, महिलाओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर रहेगा। पार्टी ने अपने एजेंडे में स्वास्थ्य और शिक्षा को मुफ्त करने, युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, और अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार की मांग शामिल की है। इसके अलावा अग्निवीरों को पंजाब पुलिस में आरक्षण, शहीद का दर्जा और उनके परिवारों को एक करोड़ रुपये सहायता व नौकरी देने का वादा किया गया है।

किसानों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का विशेष फंड, बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने, और पुरानी पेंशन योजना (ह्क्क) बहाल करने की बात कही गई है। साथ ही नशा और गैंगस्टरवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई, माइनिंग को राज्य निगम के तहत लाने, महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सहायता और मुफ्त बिजली जैसी घोषणाएं भी की गई हैं।

**◆ मेजर आरपीएस मल्होत्रा बने अध्यक्ष**

# श्रीगंगानगर में फिल्मी स्टाइल में पंजाब के दो नशा तस्कर दबोचे

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में पुलिस ने पंजाब से जुड़े दो बड़े नशा तस्करों को एक फिल्मी स्टाइल ऑपरेशन में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई समेजा कोठी थाना क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस को सूचना मिली थी कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए गिराई गई नशे और हथियारों की बड़ी खेप की सप्लाई होने वाली है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की, लेकिन संदिग्ध तस्करों ने एएसआई की बोलेरो को टक्कर मारकर बैरिकेड तोड़ दिया और तेज रफ्तार में भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया और करीब 10 किलोमीटर आगे 75 एनपी मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से सड़क पूरी तरह ब्लॉक कर दी।

दोपहर के समय जब संदिग्ध केआईए सोनेट कार लगभग 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वहां पहुंची तो चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, लेकिन कार सीधे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों आरोपी अलग-अलग दिशाओं में खेतों की ओर भाग गए, हालांकि पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पकड़ लिया गया।

**◆ ड्रोन से आई नशे और हथियारों की खेप का भंडाफोड़**

**◆ नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्कर 10 किलोमीटर पीछा कर पुलिस ने किया गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंजाब के फाजिल्का जिले के महात्मा नगर निवासी कुलविंदर सिंह (27) और रॉबिन सिंह (23) के रूप में हुई है। कुलविंदर सिंह पहले भी नशा तस्करी के मामले में आरोपी रह चुका है। पुलिस ने तलाशी के दौरान 1.5 किलो हेरोइन, 1 किलो अफीम, 5 पिस्टल और 72 कारतूस बरामद किए हैं।

बरामद हथियारों पर पाकिस्तान और चीन के निशान पाए गए हैं। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि यह खेप अंतरराष्ट्रीय सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए गिराई गई थी और पंजाब में सप्लाई के लिए लाई जा रही थी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## सीपीडीएल ने दिवंगत कर्मचारी के परिवार को दिया 25 लाख का आर्थिक सहयोग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सहानुभूति एवं सहयोग की भावना का प्रदर्शन करते हुए सीपीडीएल ने श्री काका सिंह के शोक संतप्त परिवार को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। गौरतलब है कि लंबी बीमारी के बाद 57 वर्ष की उम्र में 16 मार्च को उनका निधन हो गया था। इस मुश्किल समय में परिवार को आर्थिक स्थिरता प्रदान करने के लिए उन्हें चैक सौंपा गया।



काका सिंह सब-डिवीजन नंबर 5 में लाइनमैन के रूप में कार्यरत थे और उन्हें निष्ठापूर्ण सेवा एवं समर्पण के लिए जाना जाता था। सीपीडीएल के मैनेजमेंट ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। यह पहल कर्मचारियों के कल्याण के लिए सीपीडीएल की प्रतिबद्धता और जरूरत के समय उनके परिवारों के साथ खड़े रहने की जिम्मेदारी को दर्शाती है। संवेदना व्यक्त करते हुए, सीपीडीएल के निदेशक ने कहा कि हमें खेद है कि हमने अपने एक मूल्यवान कर्मचारी को खो दिया है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं काका सिंह के परिवार के साथ हैं। दुख की इस घड़ी सीपीडीएल उनके साथ मजबूती से खड़ा है और अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को यथासंभव हर जरूरी सहयोग प्रदान के लिए प्रतिबद्ध है।''

अमरीक सिंह, अध्यक्ष, और गोपाल दत्त जोशी, महासचिव, यूटी पावरमैन यूनियन चंडीगढ़ ने कर्मचारियों और उनके कल्याण के प्रति सीपीडीएल के प्रयासों एवं प्रतिबद्धता की सराहना की।

## स्पोर्ट्स विंडो

### देवताले के शानदार प्रदर्शन से भारतीय पुरुष टीम ने शीर्ष तीन में बनाई जगह

**तीरंदाजी विश्व कप**

**एजेंसी, शंघाई।** पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग में व्यक्तिगत वर्ग के शीर्ष 10 में जगह बनाई और भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम को तीसरे स्थान तक पहुंचाया। देवताले ने 711 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया और भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे रहे। साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए, लेकिन कम 'इनर-10' के कारण वह देवताले से पीछे रहे। कुशल दलाल 18वें स्थान पर रहे, जिससे भारत को टीम स्पर्धा में तीसरी वरीयता मिली। हालांकि, अभिषेक वर्मा 705 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहे और टीम में जगह नहीं बना सके, लेकिन वह व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में खेलेंगे। महिला कंपाउंड वर्ग में अदिति स्वामी 700 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहीं। प्रगति (19वें) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (21वें) के साथ भारत को टीम स्पर्धा में पांचवीं वरीयता मिली। देवताले और अदिति स्वामी की जोड़ी मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। दोनों ने मिलकर 1411 अंक बनाए और छठी वरीयता हासिल की। रिकर्व वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान रॉयल्स की बोली हारना निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का प्रतिबिंब नहीं : सोमानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व को लेकर बोली प्रक्रिया के बाद विवाद गहरा गया है। अमेरिका स्थित काल सोमानी के नेतृत्व वाले समूह ने हार पर 'गहरी निराशा' जताते हुए दावा किया कि अंतिम नतीजा निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को नहीं दर्शाता। समूह ने स्पष्ट किया कि उसने बोली प्रक्रिया से पीछे हटने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वह पूरी तरह वित्तपोषित था और सौदा पूरा करने के लिए तैयार था। राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अनुसार, उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल, उनके बेटे आदित्य मित्तल और अदार पूनावाला के समूह ने 1.65 बिलियन डॉलर में बड़ी हिस्सेदारी हासिल की। सोमानी समूह ने 1.63 बिलियन डॉलर की बोली लगाई थी। सोमानी समूह का कहना है कि छह महीने की प्रक्रिया के दौरान वह लगातार प्रमुख दावेदार रहा और उसे भरोसा था कि उसकी बोली को मंजूरी मिलेगी। हालांकि, अंतिम समय में फैसले ने उन्हें चौंका दिया। समूह ने कहा कि उसने पूरी प्रक्रिया ईमानदारी और पेशेवर तरीके से पूरी की, लेकिन परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। नए समझौते के तहत मित्तल परिवार के पास लगभग 75% और पूनावाला के पास 18% हिस्सेदारी होगी, जबकि शेष हिस्सेदारी मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### मर्फी को 18-17 से हराकर वू यीजे बने स्नूकर विश्व चैंपियन

**एजेंसी, शेफील्ड।** चीन के 22 वर्षीय वू यीजे ने रोमांचक फाइनल में ब्रिटेन के शॉन मर्फी को 18-17 से हराकर स्नूकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। यह जीत उन्हें स्टीफन हेंड्री के बाद टूर्नामेंट का दूसरा सबसे युवा विजेता बनाती है। हेंड्री ने 1990 में 21 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। वू चीन के दूसरे विश्व चैंपियन भी बन गए हैं। मुकाबला बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां दोनों खिलाड़ी 14-14, 15-15 और 16-16 की बराबरी पर थे। निर्णायक फ्रेम में वू ने 85 का ब्रेक लगाकर जीत अपने नाम की।शॉन मर्फी ने हार के बावजूद वू की उपलब्धि की सराहना की और कहा कि मुकाबला बेहद करीब था तथा उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

### श्रेयंका पाटिल का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** श्रेयंका पाटिल भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे होनहार युवा प्रतिभाओं में से एक हैं। अपने स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाने वाली, उन्होंने मैदान पर अपने कौशल और मैदान के बाहर अपने आकर्षक व्यक्तित्व के लिए ध्यान आकर्षित किया है।



**आईपीएल** पंजाब किंग्स को सनराइजर्स के खिलाफ बल्लेबाजी में करना होगा सुधार

# सनराइजर्स के सामने पंजाब की कड़ी परीक्षा आज

**एजेंसी, हैदराबाद**




पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार झेलने वाली पंजाब किंग्स को अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में आक्रामक लय फिर से हासिल करनी होगी। लगातार छह जीत के बाद पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई। इन हारों ने टीम की कमजोरियों को उजागर किया है, जिन्हें वह जल्द दूर करना चाहेगी। नौ मैचों में 13 अंकों के साथ पंजाब भले ही तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स उससे केवल एक अंक पीछे हैं। ऐसे में अब गलती की गुंजाइश बेहद कम रह गई है।

हालिया हार में बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन मुख्य कारण रहा। इससे पहले टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी से शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके चलते गेंदबाजी की कमियां दब गई थीं। हालांकि, अब शीर्ष क्रम की कमजोरी सामने आई है। प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की युवा तिकड़ी का आक्रामक रवैया लापरवाही में बदल गया, जिससे टीम को शुरुआती झटके लगे और मध्यक्रम पर दबाव बढ़ा। मध्यक्रम भी इस दबाव में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में गेंदबाजी भी औसत रही है। जीत के दौरान भी गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को रन बनाने के मौके दिए और डेथ ओवरों में अनुशासन की कमी एक बड़ी समस्या रही है। टूर्नामेंट के अहम दौर में पंजाब को हैदराबाद के खिलाफ बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा और स्पष्ट रणनीति के साथ उतरना होगा।

वहीं, तीसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद पिछली हार से उबरने के इरादे से मैदान में उतरेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार से उसका पांच मैचों का जीत का सिलसिला टूट गया था। सनराइजर्स की बल्लेबाजी मजबूत है। ट्रैविस हेड और ईशान किशन के अलावा अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाज टीम को मजबूती देते हैं।

कप्तान पैट कमिंस की वापसी से टीम की गेंदबाजी भी मजबूत हुई है और तेज गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए अहम होगा, जहां पंजाब किंग्स वापसी की कोशिश करेगी, जबकि सनराइजर्स जीत की राह पर लौटना चाहेगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, रविचंद्रन अश्विन, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, हर्ष दुबे, क्रेंस फुलेट्रा, लियाम लिविंगस्टोन, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, शिवम मावी, शिवांग कुमार, अमित कुमार, गेराल्ड कोएत्जी, प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, ओंकार तरनाले, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद।

## भारत आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी, दुबई**

तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था। साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी।

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को 50 प्रतिशत भार दिया गया है।'' आईसीसी ने कहा, ''275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है।''

दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं। आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि, श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं।

आईसीसी ने कहा, ''उत्तरी अमेरिका में क्रिकेट की उभरती हुई शक्ति अमेरिका ने छह अंक हासिल करते हुए दो स्थान की छलांग लगाई है। वह 13वें स्थान पर पहुंच गया है और उसने नीदरलैंड (14वें) तथा स्कॉटलैंड (15वें) को पीछे छोड़ दिया है।'' आईसीसी ने कहा, ''नामीबिया 16वें स्थान पर बरकरार है, जबकि नेपाल (17वें) और ओमान (19वें) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने क्रमशः यूएई (18वें) और कनाडा (20वें) को पीछे छोड़ा।'' आईसीसी ने साथ ही बताया कि रैंकिंग में शामिल टीम की संख्या 102 से घटकर 98 हो गई है क्योंकि पिछले तीन साल में जरूरी आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने में नाकाम रहने के कारण फिजी, गाम्बिया, यूनान और इजराइल इस सूची में जगह नहीं बना पाए। (अनंत ज्ञान)

**पाकिस्तान हॉकी टीम के कोच बोले-**

## 2019 में प्रो-लीग में न खेलने से हुआ नुकसान

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान की हॉकी टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच मंजूर उल हसन का मानना है कि उनके देश ने 2019 में पहले एफआईएच प्रो-लीग में भाग न लेकर गलती की, क्योंकि इससे खिलाड़ी शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बहुमूल्य अनुभव हासिल करने से वंचित हो गए।

पाकिस्तान को एफआईएच प्रो-लीग के पहले सत्र से बाहर कर दिया गया था क्योंकि उसने अपने पहले तीन मैच छोड़ दिए थे। इसके कारण उसे प्रो लीग की शीर्ष श्रेणी में जगह बनाने के लिए कम रैंकिंग वाली टीमों के साथ द्वितीय श्रेणी के नेशंस कप में खेलना पड़ा। पूर्व ओलंपियन ने मंगलवार को कहा, ''2019 में जब एफआईएच प्रो-लीग शुरू हुई थी तब उसमें न खेलना गलती थी। इससे हमारे खिलाड़ियों ने शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को परखने का बहुमूल्य मौका गंवा दिया।''

हसन ने कहा, ''अगर आप अन्य टीमों को देखें तो वे 2019 से प्रो लीग में खेल रही हैं। हम उसमें हिस्सा नहीं ले पाए और हमारे खिलाड़ियों को निम्न रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।'' पाकिस्तान को प्रो-लीग के अगले चरण में बेल्जियम, स्पेन, भारत और इंग्लैंड सहित शीर्ष टीमों का सामना करना है। उसकी टीम अभी यहां अभ्यास शिविर में भाग ले रही है।

## रोहित चोट से जल्दी उबर जाते तो मुंबई की स्थिति इस समय बेहतर होती : हरभजन

**एजेंसी, मुंबई।** पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से जल्दी उबर जाते तो मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की बेहतर स्थिति में होती। रोहित ने चोट से



उबरने के बाद सोमवार को यहां वापसी की और 84 रन की तूफानी पारी खेली। इससे उनकी टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 229 रन का लक्ष्य हासिल करके छह विकेट से जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित 12 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण बाहर हो गए थे और इसके बाद पांच मैचों में नहीं खेल पाए थे। हरभजन ने जियोहॉटस्टार से कहा, ''मैदान पर रहना महत्वपूर्ण होता है। डगआउट में बैठे रहने से आप ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। लेकिन मैदान पर रहकर आप अंतर पैदा कर सकते हैं और रोहित शर्मा ने यही किया।'' उन्होंने कहा, ''बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए मजबूत नींव की जरूरत होती है और उन्होंने न सिर्फ अच्छी नींव रखी बल्कि उसे आगे भी बढाया। अगर उन्होंने शतक बना लिया होता तो और भी अच्छा होता, लेकिन जितने समय तक वह क्रीज पर रहे, उन्होंने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया।'' हरभजन ने कहा, ''काश उनकी चोट थोड़ी जल्दी ठीक हो जाती। कौन जानता है, जब उनकी टीम लगातार हार रही थी तो हो सकता था कि वह एक-दो मैच जीत लेते और प्रतियोगिता में बने रहते।'' (अनंत ज्ञान)

## भारतीय अंडर-18 पुरुष-महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी सीरीज

**एजेंसी, भोपाल**



भारत की पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीम एशिया कप की तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक यहां चार मैचों की सीरीज खेलेंगी।

यह सीरीज इस महीने के आखिर में जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के लिए यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के केंद्र में 19 अप्रैल से अभ्यास शिविर भी लगाया गया था।

पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, ''इस शिविर के दौरान मुख्य ध्यान सभी विभागों में खिलाड़ियों के बुनियादी कौशल और क्षमता को मजबूत करने पर रहा है, ताकि वे आधुनिक हॉकी की जरूरतों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच हमारी तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।'' महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तर पर खेलने और अंडर-18 एशिया कप की तैयारी करने का शानदार मौका होगा। यह प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अपनी क्षमता और अपने अनुभव का प्रदर्शन करने का अवसर है।'' (अनंत ज्ञान)

## कप्तानी करना आसान नहीं है पंत पर काफी दबाव है : लैंगर

**एजेंसी, मुंबई**



लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 27 करोड़ रुपए की कीमत हमेशा अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं देती, लेकिन ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम की कप्तानी करने से पड़ने वाले दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह बात तब कही जब उनकी टीम प्ले-ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में पंत एलएसजी के उन बल्लेबाजों में शामिल थे जो निकोलस पूरन (63) और मिचेल मार्श (44) से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। एलएसजी का स्कोर आठ ओवर में एक विकेट पर 123 रन था, लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 228 रन ही बना पाई और उसे छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। एलएसजी ने पंत को मोटी धनराशि में अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लैंगर ने एलएसजी की हार के बाद यहां पत्रकारों से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इसका किसी तरह की धनराशि से कोई संबंध है। कप्तान का पद संभालना आसान नहीं होता है और उन पर काफी दबाव रहता है। वह लगातार अपनी तरफ से अच्छा प्रयास कर रहा है और कड़ी मेहनत कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जब हम उसे मुस्कुराते हुए और जोशीले अंदाज में खेलते हुए देखते हैं तो हमें बहुत अच्छा लगता है। वह फॉर्म में वापसी करने से ज्यादा दूर नहीं है।'' लैंगर ने कहा कि पंत चुनौतियों का डटकर सामना करते रहेंगे।

उन्होंने कहा, ''हमने दो दिन पहले यहां एक अभ्यास मैच खेला था और पंत ने लगभग 40 या 30 गेंदों में 95 रन बनाए थे। उसे देखकर लगता है कि यह ऋषभ पंत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।'' लैंगर ने कहा, ''हमने उन्हें टेस्ट क्रिकेट में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए दूसरी टीम पर हावी होते हुए देखा है। उन्होंने दो दिन पहले जिस तरह से बल्लेबाजी की वह टीम के लिए अच्छा संकेत है। उम्मीद है कि वह आगे हमें मैच जिताएंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी का टीएमसी से मोहभंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस के विधायक मनोज तिवारी ने पार्टी से अलग होने के संकेत देते हुए कहा कि उनके लिए टीएमसी का अध्याय अब खत्म हो चुका है। तिवारी ने आरोप लगाया कि उन्हें हावड़ा की शिबपुर सीट से टिकट इसलिए नहीं दिया गया, क्योंकि उन्होंने पांच करोड़ रुपए देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस बार कई उम्मीदवारों ने टिकट के लिए मोटी रकम चुकाई।

**◆ टिकट के लिए पैसे मांगने का आरोप**

उन्होंने पार्टी की हार पर कहा कि यह नतीजा चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि भ्रष्टाचार और विकास की कमी ने जनता का भरोसा तोड़ा है। तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की कमी है और उन्हें मंत्री पद के बावजूद काम करने की पूरी स्वतंत्रता नहीं मिली। हावड़ा में बुनियादी समस्याओं, खासकर ड्रेनेज सिस्टम को लेकर उन्होंने निराशा जताई और कहा कि बार-बार प्रयास के बावजूद सुधार नहीं हुआ।

जबरन वसूली के आरोपों को खारिज करते हुए तिवारी ने कहा कि उनके पास पर्याप्त संसाधन हैं और ऐसे आरोप बेबुनियाद हैं। अब वह क्रिकेट में कोचिंग करियर पर ध्यान देना चाहते हैं और बंगाल रणजी टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## मैनचेस्टर सिटी ने ड्रॉ खेला, आर्सेनल की खिताब जीतने की बढ़ी संभावना

**एजेंसी, लिवरपूल**



जेरेमी डोकु के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की स्थिति मजबूत हो गई।

इस ड्रॉ के साथ सिटी का लगातार तीन जीत का सिलसिला टूट गया और वह अब आर्सेनल से पांच अंक पीछे हो गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 और सिटी के 34 मैच में 71 अंक हैं। डोकु ने मैच के बाद कहा,''यह परिणाम निराशाजनक है, लेकिन अभी काफी मैच खेले जाने हैं और कुछ भी हो सकता है। आज हमने दो अंक गंवा दिए, लेकिन हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।''

डोकु ने 43वें मिनट में सिटी के लिए पहला गोल किया था, जबकि एर्लिंग हॉलैंड ने 83वें मिनट में दूसरा गोल दागा। एवर्टन की तरफ से थिएर्नो बैरी ने दो (68वें और 81वें मिनट) और जैक ओब्रायन (73वें) ने एक गोल किया। इससे पहले चेल्सी को प्रीमियर लीग में लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। नॉटिंघम फॉरेस्ट से 3-1 से हारने के बाद चैंपियंस लीग में क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। (अनंत ज्ञान)

## बल्लेबाजी में रोहित से सीख लेता हूं, हम एक-दूसरे के पूरक हैं : रयान रिकेलटन

**एजेंसी, मुंबई**



**◆ मुंबई की ओपनिंग जोड़ी चमकी, रोहित के शॉट्स पर बोले- सपने में भी नहीं सोच सकता**

मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेलटन ने कहा कि वह रोहित शर्मा से लगातार सीख रहे हैं और दोनों की जोड़ी एक-दूसरे के खेल को बेहतर संतुलन देती है।

रिकेलटन (83) और रोहित (84) ने पहले विकेट के लिए शानदार शतकीय साझेदारी कर टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाई। इस साझेदारी ने टीम की मजबूत शुरुआत सुनिश्चित की और मैच पर पकड़ बनाई।

रिकेलटन ने कहा कि उन्होंने रोहित से सिर्फ टी20 ही नहीं, बल्कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट की बल्लेबाजी की बारीकियां भी सीखी हैं। उन्होंने विशेष रूप से दबाव में शांत रहने, परिस्थिति के अनुसार खेल को ढालने और अपनी क्षमता पर भरोसा बनाए रखने को अहम बताया। उन्होंने कहा कि बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाज के संयोजन के रूप में उनकी जोड़ी विपक्षी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाती है। दोनों अलग-अलग क्षेत्रों में शॉट खेलते हैं, जिससे गेंदबाजों के लिए लाइन-लेंथ तय करना मुश्किल हो जाता है।

रिकेलटन ने रोहित की तारीफ करते हुए कहा कि वह कुछ ऐसे शॉट खेलते हैं, जिनकी कल्पना करना भी मुश्किल है। उनके अनुभव और आक्रामकता से टीम को काफी फायदा मिलता है।

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि क्विंटन डीकॉक की मौजूदगी के कारण उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था, लेकिन मौके का फायदा उठाकर वह खुद को साबित करने में सफल रहे।

कप्तान हार्दिक पांड्या की चोट को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि वह जल्द टीम में वापसी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** राहुल ने 'सिर्फ टेस्ट खिलाड़ी' की धारणा तोड़ने को बताया बड़ी उपलब्धि

# टी20 में खुद को साबित कर खुश हैं केएल राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि विशेषकर उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर के मामले में हालात हमेशा उनके मन मुताबिक नहीं रहेंगे लेकिन उन्हें खुशी है कि वह स्वयं को टेस्ट विशेषज्ञ मानने की धारणा को 'तोड़ने' में कामयाब रहे हैं।

इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने पिछले महीने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 64 गेंद पर नाबाद 152 रन बनाए थे जो इस प्रारूप में उनके लगातार बेहतर प्रदर्शन का नमूना है। कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने 2022 के बाद से भारत के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है, लेकिन वह टेस्ट और वनडे में नियमित रूप से खेलते हैं। राहुल ने जियोस्टार से कहा, ''दस साल पहले मैं टी20 टीम का हिस्सा बनने के लिए कुछ भी करने को तैयार था। मुझे कभी टी20 खिलाड़ी के रूप में नहीं आंका गया और न ही मुझे सीमित ओवरों का अच्छा खिलाड़ी माना गया। मुझे तो केवल टेस्ट खिलाड़ी के रूप में ही देखा जाता था।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए उस सांचे से बाहर निकलना, सीमित ओवरों के अपने खेल को बेहतर बनाना और यहां तक पहुंचना मेरे लिए वाकई गर्व की बात है। इस दौरान मैंने गलतियां भी की हैं और ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें मैं बेहतर कर सकता था।''

राहुल ने कहा, ''लेकिन, मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और सफलता सुनिश्चित करने के लिए यथासंभव अच्छी तैयारी की है। खेल ऐसा ही होता है। हालात हमेशा आपके पक्ष में नहीं होते हैं।'' राहुल ने कहा कि उन्होंने नतीजों की परवाह किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा, ''आपको इसे सहजता से लेना होगा और इस सफर का आनंद लेना होगा। मेरे पास अभी भी कुछ समय बचा है। इसलिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता रहूंगा और देखूंगा कि मैं कितनी ट्रॉफियां जीत सकता हूं।'' राहुल पिछले साल पिता बने जब उनकी अभिनेत्री पत्नी अथिया शेट्टी ने एक बेटी को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि इस नई भूमिका से उनके क्रिकेट करियर को भी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, ''पिता बनना मेरे लिए सबसे खूबसूरत अनुभव रहा है। मुझे लगता था कि मेरे जीवन में शांति और खुशी है, लेकिन मैं गलत था। जब तक आप अपने बच्चे को गोद में नहीं लेते, तब तक आपको सच्ची खुशी, शांति या आनंद का अनुभव नहीं होता।''

राहुल ने कहा, ''जब मैं उसकी मुस्कान देखता हूं, जब वह मुझे गले लगाती है और चूमती है, तो मैं सब कुछ भूल जाता हूं। इससे मुझे क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली। मैं अब खेल के बारे में ज्यादा नहीं सोचता, जिससे यह फिर से रोमांचक हो गया है।'' (अनंत ज्ञान)